kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-336 ❑ बुधवार, 10 जनवरी 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य पूरा हो, इसके लिए प्रत्येक राज्य को विकसित होना होगा। नरेंद्र मोदी भारत को एक महाशक्ति के रूप में विकसित करने में प्रत्येक नागरिक के योगदान को महत्व देते हैं और उसे रेखांकित करते हैं।

पीयूष गोयल

प्रधानमंत्री के खिलाफ किसी विदेशी की टिप्पणी स्वीकार्य नहीं: पवार 11

देवेंद्र शास्त्री राष्ट्रवादी राजनीति के प्रमुख थे : महेंद्र भट्ट 12

## संक्षेप

### एनईईटी-पीजी 2024 परीक्षा सात जुलाई को आयोजित की जायेगी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर (एनईईटी-पीजी) 2024 की परीक्षा में दो महीने की देरी हो गयी है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ( एनबीईएमएस) ने मंगलवार को कार्यक्रम जारी करते हुए यह जानकारी दी। एनईईटी-पीजी 2024 परीक्षा का आयोजन पहले अस्थायी रूप से 3 मार्च, 2024 को आयोजित करने के लिये अधिसूचित किया गया था, अब कार्यक्रम को पुनर्निर्धारित किया गया है। एनईईटी-पीजी 2024 अब सात जुलाई 2024 को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में बताया गया है कि एनईईटी-पीजी 2024 में उपस्थित होने की पात्रता के लिये कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त 2024 होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस सिफारिश के पीछे कोरोना संकट का व्यवधान प्रमुख चिंताओं में से एक है और विद्यार्थी जून-जुलाई 2024 तक अपनी इंटर्नशिप पूरी कर लेंगे। एनईईटी पीजी एक पात्रता-सह-रैंकिंग परीक्षा है, जो एनएमसी अधिनियम 2019 के तहत डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी), मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस) और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये एकल प्रवेश परीक्षा के रूप में कार्य करती है।

### आगरा के कमिश्नर समेत छह आईपीएस के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के छह अधिकारियों का तबादला कर दिया है। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि आगरा के पुलिस आयुक्त डा प्रीतिन्दर सिंह को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध किया गया है जबकि उनके स्थान पर वर्ष 2005 बैच के आईपीएस जे रविन्द्र गौड़ को भेजा गया है। श्री गौड़ अब तक गोरखपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पद पर तैनात थे। उन्होने बताया कि गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस आयुक्त सुरेश राव ए कुलकर्णी को श्री गौड़ के स्थान पर गोरखपुर परिक्षेत्र का आईजी नियुक्त किया गया है वहीं पुलिस उपमहानिरीक्षक. पुलिस अधीक्षक उप्र कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें के पद पर तैनात शिवहरि मीणा अब गौतमबुद्धनगर को कुलकर्णी की जगह गौतमबुद्धनगर का अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा प्रयागराज परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक चंद्रप्रकाश द्वितीय को इसी पद पर अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।

### पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा से लुढ़का दिन का पारा

लखनऊ। हिमालयी क्षेत्रों से आ रही उत्तर पश्चिमी बर्फीली हवा ने उत्तर प्रदेश में दिन में भी गलन और ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार अब रात के तापमान में गिरावट आएगी। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रात का तापमान दो से तीन डिग्री गिर सकता है। मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में रात के तापमान में ज्यादा गिरावट के आसार हैं।

# श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 'राष्ट्रीय उत्सव' : योगी

## प्राण प्रतिष्ठा के दिन स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे, 22 जनवरी को मांस-मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध, आतिशबाजी की तैयारी करें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

अयोध्या-लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर 22 जनवरी को प्रदेश में सभी शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर को राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए और उन्होंने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद, आयुक्त सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक-दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाने की आवश्यकता है। कुंभ की तर्ज पर अयोध्या में 25-50 एकड़ में एक भव्य टेंट सिटी तैयार कराएं।



**समीक्षा**

- ❑ अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने परखीं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां, कहा सफाई व सुरक्षा से समझौता नहीं
- ❑ 22 जनवरी को सभी सरकारी भवनों की साज-सज्जा कराई जाए : मुख्यमंत्री
- ❑ 14 जनवरी को अयोध्या में मुख्यमंत्री प्रारंभ करेंगे स्वच्छता अभियान

**तैयारी**

- ❑ मुख्यमंत्री का निर्देश, पहले से ही तय होना चाहिए वीवीआईपी के विश्राम स्थल
- ❑ अयोध्याधाम आने वाले श्रद्धालुओं-पर्यटकों को नव्य, दिव्य, भव्य अयोध्या की महिमा से परिचय कराने तैनात करें टूरिस्ट गाइड, अयोध्या में निवासरत बाहरी लोगों का कराएं सत्यापन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसमें जनसहयोग लें। धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ जैसे प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। अभी 3800 से अधिक स्वच्छता कर्मी तैनात हैं, 1500 कर्मचारियों की संख्या और बढाएं। अयोध्या प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त नगर हो, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। 14 जनवरी से नगर में स्वच्छता विषयक विशेष अभियान चलाएं। नगर में कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों, प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। सभी सरकारी भवनों की साज-सज्जा कराई जाए। सायंकाल आतिशबाजी के भी प्रबंध हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या नगर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण हो। इसके लिए मोबाइल वैन,एलईडी स्क्रीन आदि की व्यवस्था हो। अयोध्याधाम में बड़ी संख्या में बाहरी लोग भी निवास कर रहे हैं। ऐसे लोगों का सत्यापन करते हुए नगर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पुलिस पिकेट बढाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ की थीम आधारित सजावट कराएं। यह उत्सव, आनंद का ऐतिहासिक अवसर है। ऐसे प्रयास करें कि हर आगंतुक, श्रद्धालु, पर्यटक सुखद अनुभव लेकर जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी टेंट सिटी में 10-10 बेडे का स्वास्थ्य केंद्र तैयार कराएं। इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन भी सहयोग के लिए उत्सुक हैं। यहां एम्बुलेंस की तैनाती हो। विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों को अयोध्या ने तैनात करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का मैने अवलोकन किया है। यहां अच्छी व्यवस्था है। साफ सफाई का ध्यान रखें। यहां ठहरने वालों को गर्म पानी मिले। टेंट सिटी में खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग तथा मंडी परिषद द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैन बसेरे को और व्यवस्थित करें। कई स्थानों पर इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। धर्मनगरी में रात्रि विश्राम करने वाला एक भी व्यक्ति ठंड से ठिठुरता न मिले। राहत आयुक्त इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में लोगों का आगमन हो रहा है। ऐसे में लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर से अयोध्या मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में तैयार रखा जाए। वाहन चलते रहें, खड़े न रहें। इन मार्गों को रामायण, रामचरितमानस के श्लोकों, चौपाइयों, दोहों से आकर्षक बनाएं। विभिन्न भाषाओं में साइनेज भी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 22 जनवरी के समारोह के लिए पार्किंग और यातायात प्रबंधन की बेहतर कार्ययोजना बनाएं। अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो। आगंतुकों के आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक बसों की पर्याप्त उपलब्धता हो। इनकी पार्किंग के इंतजाम कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का डिजिटल टूरिस्ट एप विकसित कर इसी सप्ताह तैयार करा लें। इसमें अयोध्या में मौजूद सभी आधारभूत सुविधाओं एवं प्रमुख स्थलों की जानकारी वॉक थ्रू के माध्यम से उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में पूरी दुनिया से लोग आने वाले हैं। यहां तैनाती पाने वाले पुलिस कर्मियों का व्यवहार प्रदेश की छवि प्रभावित करने वाला होगा। ऐसे में उनकी काउंसिलिंग की जाए। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से सतत संपर्क बनाए रखें। अयोध्याधाम ● शेष पेज 11 पर

### योगी ने रामलला व हनुमानगढ़ी मन्दिर में किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** नए साल में रामनगरी की पहली यात्रा पर मंगलवार को आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे पहले हनुमानगढ़ी गए। यहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री रामलला के दरबार में गए और शीश नवाया। सीएम ने यहां प्रदेशवासियों के सुखी-स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। इसके पहले मुख्यमंत्री ने 29 दिसंबर को यहां पूजन-अर्चन किया था।

# 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए सरकार संजीदा : मान

## मुख्यमंत्री ने 520 क्लर्कों को सौंपे नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को पंजाब राज्य सहकारी बैंक में नए भर्ती हुए 520 क्लर्कों-कम-डेटा एंट्री ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

यहाँ टैगोर थियेटर में नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह उनकी सरकार का पहला समारोह नहीं है क्योंकि राज्य सरकार अब तक ऐसे कई समारोह करके 40 हजार से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र बाँट चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब की पुरातन शान बहाल करके फिर 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए संजीदा प्रयास कर रही है।श्री मान ने कहा कि राज्य के लगभग हरेक दूसरे गाँव को महान गुरू साहिबान की चरण स्पर्श प्राप्त है और पंजाब की धरती ने बहादुर पुत्र पैदा किए हैं, जिन्होंने अपने मुल्क की ख़ातिर अपना जीवन



कुर्बान कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबी पैदायशी उद्यमी होते हैं और इनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं और इसी कारण दुनिया भर में पंजाबियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि पंजाबियों की सख़्त मेहनत का कोई सानी नहीं, जिस कारण आज पंजाबी हरेक क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि पंजाबियों के इस जज़्बे का लाभ राज्य की तरक्की और ख़ुशहाली के लिए भी उठाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने एक निजी कंपनी जी.वी.के. पावर की मल्कीयत वाला गोइन्दवाल पावर प्लांट 1080 करोड़ रुपए की लागत के साथ खरीद कर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि अब पहली बार उल्टा रुझान शुरू हुआ है कि सरकार ने कोई प्राईवेट पावर प्लांट खरीदा है, जबकि पहले राज्य सरकारें सरकारी जायदादें पसंदीदा व्यक्तियों को 'कौड़ी' के भाव ● शेष पेज 11 पर

### ईडी ने राबड़ी देवी, मीसा भारती और अन्य के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में आरोप पत्र दाखिल किया, जिसमें बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी सांसद बेटी मीसा भारती, हिमा यादव और अन्य का नाम शामिल है। राउज एवेन्यू न्यायालय ने ईडी को मंगलवार को ही आरोप पत्र और दस्तावेजों की ई-कॉपी भी दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले को आगामी 16 जनवरी को संज्ञान के लिए सूचीबद्ध किया है। ईडी ने अमित कत्याल और हृदयानंद चौधरी का भी नाम आरोपपत्र में शामिल किया है जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव से जुड़े हुए हैं। उन्हें ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार भी किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नौकरी के बदले जमीन मामले में श्री लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार और कई अन्य लोगों की जांच कर रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर

# महिला सीईओ ने की 4 साल के बेटे की हत्या

एजेंसी

पणजी। गोवा के होटल में हत्या, सीसीटीवी फुटेज से सुराग और कर्नाटक में गिरफ्तारी। जिसकी हत्या हुई और जो गिरफ्तार हुआ, दोनों की पहचान उजागर होने पर हर कोई हैरान रह गया। यकीन करना मुश्किल है कि मां ने अपने चार साल के बच्चे की हत्या कर दी।

नॉर्थ गोवा में कैंडोलिम में स्थित है सोल बनयान ग्रांडे होटल। इस सोमवार को 39 साल की सूचना सेठ ने यहां से चेकआउट किया। इसके बाद होटल का स्टाफ कमरे में पहुंचा, साफ़-सफाई के लिए। लेकिन, वहां खून के धब्बे मिले। आशंकाओं से भरे होटल स्टाफ ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

जब कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो पता चला कि होटल में चेक-इन करते समय सूचना के साथ उसका बेटा भी था। लेकिन, चेक-आउट में वह बेटा दिखा नहीं। पुलिस को शक हुआ और उसने सूचना से फोन पर बात की। होटल में चेक-इन करते समय सूचना ने फोन नंबर दिया था। पुलिस पूछताछ में सूचना ने कहा कि उसका बेटा एक दोस्त के घर है। हालांकि जो पता उसने बताया था, वह फर्जी निकला। इससे पुलिस को पक्का शक हो गया कि ● शेष पेज 11 पर



- ❑ गोवा से शव लेकर बेंगलुरु जाते समय गिरफ्तार, होटल में खून मिलने से खुलासा
- ❑ पुलिस ने कैब ड्राइवर की मदद से गिरफ्तार किया

# द्रौपदी मुर्मू ने शमी सहित अन्य को खेल पुरस्कारों से नवाजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जहां क्रिकेटर मोहम्मद शमी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पहुंचे।

बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया। उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी जीता। यह पुरुष जोड़ी वर्तमान में मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेल रही है और इसलिए समारोह में शामिल नहीं हुई। हॉकी के महान



खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आम तौर पर 29 अगस्त को होने वाले खेल पुरस्कार समारोह को पिछले साल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों के कारण स्थगित कर दिया गया था। राष्ट्रपति भवन में समारोह में 26 खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पिछले साल दुनिया की नंबर एक जोड़ी बनने वाले चिराग और सात्विक की नजरें पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं। फिलहाल दूसरी विश्व रैंकिंग पर काबिज इस जोड़ी का इस साल होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करना लगभग तय है। टखने की चोट से उबर रहे शमी सम्मान हासिल करने के लिए समारोह में मौजूद थे।

● शेष पेज 11 पर


## योगी सरकार बना रही दुनिया की सबसे बड़ी 'सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन'

# रामनगरी में टूटेगा सऊदी अरब का वर्ल्ड रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अयोध्या अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त कर नया विश्व रिकार्ड बनाएगी। अयोध्या को सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर तैयार किया जा रहा है, उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेख होने वाला है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही 'दुनिया की सबसे बड़ी सोलर संचालित स्ट्रीट लाइट्स लाइन' परियोजना को पूर्ण कर विश्व रिकार्ड बनाएगी।

इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगा कर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। फिलहाल, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके



वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा। अयोध्या का नाम यूं तो दीपोत्सव को लेकर पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। मगर अब अयोध्या में सौर ऊर्जा के जरिए भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी के पहले ही अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष 30 प्रतिशत कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के तहत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स को इम्पैनल्ड कर रोलआउट कर दिया गया है। गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के स्ट्रेच में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य जारी है। यह सभी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें एलईडी बेस्ड हैं जो कि 4.4 वॉट पावर पर कार्य करती हैं और स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं। इनके इंस्टॉलेशन के जरिए लक्ष्मण घाट से लेकर निर्मली कुंड तक 10.2 किमी का स्ट्रेच दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा। योगी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है ● शेष पेज 11 पर

- ❑ अभी सऊदी अरब में है सबसे लंबी सोलर स्ट्रीट लाइट्स लाइन
- ❑ लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अयोध्या का नाम होगा दर्ज
- ❑ सीएम योगी के विजन अनुसार बनी विस्तृत कार्ययोजना को यूपीनेडा कर रहा क्रियान्वित

# प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओं को फीलगुड कराएगा परिवहन विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ रामोत्सव के दौरान अयोध्या में यातायात की आदर्श व्यवस्था सुनिश्चित कर रही योगी सरकार
- ❒ टैक्सी एवं बस ड्राइवरों को यातायात के साथ ही अच्छे बिहेवियर के लिए दिया जा रहा है प्रशिक्षण
- ❒ चालकों को टूरिस्ट्स के प्रति व्यवहार, अनिवार्य रूप से वर्दी धारण करने के लिए किया गया प्रोत्साहित
- ❒ किसी भी तरह के नशे या पान गुटका के सेवन पर पाबंदी, ज्यादा किराया भी नहीं वसूल सकेंगे यात्री वाहन

समर्पित सेवा के स्वर्णिम 50 वर्ष
आपका अपना साथी
उ. प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम

लखनऊ। अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार श्रद्धालुओं को फील गुड कराने की तैयारी में है। सीएम योगी के निर्देश पर ट्रांसपोर्ट विभाग की ओर से इसके लिए कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत टैक्सी एवं टूरिस्ट बस वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर रामोत्सव के दौरान अयोध्या में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के तहत टैक्सी एवं टूरिस्ट बसों को आवश्यकतानुसार आरक्षित रखने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही टैक्सी एवं बस ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग, ट्रैफिक रूल्स को फॉलो करने, टूरिस्ट्स के साथ अच्छा बिहैव करने और अनिवार्य रूप से वर्दी पहनने के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही इस दौरान किसी भी तरह के नशे एवं पान गुटका के सेवन से दूर रहने और वाहनों की नियमित साफ सफाई की हिदायत भी दी गई है। ये भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि यात्रियों से किसी भी हालत में निर्धारित किराए से अधिक की वसूली नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में माहौल बन चुका है। लाखों यात्री प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में अपने अराध्य के नए मंदिर में उनके दर्शनों को लेकर उतावले हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार ने कार्यक्रम के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने की तैयारी की है।

परिवहन विभाग की ओर से कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया गया है। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर चंद्र भूषण सिंह के अनुसार अयोध्या में टैक्सी एवं बस ड्राइवरों को संवेदनशील बनाने के लिए निर्धारित बिंदुओं पर प्रशिक्षण देकर उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसमें सुरक्षित वाहन चलाना एवं यातायात नियमों का पालन कराया जाना, चालकों का टूरिस्ट के प्रति व्यवहार, चालकों द्वारा अनिवार्य रूप से वर्दी धारण किया जाना, किसी भी नशे एवं पान गुटका के सेवन से दूर रहना, वाहन की साफ-सफाई को सुनिश्चित करना, निर्धारित किराया से अधिक किराया किसी भी दशा में न वसूल किया जाना शामिल है। इसके अतिरिक्त अयोध्या की परिधि के 200 किमी. में सभी मार्गों पर इंटरसेप्टर वाहनों द्वारा प्रवर्तन टीमों को टूरिस्ट के सहायतार्थ लगाया जाना तथा सड़क दुर्घटना से संबधित बिन्दुओं जैसे ओवरलोडिंग, ड्ंकन ड्राइविंग,रांग साइड ड्राइविंग, निर्धारित किराया से अधिक किराया लिये जाने, चालकों के ड्रेस कोड तथा सुरक्षा की दृष्टि से अन्य उपायों को अपनाए जाने के लिए जागरूक किए जाने के साथ आवश्यकतानुसार प्रवर्तन कार्यवाही किया जाना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि लखनऊ से अयोध्या, गोरखपुर से अयोध्या तथा सुल्तानपुर से अयोध्या के बीच पड़ने वाले समस्त टोल प्लाजा पर टूरिस्ट के सहायतार्थ परिवहन विभाग का हेल्पडेस्क स्थापित की जा रही है। सुरक्षित सफर के लिए सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का होर्डिंग, समाचार पत्रों, पब्लिसिटी वैन, डिजिटल बैनर तथा समस्त सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के लिए एनएचएआई के एनएच तथा एसएच मार्गों पर एंबुलेंस, पेट्रोलिंग एवं क्रेन वाहनों को मार्गों पर तैनाती सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में मारूति सुजुकी इंडिया लि. द्वारा ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट (डीटीटीआई)में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक के आटोमेशन पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा मार्च, 2024 तक पूर्ण किया जाना संभावित है। डीटीटीआई का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया गया, जिस पर कुल 856.84 लाख रुपए का व्यय हुआ है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वर्तमान में विभाग द्वारा मैनुअल ड्राइविंग टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है।

15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक पूरे प्रदेश में आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत अयोध्या में भी इसको प्रभावी तरीके से संचालित किया गया। यहां उद्घाटन समारोह में 33343 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 33020 प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान 109677 लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। 195 स्थलों पर एलईडी युक्त पब्लिसिटी वैन द्वारा एवं 362 स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया। राजकीय चिकित्सालयों में स्वास्थ्य जांच कार्ड के अनुसार नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किए गए, जिसमें 11274 व्यवसायिक वाहन चालक सम्मिलित हुए। मेडिकल कॉलेज में आयोजित बेसिक ट्रामा लाइफ सपोर्ट कार्यक्रम में 5709 लोगों ने प्रतिभाग किया। 9373 व्यवसायिक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाइट, फॉग लाइट व मानक के अनुरूप लगे होने जांच की गई। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत लेन ड्राइविंग एवं रात्रि में हेडलाइट के हाइबीम लोबीम के प्रयोग के संबंध में 12438 लोगों को जागरूक किया गया। प्रदूषण जांच केंद्रों की चेकिंग अभियान में 825 केंद्रों को चेक किया गया, जिसमें 20 अनफिट पाए गए। स्कूली वाहनों की सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुरूप चेकिंग अभियान में 3477 वाहन चेक किए गए तथा 176 अनफिट पाए गए। कार्यक्रम का आयोजन तथा हेल्मेट वितरण किया गया। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनजीओ, गुड सेमेरिटन, मास्टर ट्रेनर, रोड सेफ्टी क्लब को सम्मानित किया गया।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान प्रवर्तन की भी कार्यवाही भी की गई। ओवरलोडिंग पर 988 चालान किए गए, जबकि गलत नंबर प्लेट पर 407, बिना एचएसआरपी लगे वाहनों पर 2442, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों पर 677, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगे होने पर 737, हेल्मेट का प्रयोग नहीं करने वालों पर 4581, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 840, गतल दिशा में वाहन चलाने पर 1117, अनधिकृत रूप से संचालित बसों के विरुद्ध 333, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध 599, वाहनों में हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न व शीशे पर काली फिल्म के विरुद्ध 310, लेन ड्राइविंग का पालन न करने वालों पर 135, डंकन ड्राइविंग पर 202, ओवरस्पीड पर 1583, क्षमता से अधिक यात्रियों पर 301 और सीट बेल्ट का प्रयोग न करने पर 1404 चालान किए गए। इन चालान के माध्यम से कुल 3.3 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्त हुई।

## मुनव्वर राना पीजीआई में भर्ती

**लखनऊ।** मशहूर शायर मुनव्वर राना को गंभीर हालत में मंगलवार को पीजीआई में भर्ती कराया गया है। दो दिन पहले उनकी तबीयत बिगड़ने पर घरवालों ने मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां सुधार न होने पर परिजनों ने मंगलवार को पीजीआई में भर्ती कराया है। उन्हें गुर्दा, दिल व फ़ेफड़े से जुड़ी दिक्कतें हैं। मुनव्वर राना की बेटी सुमैया राना ने बताया कि तबीयत खराब होने पर मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर छुट्टी कराकर पीजीआई में भर्ती कराया है। पीजीआई के नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नारायण प्रसाद के निर्देशन में डॉक्टरों की टीम मुनव्वर राना का इलाज कर रही है। उनका इलाज पीजीआई में कई साल से चल रहा है। इससे पहले भी वह कई बार पीजीआई में भर्ती हो चुके हैं। गुर्दे की बीमारी के चलते उनकी डायलिसिस चल रही है। पीजीआई में उनके भर्ती होने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में उनके परिचित एवं शुभचिंतक पहुंच गए।

## अर्जुन पुरस्कार मिलने पर योगी ने शमी और पारुल को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी और एथलीट पारुल चौधरी को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। उत्तर प्रदेश के इन दो खिलाड़ियों को मंगलवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किया, ल्लराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा आज नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2023' के अंतर्गत, 'क्रिकेट विश्वकप 2023' में अपने अद्वितीय प्रदर्शन से विश्व-पटल पर मां भारती को गौरवभूषित करने वाले, उत्तर प्रदेश निवासी प्रख्यात गेंदबाज मो. शमी को प्रतिष्ठित 'अर्जुन पुरस्कार-2023' से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई। आपकी यह अविस्मरणीय उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। इसी तरह मुख्यमंत्री जी ने एथलीट पारुल चौधरी को पुरस्कार दिए जाने पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2023' के अंतर्गत, एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने वाली उत्तर प्रदेश की बेटी पारुल चौधरी जी को 'अर्जुन पुरस्कार-2023' से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। आप हमारा गौरव हैं। आपके उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं।

## मनरेगा योजना को मीठा जहर दे रही है भाजपा: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को आरोप लगाया कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के जीवन में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मनरेगा योजना को मौजूदा भाजपा सरकार मीठा जहर देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। श्री राय ने यहां जारी बयान में कहा कि आज की तारीख में उत्तर प्रदेश के एक करोड़ 17 लाख मजदूर परिवारों को 56 दिन से गरीब मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी उनके खातों में नहीं पहुंची है जबकि अधिनियम में प्राविधान है कि 15 दिन के अन्दर मजदूरी मजदूर के खाते में पहुंच जानी चाहिए। इसी प्रकार प्रदेश में इस योजना में कार्यरत 45 हजार अल्प मानदेय पाने वाले संविदाकर्मी को छह माह से लेकर एक साल का मानदेय बकाया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के इस षडयन्त्र से मजदूर निराश होकर मनरेगा में मजदूरी छोड़ पुनः पलायन के लिए मजबूर होंगे एवं यह शिक्षित नौजवान जो पिछले 17 साल से मनरेगा में कार्य कर रहे थे जिनको न तो कोई सामाजिक सुरक्षा है न ही सेवा सुरक्षा है इससे वह बेरोजगार हो रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि अधिनियम के अनुसार मजदूरों को विलम्बित मजदूरी ब्याज समेत मिले एवं संविदाकर्मियों को मानदेय न मिलने के दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही करे।

## जौनपुर में उपद्रव के मामले में पूर्व सांसद धनंजय समेत 28 दोषमुक्त

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले की एक अदालत ने मारपीट और उपद्रव के एक मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत 28 लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अपर सत्र न्यायाधीश ( चतुर्थ) एमपी एमएलए कोर्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने खुटहन क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख के पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के दौरान दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू, पूर्व विधायक शैलेंद्र यादव ललई सहित 28 लोगों को अदालत ने मंगलवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अभियोजन के अनुसार प्रतापगढ़ के तत्कालीन सांसद हरिवंश सिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि छह नवंबर 2017 को खुटहन ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। उसी दिन 11 बजे दिन में अपनी बहू नीलम व अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य गण के साथ जा रहे थे ।

## नई प्रेरणा का माध्यम बनेगी उत्तराखंड की रामलीला: योगी

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड की रामलीला लोगों के लिये नयी प्रेरणा का माध्यम बनेगी।

श्री योगी ने अयोध्या शोध संस्थान में रामलीला का शुभारंभ किया। उन्होने कहा ल्ल यह दिव्य संयोग है कि प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व रामलीला का यह मंच प्रभु की लीलाओं को जनमानस में पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उत्तराखंड की रामलीला अद्भुत है, क्योंकि इसमें सभी पात्र मातृशक्ति हैं। यह लोगों के लिए नई प्रेरणा का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन से कहा कि इन्हें बुलाकर रामलीला का युगगान होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होने उत्तराखंड के कलाकारों के इस दल से भेंट की और उनकी हौसला अफजाई की। उत्तराखंड का यह दल इसलिए भी विशिष्ट है, क्योंकि इसमें करीब 400 महिलाएं कलाकार प्रतिभाग कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के मद्देनजर हम लोगों ने इंडोनेशिया, थाईलैंड, नेपाल, श्रीलंका, मॉरीशस समेत छह देशों व अन्य राज्यों को रामलीला के लिए आमंत्रित किया है। उन्होने कहा कि मध्यकाल में देश जब गुलाम था।विदेशी आक्रांताओं को झेल रहा था, तब संत तुलसीदास ने सामाजिक चेतना को जागरूक करने के लिए प्रभु राम को माध्यम बनाया। कई लोगों ने कहा कि अकबर के दरबार में चलो, उनके नौ रत्न हैं। आप भी बन जाएंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि अकबर कौन है। लोगों ने कहा कि बादशाह हैं तो तुलसीदास ने कहा कि यह क्या होता है, लोगों ने बताया कि राजा, तब तुलसीदास ने कहा मेरा एक ही राजा है, वह है राम, उनके अतिरिक्त किसी को राजा नहीं मानता।

## राम मंदिर के जरिये सुधरेगी अयोध्या समेत समूचे अवध क्षेत्र की सेहत : जयवीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि धर्म और अध्यात्म के प्रतीक भव्य राम मंदिर के जरिये अयोध्या समेत अवध क्षेत्र के अन्य जिलों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

श्री सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन न केवल आध्यात्मिक होगा बल्कि अर्थ व्यवस्था के लिए एक बड़ी घटना होगी। अयोध्या के साथ सम्पूर्ण अवध के विकास की धारा चल रही है उसमें 84 कोसी परिक्रमा मार्ग, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग, पंच कोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण, होटल व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, रेल एवं अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की व्यवस्था की सुविधा का विकास का कार्य सरकार द्वारा किया गया, इन व्यवस्थाओं से अयोध्या के साथ-साथ बस्ती, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, बाराबंकी एवं आस-पास के सभी जिलों की अर्थव्यवस्था बदल जायेगी, इससे स्थानीय व्यवसायों को काफी लाभ होगा। प्रसाद की दुकाने, फूलमाला की दुकाने, पूजा का सामान, तुलसीमाला, अगरबत्ती, धार्मिक आभूषण एवं वस्त्रों की दुकानों के साथ-साथ इन व्यवसायों की दुकानों एवं कारखानों पर बहुतायत संख्या में रोजगार भी पैदा होगे, इसके अलावा छोटे उद्यमियों को आवास, भोजन, परिवहन और विभिन्न वस्तुओं की सेवाओं की बढ़ती मांग से ग्रामीणों के साथ ट्रेवल ट्रेड एवं पर्यटन के क्षेत्र में लगे लोगो को रोजगार का लाभ एवं अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन होगा, इससे अयोध्या के धार्मिक पर्यटन का प्रभाव सभी प्रकार के लघु उद्योगो पर पड़ेगा। उन्होने कहा कि पिछले नौ महीनों में अयोध्या में रिकार्ड पर्यटकों की आमद दर्ज की गयी जिनमें विदेशी सैलानी शामिल थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अयोध्या में हर महीने लगभग दो करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है जिससे राम नगरी को 55 हजार करोड़ की सालाना आय का अनुमान है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में विकास का अद्भूत भागीरथ प्रयास किया जा रहा है।

## केशव ने परखी जनसमस्यायों के समाधान की हकीकत

एजेंसी

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को यहां जनशिकायतों के समाधान की हकीकत को परखा और अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये। माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में श्री मौर्य ने कहा कि ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विद्युत विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के भी कैम्प/स्टॉल लगाये जाए, जिससे आमजन इन विभागों से सम्बन्धित समस्याओं का भी निस्तारण करा सकें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का सम्पूर्ण समाधान करने का कार्य किया जाय, विशेषकर तहसील, ब्लॉक एवं थानों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को ओवर बिलिंग सहित आदि शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही सिनश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क विद्युत/गैस कनेक्शन एवं शौचालय आदि योजनाओं से भी लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उपमुख्यमंत्री ने अधिशासी अभियंता, जल निगम को हर-घर नल से जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को निर्धारित समयावधि में ठीक करवाने तथा कराये जा रहें कार्यों का सत्यापन भी कराने के निर्देश दियें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ बैठक करने के निर्देश दियें, जिससे आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को इलाज कराने में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि गॉव में कहीं पर भी बीमारी फैलने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल हेल्थ कैम्प लगाकर लोगों का इलाज सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि नलकूप विद्युत कनेक्शन वाले किसानों को एक अप्रैल 2023 से विद्युत बिल नहीं जमा करना है, प्रधानमंत्री के निर्देश से निजी नलकूप कनेक्शन वाले किसानों का विद्युत बिल सरकार द्वारा जमा किया जायेंगा। श्री मौर्य ने सभी अधिकारियों से कहा कि अगर आपके कार्यालय में बूथ अध्यक्ष आता है तो वह भी उप मुख्यमंत्री से कम नहीं है, उसकी शिकायतों/समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। उन्होंने निर्माणाधीन सेतुओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सेतुओं के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाय। उन्होंने आवारा घूम रहें गोवंशां को पकड़वाकर गौशालाओं में संरक्षित करने के भी निर्देश दियें।

## एक मुकदमे में दो आदेश देने वाले एसडीएम की होगी जांच, इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ही मामले में दो विपरीत आदेश करने वाले देवरिया के एसडीएम सदर के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने प्रमुख सचिव राजस्व से कहा है कि कलेक्टर देवरिया से रिपोर्ट प्राप्त कर एक उच्चस्तरीय जांच गठित करें और इसे एक निश्चित समयावधि में पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने देवरिया के शिव नारायण तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची का कहना था कि उसने राजस्व रिकॉर्ड के इंद्राज में संशोधन का वाद एसडीएम न्यायालय में दाखिल किया था। इस पर एसडीएम ने 17 अगस्त 2023 को दो आदेश किए। एक आदेश में उन्होंने वाद खारिज कर दिया जबकि दूसरे आदेश में वाद को स्वीकार कर लिया गया और इंद्राज में संशोधन का आदेश दिया गया। इन दोनों आदेशों को बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड भी कर दिया गया। बाद में इनमें से एक आदेश को पोर्टल से डिलीट कर दिया। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा था। सरकार की ओर से बताया गया कि एक ही तारीख पर एक दो आदेश हुए थे। जिनमें से एक आदेश, जिसपर हस्ताक्षर नहीं था वह गलती से पोर्टल पर अपलोड हो गया। जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया। इस मामले में एसडीएम कार्यालय के रीडर चंद्रभान चौरसिया और राजस्व अलहमद हरेंद्र पाल के खिलाफ जांच एडीएम वित्त को सौंपी गई है। कोर्ट ने कहा कि जिन दो कर्मचारियों के खिलाफ जांच बैठाई गई है, न्यायिक या अर्ध न्यायिक आदेश करने में उनकी कोई भूमिका नहीं होती है। आदेश करने के दोषी एसडीएम योगेश कुमार गौर के खिलाफ कोई जांच नहीं गठित की गई है। आदेश को देखने से स्पष्ट है कि इस मामले में एसडीएम के खिलाफ विस्तृत जांच की आवश्यकता है। सिर्फ दो कर्मचारियों की जांच करना पर्याप्त नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने कलेक्टर देवरिया को आदेश दिया कि एसडीएम सदर को तलब कर लिखित रूप से उनका पक्ष जानें और एडीएम से रिपोर्ट लेकर अपनी एक रिपोर्ट तैयार करें तथा उसे प्रमुख सचिव राजस्व को प्रेषित करें। कोर्ट ने प्रमुख सचिव राजस्व को निर्देश दिया कि कलेक्टर से रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद उच्चस्तरीय जांच गठित करें और जांच कमेटी की रिपोर्ट से इस न्यायालय को अगली सुनवाई पर अवगत कराएं।

# टीबी पर योगी सरकार का करारा प्रहार, इंडीकेटर में हासिल किये 80 से अधिक अंक

## योगी सरकार की मॉनीटरिंग का दिखा असर, सभी जिलों ने 80 प्रतिशत से अधिक स्कोर के साथ बनाया रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ मंडलों में 89.5 अंकों के साथ मुरादाबाद और जिलों में रामपुर 92.8 अंक के साथ टॉप रहे
- ❒ टीबी मरीजों के नोटिफकेशन के लिये तय किये गये थे 20 अंक
- ❒ टीबी के साथ एचआईवी जांच की दर रही 96 प्रतिशत



लखनऊ। योगी सरकार ने टीबी रोग के खात्मे के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023 में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पहली बार प्रदेश के सभी जिलों ने कार्यक्रम के प्रमुख संकेतकों (इंडीकेटर) के लिए निर्धारित 100 अंकों में 80 से अधिक अंक प्राप्त किये हैं, जो यह दर्शाता है कि योगी सरकार वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस उच्च स्कोरिंग प्रदर्शन में रामपुर ने सबसे अधिक 92.8 अंक प्राप्त किए जबकि दूसरे स्थान पर प्रतापगढ़ को 91.6 और तीसरे स्थान पर बिजनौर को 90.9 अंक मिले हैं। प्रदेश का कुल स्कोर 85.3 अंक रहा, जो कि तय मानक से 5.3 अंक अधिक है। यह स्कोर दिसम्बर तक की वार्षिक उपलब्धियों के आधार पर तय किये गए हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर के अनुसार, योगी सरकार की मॉनीटरिंग और समय-समय पर समीक्षा का ही नतीजा है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश ने कीर्तिमान स्थापित किया है। कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर तय किया गया है कि यदि निर्धारित 100 अंकों में जो जिला 80 से अधिक अंक अर्जित कर लेता है, उसके कार्य को बेहतर माना जाएगा। उसके मुताबिक़सभी जिलों का प्रदर्शन वर्ष 2023 में बेहतर रहा। इसमें कार्यक्रम के सबसे प्रमुख संकेतक टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के लिए 20 अंक तय हैं, जिसमें प्रदेश को पूरे अंक मिले। यह साबित करता है कि पूरे साल हर जिलों में टीबी मरीजों की पहचान पर खास फोकस किया गया, क्योंकि जितनी जल्दी मरीजों की पहचान होगी उतनी ही जल्दी इलाज शुरू कर उन्हें स्वस्थ बनाया जा सकेगा। सेंट्रल टीबी डिवीजन ने वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश को 5.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दिया था, जिसके सापेक्ष आगे बढ़कर 6.27 लाख (114%) से अधिक टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया। दूसरे प्रमुख इंडिकेटर ड्रग सेंसिटिव टीबी मरीजों के इलाज की सफलता दर 89 प्रतिशत रही। ड्रग रजिस्टेंस टीबी (डीआरटीबी) के मरीजों के गुणवत्तापूर्ण इलाज की दर 88 प्रतिशत रही।

निदेशक-राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ. सीमा श्रीवास्तव का कहना है कि टीबी के साथ एचआईवी जांच की दर वर्ष 2023 में 96 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि टीबी के हर मरीज की एचआईवी जांच सुनिश्चित करायी जाये। यूनिवर्सल ड्रग ससेप्टेबिलिटी टेस्टिंग (यूडीएसटी) यानि सीबीनाट या ट्रूनाट मशीन से टीबी की जांच के मामले में भी प्रदेश का प्रदर्शन बेहतर रहा, इसके तहत 86 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज हुई, ब्लाक स्तर पर जल्द ही मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए इसमें और बेहतर प्रदर्शन किया जाएगा। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों के खाते में इलाज के दौरान हर माह 500 रुपये का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए तय 10 अंकों में प्रदेश को 7.1 अंक मिले, क्योंकि कुछ मरीज इस योजना के दायरे में नहीं आना चाहते हैं। टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) के मामले में भी अधिकतर जिलों ने सराहनीय प्रयास किया। इसमें पांच साल से कम उम्र के बच्चों को टीपीटी के दायरे में लाने के लिए तय पांच अंकों में प्रदेश को 4.5 अंक तो पीएल एचआईवी के टीपीटी के लिए तय पांच अंकों में 4.4 अंक मिले।

संयुक्त निदेशक (क्षय)/राज्य क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के संकेतकों के तय 100 अंकों में 89.5 अंक हासिल करते हुए मुरादाबाद मंडल प्रदेश में अव्वल रहा। अन्य मंडलों की बात करें तो प्रयागराज को 89.1, अलीगढ़ को 88.6, बरेली को 87, चित्रकूट को 87.5, सहारनपुर को 87.5, वाराणसी को 87.7, गोरखपुर को 87.9, आजमगढ़ को 87, मेरठ को 86.7, अयोध्या को 86.8, झाँसी को 86.8, देवीपाटन को 85.4, मिर्ज़ापुर को 85.4, लखनऊ को 84.7, आगरा को 85.5, बस्ती को 84.2 और कानपुर मंडल को 84.2 अंक प्राप्त हुए।

# सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराते हुए उन्हे कब्जा मुक्त कराए : मंडलायुक्त

## नगर निगम क्षेत्र के 145 तालाबो का सर्वे कराकर अपने स्वामित्व में ले लिया गया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में तालाबों के संरक्षण एवं सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में किया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमियो पर अवैध कब्जा मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण कराते हुए कब्जा मुक्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण व अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूमि संबंधित विवादों को सूचीबद्ध करते हुए उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत तालाब, जलाशय को चिन्हित करते हुए इनको पुनः पुनर्जीवित किया जाये। अपर नगर आयुक्त द्वारा मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि नगर निगम क्षेत्र के 145 तालाबो का सर्वे कराकर अपने स्वामित्व में ले लिया गया है तालाबो के जीर्णोद्धार हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मंडलायुक्त को संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ शुभि सिंह ने बताया कि जनपद के नगर निगम क्षेत्र के लगभग 26223 वर्गमीटर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराया जा चुका है। मंडलायुक्त ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा व प्लाटिंग की जो भी शिकायत आयी थी उसको सूचीबद्ध करके तहसील स्तर पर अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है उसकी गहनता से बिंदुवार समीक्षा किया गया। जिसमे मोहनलालगंज तहसील की कार्य शैली शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराने में अग्रणी रही। समीक्षा में पाया गया कि सरकारी भूमि से कब्जा मुक्त कराते हुए संबंधित के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया गया है। अपर आयुक्त न्यायिक शीलधर यादव, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ शुभि सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग को दिसम्बर माह 2023 में मिले 3776.33 करोड़ राजस्व : मंत्री

लखनऊ। आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि आबकारी विभाग को दिसम्बर माह–2023 में 3776.33 करोड़ का राजस्व मिला है।

उन्होंने बताया कि गत वर्ष उपभोग आधारित लक्ष्य के सापेक्ष न्यूनतम राजस्व उपलब्धियों वाले 10 जनपद मुरादाबाद, कुशीनगर, झांसी, महोबा, सम्भल, हमीरपुर, प्रतापगढ़, औरैया, महराजगंज, बलरामपुर के जिला आबकारी अधिकारी राजस्व बढ़ाने की दिशा में कार्य करें एवं प्रवर्तन कार्यों में तेजी लायें।इसके अलावा विगत वर्ष की उपभोग आधारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिकतम राजस्व उपलब्धियों वाले 10 जनपदों श्रावस्ती, लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, शामली, गाजियाबाद, अलीगढ़, रायबरेली, अमरोहा, खीरी, बाराबंकी के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व प्राप्ति में और बढ़ोत्तरी लायें। यह सुनिश्चित भी करें कि अवैध शराब की खपत न हो, जिससे अगली तिमाही में राजस्व और बढ़े।

आबकारी मंत्री ने आगे कहा कि सभी जिला आबकारी अधिकारी स्टॉक मेन्टेन रखते हुए लगातार इसकी समीक्षा भी करते रहें। उप आयुक्त अपने मण्डल के जिलों में लगातार भ्रमण कर मॉनीटरिंग करें। आबकारी अधिकारी गन्ना विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर गन्ना मिलों का निरीक्षण करें और बिना पर्ची का गन्ना मिल में न आये।

## लवकुश नगर उत्तर भाग में चला अक्षत वितरण का महाअभियान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लवकुश नगर उत्तर भाग में अक्षत वितरण महाअभियान विगत 01 जनवरी से निरन्तर चल रहा है, जिसमें गली गली मोहल्लों में सम्पर्क करते हुए चंद्रलोक कालोनी में अक्षत वितरण में राम भक्तों की आरती व फूलों का टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सहनगरकार्यवाहक पवन, नगर कार्यवाह सुनील, राघवेंद्र, अनमोल, सुनील सिंह, मनीष, रितु, मीना, संघचालक हरीश, सहसंघचालक अशोक के साथ सेवाभारती उत्तरभाग के उपाध्यक्ष अर्जुन, कोषाध्यक्ष दीपचंद व सचिव संजीत उपस्थित रहे। चंद्रलोक कॉलोनी के गौरव भाटिया राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा की माता को अक्षत पत्र देकर निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर रोहित, पंकज कांडपाल, ज्ञान प्रकाश पांडे अधिवक्ता व वीना किशोर समेत अन्य मौजूद रहे।

## हनुमान सेतु पर हुआ जरूरतमंदो में कंबलो का वितरण



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसएलएमजी बीवरेजेज ने मंगलवार को हनुमान सेतु पर जरूरतमंदो में कंबलो का वितरण किया। एसएलएमजी बीवरेजेज की तरफ से जानकारी दी गई कि भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदो में गर्म कंबलो का वितरण किया गया।

## एनुअल इवेंट व इंटर हाउस गेम 2023-24 का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज की ओर से चौक स्टेडियम में एनुअल इवेंट व इंटर हाउस गेम 2023 - 24 का आयोजन किया गया। इस वार्षिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पीएसी मध्य ज़ोन की आई जी अर्पणा कुमार मौजूद रही तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीजेपी पार्षद अनुराग मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने खेल कूद के कई कार्यक्रमों के साथ साथ हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अर्पणा कुमार ने कहा की मैं स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं से यह कहना चाहूंगी जीवन में कभी भी हार नहीं मानना चाहिए और हमेशा जीत के लिए प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि जो प्रयास करता है उसको जीत जरूर मिलती है इसलिए हमेशा मेहनत करें और ऊपर वाले पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ते जाए। वही विशिष्ट अतिथि अनुराग मिश्रा ने कहा कि मैं स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधक को बहुत-बहुत बधाई देता हूं की बहुत मेहनत से इन लोगों ने स्कूल के बच्चों को तैयार किया है उनके कार्यक्रमों को देखकर मुझे भी अपना बचपन याद आ गया उन्होंने कहा कि मैं सभी बच्चों से यह कहना चाहूंगा की मां-बाप अपने बच्चों को बहुत मेहनत से पढ़ाते हैं सभी बच्चों को चाहिए है कि अच्छे से पढ़ लिख कर मां-बाप के सपनों को साकार करें और अपने मां-बाप का और देश का नाम रोशन करें। इस दौरान मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को मैडल व उपहार दे कर सम्मानित किया तथा स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आमिर सिद्दीकी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम, 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को यहां बताया कि चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम' (गधप्द्धद्बद्बद्द द्यद्बद्मद्द प्धप्द्बद्बद्द, क्र प्धप्द्ग द्बधन् पफन्द्ग) है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 25 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2024 की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया है।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव आज निर्वाचन कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रही थीं। उन्होंने बताया कि मतदाता दिवस से पहले 23 जनवरी को एक वॉकथॉन एवं पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन भव्यता के साथ होगा, जिसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।निधि श्रीवास्तव ने लखनऊ स्थित इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में एनएसएस, स्काउट एण्ड गाइड, नेहरू युवा केन्द्र, एनसीसी द्वारा आयोजन स्थल पर रंगोली, मेहंदी, पेन्टिंग आदि प्रतियोगिता तथा स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर प्रतीकात्मक संसद भवन का गेट तैयार किया जाए। इसके साथ ही सेल्फी पॉइंट तैयार किया जाय, दिव्यांगजनों की सुविधा को देखकर एक अतिरिक्त सेल्फी पॉइंट तैयार किया जाये।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को आकर्षक बनाने के लिए सैण्ड आर्ट, पतंगबाजी और वॉकथॉन तथा प्रभातफ़ेरी का आयोजन किया जाये। सभी जनपदों, विभागों, संस्थाओं, स्कूल कालेजों में मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जाये।

## देहरा मऊ मे हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा पर चर्चा



लखनऊ। गोसाईगंज इलाके के गांव देहरा मऊ मे प्रधान मंत्री के भारत को विकसित बनाने के सपने को साकार करने की चर्चा की गई।यह सब विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में संपन्न हुआ। आयोजन मे जनमानस को मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभार्थियों से संवाद भी किया गया ।कार्यक्रम मे बलीराम वर्मा पूर्व जिला महामंत्री सेक्टर संयोजक ओम प्रकाश वर्मा, बूथ अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा ,ग्राम प्रधान राय सिंह ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अपना दल राहुल पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्तिथ रहे।

## पत्नी का हत्यारोपी पति भेजा गया जेल

लखनऊ। पुलिस ने पत्नी के हत्यारोपी पति को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।मामला गोसाईगंज कोतवाली के गांव सेंगटा मजरा मीसा का है। यहां के निवासी 27 वर्षीय विक्रम की पत्नी रकेशा (25) की 8 जनवरी 2024 को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।इस प्रकरण में मृतका के भाई मुकेश कुमार की ओर से गोसाईगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार मृतक महिला का पति के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध रखता था।

इस बात की भनक जब रकेशा के कानों में पड़ी तो उसने पति का समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी तो उस महिला ने सुसाइड कर लिया लिया।भाई की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस पत्नी के हत्यारोपी अभियुक्त पति की तलाश में लगी हुई थी। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त विक्रम को 10:50 बजे सेंगटा गांव के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## दबंगो ने सगे भाईयो को पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हरकंशगढी निवासी सुभाष चन्द्र मिश्रा ने बताया बीते सोमवार की रात आठ बजे के करीब दबंग किस्म के साग अपने साथी नीरज निवासी डलौना के साथ भाई के दरवाजे पर आकर गाली-गालौज करने लगे मना करने पर उक्त सभी ने भाई व उनकी लाठी डंडो व लात घूसो से पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकले।जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के विरूद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## अवध वृन्दावन डेवलपमेन्ट एसोशिएसन के द्वारा सुख दु:ख के साथी मुशीर अहमद का किया गया सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,अवध वृन्दावन डेवलपमेन्ट एसोशिएसन के सक्रिय सदस्य, सबके सुख दुःख के साथी , लोकप्रिय समाज सेवक मुशीर अहमद के द्वारा किये गये अनेको सामाजिक कार्य एवं असहाय मजबूर लोगो की सहायता करने के लिए सदैव तत्तपर रहते है ,समजिक संगठन अवध वृन्दावन डेवलपमेन्ट एसोशिएसन ने मुशीर अहमद के द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो के लिए संगठन ने उत्साह वर्धन हेतु दिनाँक 9-01-2024 दिन मंगलवार को संगठन के सचिव दिब्यांग रमेश कुमार ओझा ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और महिला अध्यक्ष श्रीमती सोनाली गुप्ता ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एस0 के0 द्विवेदी ने मुशीर अहमद के कार्यों की सराहना करते हुए मौजूद सदस्यों का उत्साह वर्धन किया और नववर्ष वर्ष की शुभकामनाऐं दी।मुशीर अहमद ने बताया कि इन्सान की इन्सानियत वारिसान से विरासत मे मिलती है हम कुछ अलग नही करते है, समाज मे रहते है हमारी जिम्मेदारी बनती है असहाय मजबूर की मदद करनी चाहिए।

# फातिमा शेख भारत की प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका थीं : अनीस मंसूरी

## फातिमा शेख की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में शामिल हुए पूर्व मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज कार्यालय स्थित लालबाग लखनऊ में भारत की प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका फातिमा शेख की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में पसमांदा मुस्लिम समाज के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने प्रमुखता से शिरकत की।अनीस मंसूरी ने कहा कि फ़ातिमा शेख एक भारतीय प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका थीं, जो सामाजिक सुधारकों, ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की सहयोगी थीं। फातिमा शैख़ का जन्म 9, जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। फ़ातिमा शेख़ मियां उस्मान शेख की बहन थीं, जिनके घर में ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले ने निवास किया था। जब फुले के पिता ने दलितों और महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे उनके कामों की वजह से उनके परिवार को घर से निकाल दिया था। वह आधुनिक भारत में सबसे पहली मुस्लिम महिला शिक्षकों में से एक थीं और उन्होंने स्कूल में दलित बच्चों को शिक्षित करना शुरू किया। ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख के साथ, दलित समुदायों में शिक्षा फैलाने का कार्य किया। उस्मान शेख ने फुले दम्पत्ती को अपने घर की पेशकश की और परिसर में एक स्कूल चलाने पर सहमति व्यक्त की। 1848 में, उस्मान शेख और उसकी बहन फातिमा शेख के घर में एक स्कूल खोला गया। यह फातिमा शेख थीं जिन्होंने हर संभव तरीके से सावित्रीबाई का दृढ़ता से समर्थन किया। इस अवसर पर हाजी शब्बन मंसूरी, मौलाना इलियास मंसूरी, इमरान अहमद, सज्जन शुक्ला,गुड्डू, कलीम,

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

मोहनलालगंज। निगोहाँ थाना क्षेत्र के नंदौली में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मंगलवार की सुबह मौत हो गयी।ग्रामीणो की सूचना के बाद पुलिस व वनविभाग की टीम मे राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार निगोहा के नंदौली मजरा जमुरिया गांव में मगंलवार की सुबह 11हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गयी।उधर से गुजरे ग्रामीणो ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव हाईटेंशन लाइन के पास पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी।

राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी ओर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया ग्रामीणो की सूचना के बाद वनविभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार कराया गया।

## एजेंसी बाजार की पत्रिका वेल्थ टर्मिनल का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एजेंसी बाजार की हिंदी और इंग्लिश भाषा की वेल्थ टर्मिनल द्विमासिक पत्रिका का विमोचन बीते रविवार को गोमतीनगर स्थित होटल ग्रैंड जेबीआर में किया गया। इस मौके पर राजधानी के तमाम ब्यूरोक्रेट्स, उद्योगपति और फाइनेंस और इंश्योरेंस कंपनियों के दिग्गज एवं मीडिया जगत के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे आईएएस डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार।

लाइटिंग लैम्प के बाद गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत कर बच्चों द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर बॉलीवुड प्रस्तुतियों के बीच आईएएस ऑफिसर डॉ. हरिओम जो कि अपनी गीत-गजल और मधुर गायिकी के लिए सुप्रसिद्ध हैं, ने अपनी कर्णप्रिय आवज में मो. रफी के गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भी मनोहर बना दिया। कई अन्य अधिकारीगण भी मंच पर खुद को गाने-गुनगुनाने से रोक न सके। फाइनेंस और इंश्योरेंस को एक सूत्र में पिरोने और लोगों में बीमा महत्व की जागरूकता को आधार बनाकर आरम्भ की गई इस पत्रिका के विमोचन के मौके पर एजेंसी बाजार के फाउंडर एवं पत्रिका के प्रधान संपादक संजीव कुमार ने कहा कि इस तरह की पत्रिका की ज़रूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह पत्रिका समाज तथा युवा पीढ़ी को जागरूक करने के साथ साथ उन्हें अपनी सेविंग्स, हेल्थ पर खर्च की जटिलताओं और फाइनेंशियल फैसलों को लेकर जागरूका व देश के साथ जोड़ने में अहम भूमिका अदा करेगी।

इस मौके पर शहर की नामी-गिरामी हस्तियों को मूमेंटों प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान पत्रिका के एडीटर-इन-चीफ संजीव कुमार, कंसेप्ट एडीटर रतन प्रकाश, मुख्य अतिथि आईएएस डा. हरिओम, अनूप कुमार, आईएएस डॉ अखिलेश मिश्रा, आईएएस सुखलाल भारती, आईएएस राजेन्द्र पनसिया, यश भारती से सम्मानित आईआईएमसी एलुमनाई यूपी चैप्टर के अध्यक्ष मणीन्द्र मिश्रा, कन्नौजिया सिटी के एमडी सोनू कन्नौजिया, इवेन हेल्थ केयर मुंबई के रिटेल सेल्स हेड रोहन इंदुलकर, बीमा गैरेज मुंबई के सीईओ संदेश मिश्रा, एमकेटी इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड के संदीप मंत्री, प्रोफ़ेसर अंशु केडिया, एजेंसी बाजार की मैनेजर प्रीति पवार तथा प्रसिद्ध सर्जन डॉ. इम्तियाज़ अहमद सहित शहर के अन्य बुद्दिजीवी लोग मौजूद रहे।

## 40 बिघा अवैध प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन-3 के प्रवर्तन दस्ते ने थाना काकोरी क्षेत्र में दो स्थानों पर कार्यवाही करते हुए निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से की जा रही 40 बिघा अवैध प्लाटिंग को बुलडोज़र चला कर ध्वस्त कर दिया। इस दौरान यहां बनाई गयीं सड़कें,बाउंड्रीवॉल, व साइट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मो असलम व अन्य द्वारा काकोरी में मौदा रोड पर आईटीआई के सामने लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवध स्टेट नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा अखण्ड सिंह, दानिश व अन्य द्वारा मौदा रोड के बायें किनारे पर अखण्ड राज मैरिज लॉन के पहले लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग की गयी थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना दोनों स्थानों पर की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सोमवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार व अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा, भरत पाण्डेय, प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इन दोनों अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया गया।

## जिन राज्यों में लोकतंत्र की आत्मा सुबक रही हो, वहां योगी मॉडल पर काम होना चाहिए : अमरजीत

लखनऊ। मुंबई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व देवेंद्र फडणवीस की सरकार में फ़िल्मसिटी के उपाध्यक्ष रहे अमरजीत मिश्र ने मंगलवार को यहां कहा कि जिन प्रदेशों में लोकतंत्र की आत्मा सुबक रही हो, उन्हें योगी मॉडल पर काम करना चाहिए। श्री मिश्र ने कहा कि सरकार के सामने जब भ्रष्टाचार, अपराध व अराजकता पहाड़ की तरह खड़े होकर रास्ता रोक रहे हों तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हठीले झरनों की तरह मज़बूत पहाड़ों में भी अपना रास्ता बनाना जानते हैं। योगी के इसी बुलडोज़र नीतियों ने देश में उत्तर प्रदेश को नया उत्तर प्रदेश बनाया है।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 22 व 23 जनवरी को मुंबई में आयोजित समारोह ह्लरामोदयङ्क में मुख्यमंत्री योगी समेत यूपी के अन्य नेताओं को आमंत्रित करने के लिए मंगलवार को लखनऊ आये भाजपा नेता श्री मिश्र ने उप्र के भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल आदि से मुलाक़ात कर उन्हें प्रवासी उत्तरप्रदेशियों से मिलने के लिये मुंबई आने का आमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से भी वार्ता की।श्री मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में एक ऐसे आर्थिक मॉडल को क्रियानवित किया गया, जिसके माध्यम से राज्य में व्यापक स्तर पर आर्थिक सुधार कार्यों को अंजाम दिया गया। प्रदेश की छवि बदली है और लोगों में नया आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि योगी के उप्र में विकास केवल तीव्र ही नहीं, बल्कि सर्व समावेशी भी है। इसका सीधा सा मतलब है कि विकास केवल ऊपर से नहीं, बल्कि नीचे तक जा रहा है। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को भी उसका लाभ मिल रहा है, जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री कर रहे हैं।

श्री मिश्र ने इस दौरान विपक्ष से सवाल किया कि क्या 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अर्थव्यवस्था के ऐसे माडल का विकास हो पाया था जिसमें सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन, विकास, रोजगार और खुशहाली, एक साथ सुनिश्चित हुए हों।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा, पलियाकलां में आयोजित

## नगर पालिका पलिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पन्न

**लाभान्वित हुए दर्जनों नगरवासी, मोबाइल वैन से दिया गया प्रधानमंत्री का संदेश**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पलियाकलां-खीरी।विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन पार्क, निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया कलां में नगर पालिका परिषद पलिया कलां के अध्यक्ष के.बी.गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें एल.ई.डी. वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश को आमजन के बीच प्रसारित किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्ड, फ्री हेल्थ चेकअप, पी.एम.स्वनिधि योजना, पी.एम.आवास योजना,श्रम विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग के कैम्प में लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कैम्प में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा व्यक्तियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नगर पालिका परिषद पलिया कलां की ओर से आयोजित कैम्प में आठ नये पथ विक्रेताओं का पंजीकरण किया गया तथा तैतीस लाभार्थियों को परिचय बोर्ड दिये गये। जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा की ओर से तीन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाभी व प्रमाण पत्र दिये गये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी खीरी वासुदेव मौर्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के प्रतिनिधि दीपक तलवार, विधायक प्रतिनिधि श्याम आनन्द, भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, समाजसेवी वरुण गुप्ता, पालिका सभासद सावित्री देवी,श्रीमती संगीता, इस्लामुद्दीन, रहीश अहमद, मुबारक अली, सभासद प्रतिनिधि सतीश कनौजिया, रामगोपाल, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना अवस्थी, भाजपा नगर महामंत्री विजय गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गिल, शशि शंकर शुक्ला, अनिल गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री अनूप मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष के.बी.गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों की संख्या की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित समस्त योजनाओं से इस शहर के नागरिकों को आच्छादित किये जाने में कोई कसर नहीं रखी जायेगी। नगर के विकास के लिये जनकल्याणकारी कार्य कराये जाते रहेंगे।इस कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा लगभग 200 कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित महाजन ने किया। पालिका के अधिशासी अधिकारी महेन्द्र कुमार चौधरी ने आये समस्त अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# नहीं लगा मीटर, बस कागजों पर ही दर्ज नलकूप मीटर, बिजली विभाग के जिम्मेदारों का खेला

## शिकायत के 20 दिन बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

**मैंगलगज में बिजली विभाग का अजीबो–गरीब कारनामा, न मीटर व सीलिंग फिर भी कागजों में लग गए मीटर, विभाग मूकदर्शक**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



औरंगाबाद-खीरी। बिजली विभाग के अफसरों की अफसरशाही विभागीय कामकाज पर पूरी तरह हावी होता दिख रहा है इसके चलते ही विभाग के जिम्मेदारों और अन्य अधिनस्थ कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। ऐसे ही एक अजीबो गरीब मामले का खुलासा हुआ है बिजली विभाग के सरकारी महकमें के जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा एक उपभोक्ता के निजी नलकूप कनेक्शन पर मीटर दर्ज कर दिया गया था।जबकि मौके पर मीटर लगाया ही नहीं गया, जब उपभोक्ता को इसकी जानकारी हुई तो उपभोक्ता ने विभाग द्वारा दर्ज किये गए मीटर की सीलिंग व मीटर के बारे में जानकारी मांगी लेकिन जिम्मेदारों ने कुछ भी बताना मुनासिब नहीं समझा। मजबूरन शिकायतकर्ता ने अधीक्षण अभियंता सहित प्रबंध निदेशक को 20 दिसंबर को पत्र लिखकर उक्त नलकूप में दर्ज मीटर की सीलिंग व मीटर उपलब्ध कराने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया था। लेकिन 20 दिन से बीत जाने के बाद भी विभाग के द्वारा अभी तक कोई भी कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं सुस्त कार्य प्रणाली को प्रदर्शित कर रही है। एक तरफ योगी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर इन्हीं के अधिकारी कर्मचारी कागजों पर ही खाना पूर्ति कर सरकारी सिस्टम को खत्म करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार....

इस बाबत मे जब मीटर एक्सईएन गोला वरुण कुमार से उक्त मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए रटा रटाया बयान में बताया कि हमारे संज्ञान में कोई भी मामला नहीं है।

# सीबीआई क्लोजर रिपोर्ट पर पुलिस कर्मियों को जारी सम्मन रद्द

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यह स्थापित विधि सिद्धांत है कि पुलिस रिपोर्ट पर संतुष्ट न होने पर कोर्ट को पुनर्विवेचना का आदेश जारी करने का अधिकार है। प्रोटेस्ट पर यदि बयान व साक्ष्य से अपराध का खुलासा होता है तो वह धारा 190(1)बी के तहत कम्प्लेंट केस कायम कर अभियुक्त को सम्मन जारी कर सकता है।

प्रश्नगत मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता की प्रोटेस्ट अर्जी पर संज्ञान लेकर फर्जी मुठभेड़ के आरोप में याची पुलिस कर्मियों को सम्मन जारी किया गया था। जिसे कोर्ट ने विधि विरूद्ध करार देते हुए रद्द कर दिया है और सीबीआई कोर्ट गाजियाबाद को नियमानुसार नये सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने मेरठ, लिसारी गेट थाना इंचार्ज श्याम पाल सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।उल्लेखनीय है कि 9 दिसम्बर 2002 को लिसारी गेट थाना पुलिस को मिली सूचना पर रेड डाली गई। फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी बचाव में गोली चलाई। इस मुठभेड़ में कम्मन घायल हुआ और एक भाग गया। बाद में कम्मन की मौत हो गई। उसके भाई अब्दुल करीम ने याचिका दायर कर फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की।

# हाईकोर्ट ने एसिड पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

प्रयागराज। प्रदेश में खुलेआम बिक रहे एसिड पर रोक लगाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है।कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि प्रदेश में खुलेआम एसिड बिक्री पर रोकथाम को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने पिछले पांच साल में हुए एसिड अटैक की घटनाओं का ब्यौरा भी मांगा है। कोर्ट इस याचिका पर 23 जनवरी को अगली सुनवाई करेगी।नव्या केसरवानी व अन्य की तरफ से जनहित याचिका दायर की गई है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई की।

# चोरी की योजना बना रहे छह चोर गिरफ्तार

बरेली। मीरगंज पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे छह चोरों का गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तमंचा, चाकू व तीन गाड़ियों को भी बरामद किया है। उनके अन्य साथी फरार हो गये।मीरगंज क्षेत्राधिकारी डॉ. दीप शिखा अहिरवार ने बताया कि ग्राम हुरहुरी से तिलमास रोड पर बने शुभ कोचिंग सेन्टर के पास कुछ लोग चोरी की योजना बनाने की खबर मिली। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से छह चोरों को दबोच लिया। इनमें छह लोग भाग खड़े हुए।पकड़े गए चोरों में थाना मीरगंज के असद नगर निवासी सलमान, अमशुल, महताब, गुड्डू, इन्तजार और अल्ताफ है। इनके पास से जेवर, 20 हजार रुपये कैश, तमंचा मय कारतूस, चार पहिया और दो पहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह स्थान बदल-बदल कर अलग-अलग जगह पर चोरी करते थे। जो लोग फरार हैं उनमें शमशुल, इकबाल, मो. हसन, राहुल वाल्मीकि सुरेन्द्र और मंसूर है, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# सीआरपीएफ कांस्टेबल की फोरेंसिक जांच तीन माह में पूरी कर नियुक्त करने का डीजी को निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डायरेक्टर जनरल सी आर पी एफ आरके पुरम नई दिल्ली को भर्ती में चयनित याची के अंगूठा निशान की फोरेंसिक जांच प्रक्रिया तीन माह में पूरी कर अन्य विधिक अड़चन न होने पर नियुक्ति पत्र जारी करने का निर्देश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने विकास कुमार की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची का कहना है कि वह पुलिस कांस्टेबल भर्ती में सफल घोषित हुआ है। किन्तु अंगूठा निशान संदिग्ध होने के आधार पर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक जांच पूरी नहीं हो सकी। याचिका में फोरेंसिक जांच पूरी कर नियुक्ति की मांग की गई थी।

# प्रभारी निरीक्षक की हुई विदाई, लोगों की आंखों हुई नम

## अपने कार्यकुशलता से क्षेत्र में लोगों से खूब लूटी वाहवाही

**नम आंखों से विधायक, चेयरमैन, मीडियाकर्मियों और सह कर्मियों ने दी प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह को विदाई!**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहम्मदी-खीरी। जिले में अपराध को नियंत्रण रखने के लिए पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा ने कई प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र का फ़ेरबदल किया है इसी क्रम में मोहम्मदी प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह का तबादला सदर कोतवाली लखीमपुर किया गया।

प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी अम्बर सिंह का स्थानांतरण होने पर कोतवाली परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई के अवसर पर क्षेत्र वासियों एवं थाना कर्मियों ने फूलमाला से लादकर विदा किया।

गौरतलब हो कि मोहम्मदी कोतवाली प्रभारी रहे अम्बर सिह का लखीमपुर सदर कोतवाली तबादला हो जाने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमे सभी ने इंस्पेक्टर अम्बर सिंह की कार्यशैली को सराहा और फूल मालाओं से उनका विदाई समारोह किया।

विदाई समारोह के समय पुलिसकर्मियों की आखें नम हो गई जिसे देखकर वो खुद भावुक हो गए और आंखे नम हो गई, प्रेस वेलफ़ेयर एसोसिएशन मोहम्मदी की तरफ से सेल्फी प्वाइंट पर कोतवाली प्रभारी अम्बर सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमे मुख्य रूप से सभी पत्रकार साथी मौजूद रहे कार्यक्रम मे द़र्जा राज्य मंत्री/ क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिह, नपाप अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला, अतुल रस्तोगी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। शाल ओढाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सी ओ अरुण कुमार सिंह समेत तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने पर एनटीपीसी ऊंचाहार को मिला सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार का उत्तर क्षेत्रीय राजभाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन का द्वितीय पुरस्कार एनटीपीसी ऊंचाहार को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से एनटीपीसी ऊंचाहार के महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव व वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्रीनिवास शर्मा ने राजभाषा सम्मेलन में प्राप्त किया। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र व आईआईटी जोधपुर के निदेशक शांतनु चौधरी ने भी इस सफलता पर बधाई दी।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने परियोजना प्रमुख को राजभाषा पुरस्कार सौंपा और उनके मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया।

इस मौके पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने कहा कि एनटीपीसी ऊंचाहार विद्युत उत्पादन में अग्रणी रहने के साथ-साथ राजभाषा के उत्थान के प्रति भी पूर्ण रूप से समर्पित है। राजभाषा का प्रचार-प्रसार हमारी कार्य-संस्कृति में समाहित है। हिंदी हम भारतीयों के दिलों में वास करती है। राजभाषा के क्षेत्र में एनटीपीसी ऊंचाहार सभी के लिए रोल मॉडल बनकर सामने आया है।

मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने बताया कि एनटीपीसी ऊंचाहार के लिए ये गौरव का पल है जब विद्युत उत्पादन के साथ-साथ हम राजभाषा में भी नई बुलंदियां छू रहे हैं। भारत सरकार द्वारा राजभाषा पुरस्कार मिलना हमें राजभाषा में और अधिक कार्य करने के प्रति प्रेरित करता है।वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्रीनिवास शर्मा ने कहा कि हम अपने सभी कर्मचारियों को दैनिक तौर पर राजभाषा में कार्य करने व अपने सहयोगियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रेरित करने की अपील करते हैं उसी का यह परिणाम है कि हमारे प्रयासों को गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने पहचाना और राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने पर हमारी परियोजना को सम्मानित किया।

# रामायण के पन्नों को जलाने वालों को सबक सिखाने को तैयार है वाल्मीकि समाज: प्रकाश पाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा)ने सदैव ही सभी धर्मों,वर्गों एवं समाज के महापुरुषों का सम्मान किया है। जो लोग महर्षि वाल्मीकि रामायण के पन्नों को जला रहे और अपमान कर रहे हैं, उनको यह समाज सबक सिखाने के लिए तैयार बैठा है।यह बातें मंगलवार को भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित बुंदेलखंड क्षेत्र मछुआरा प्रकोष्ठ एवं अनुसूचित मोर्चे की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि प्रभु राम काल्पनिक हैं तो निषाद राज प्रभु के बाल सखा कैसे हो सकते हैं वो अदालत को गुमराह कर रहे थे।

आगे उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं सभी वर्गों एवं सभी समाज के कमजोर परिवारों के पास बिना भेदभाव के पहुंच रही है। ये विपक्ष को नागवार गुजर रही। भाजपा ने राम सखा निषाद राज के समाज के उत्थान के लिए गंगा के किनारे बसे मछुआरा समाज के परिजनों की चिंता करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं मोदी के नेतृत्व में चल रही है। सभी योजनाएं इन समाज के परिवारों को मिल रही है।पूर्व राज्यसभा सांसद जयप्रकाश निषाद ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। इस अवसर पर मछुआरा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी मंडल स्तर तक पहुंचकर जहां-जहां पर भी निषाद राज की मूर्तियां लगी है एवं गंगा किनारे 14 जनवरी से 22 जनवरी के मध्य स्वच्छता अभियान चलाकर 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की तैयारी प्रारंभ कर दें।

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों और मंदिरों में दीप जलाकर उत्सव मनाएं राम भक्त : मनीष शुक्ला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने प्रदेश के लोगों से प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घरों को सजाने, घरों-मंदिरों में दीप जलाने के साथ ही उस दिन को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया है। शुक्ला मंगलवार को विकाश खण्ड बक्शा के ग्राम सभा गौरा कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि 1528 में मुगलिया और बाबरी सोच ने हमारे राम जी के मंदिर तोड़वा कर मस्जिद का निर्माण करवाया था। उनका उद्धेश्य था हम सनातनियों की आस्था पर चोट करना। भारत की आत्मा पर चोट करना। हम सनातनियों का दुर्भाग्य यह रहा कि 1947 में आजादी मिलने के बाद हमारी सरकार में बैठे लोगों की सोच भी उनसे अलग नहीं निकली। उन्होंने भी हमारे राम के साथ न्याय नहीं किया। लेकिन राम भक्तों ने अपने हृदय में रामजी को विराजमान रखा। देश के लोगों ने 2014 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। आज भव्य राम मंदिर निर्माण हो रहा है।

उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण के संकल्प को व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारम्भ किया गया है। इस यात्रा का उद्देश्य पूरे देश के अन्दर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी एवं लाभार्थी परक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।

भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' विगत 15 नवम्बर 2023 को प्रधानमंत्री मोदी ने जनजाति समाज के महानायक भगवान बिरसा मुण्डा जी के पावन जयन्ती के अवसर पर शुभारम्भ किया था। यह यात्रा 26 जनवरी तक चलेगी। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प लेकर बिना किसी भेदभाव के समाज के हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के इन संकल्पों को आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को सफल बनाकर हर एक शोषित, गरीब, वंचित तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसके जीवन में परिवर्तन लाना होगा। इसके माध्यम से हमें वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया के सामने एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना होगा।

# संगम की रेती पर बसने लगी तम्बुओं की नगरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज, 09 जनवरी (हि.स.)। संगम की रेती पर एक माह तक चलने वाले पवित्र कल्पवास के लिए तम्बुओं की नगरी सजने लगी है। देश के कोने-कोने से संत और महात्मा संगमनगरी पहुंच कर अपने-अपने शिविर की तैयारियों में लग गये है। कल्पवासी भी 11-12 जनवरी से कल्पवास के लिए मेला क्षेत्र में पहुंचने लगेगे। माघ मेला के प्रभारी अधिकारी दयानन्द प्रसाद का कहना है कि मेले की सभी तैयारियां पूरी हो गयी है, फिनिशिंग टच दिया जा रहा है।

बता दें कि, कल्पवास के लिए देश के कोने-कोने से संतों का आगमन मेला क्षेत्र में होने लगा है। वह अपने शिविर को व्यवस्थित करने में लग गये है। मेला प्रशासन ने शिविर लगाने के लिए सबसे पहले जमीन का आवंटन दण्डी संन्यासियों को किया था। उनका शिविर गंगोली शिवाला मार्ग से लेकर ओल्ड जीटी रोड और हरिश्चन्द्र मार्ग तक लग रहे हैं। अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम महाराज, परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज, महामंत्री स्वामी शंकराश्रम महाराज और स्वामी रामाश्रय महाराज का शिविर ओल्ड जीटी रोड पर एवं अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी प्रबंधन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी विमलदेव आश्रम महाराज सहित अन्य संतों के शिविर लगने लगे हैं।

आचार्य बाड़ा में जगद्गुरु स्वामी डॉ कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य महाराज, जगद्गुरु स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज, जगद्गुरु स्वामी चन्द्रभूषणाचार्य महाराज सहित अन्य संतों के शिविर लग गये है। खाक चौंक में महामंडलेश्वर स्वामी रामतीर्थ दास महाराज, रामसंतोष दास महाराज, टाटाम्बरी महाराज, कोल्हू नाथ खालसा, स्वामी शशिकांत दास महाराज, सरयू दास महराज बीकानेर, बालकदास महाराज, सीताराम दास महाराज, वृन्दावन के सिद्धपीठ बंशीवट के बृजमोहन दास बंशी बाबा, राघव दास महाराज सहित अन्य संतों के शिविर लगने लगे हैं।त्रिवेणी मार्ग पर शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज सहित अन्य प्रमुख संतों के शिविर लगने लगे हैं। परेड में ओम नमः शिवाय का शिविर लग गया है उनकी ओर से मेला क्षेत्र के दर्जन भर स्थानों पर दिन-रात विशाल अन्नक्षेत्र चल रहा है। अन्नपूर्णा मार्ग पर परमहंस स्वामी प्रभाकर महाराज, काली मार्ग पर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज, परमहंस हरिचैतन्य ब्रह्मचारी महाराज सहित अन्य प्रमुख संतों के शिविर लगने लगे हैं।

अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज का कहना है कि माघ मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है। उन्होंने कहा कि इस बार मेले की तैयारियां बहुत बेहतर है। नागवासुकी पर पाण्टून पुल और बख्शी बांध पर फ्लाईओवर बनने से मेला क्षेत्र की रौनक बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत, मेलाधिकारी महाकुम्भ विजय किरन आनंद के नेतृत्व में माघ मेलाधिकारी दयानन्द प्रसाद ने मेले की तैयारियां समय से बहुत अच्छी किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए एन एफ आई आर एवम एन जे सी ए के आह्वान पर आयोजित भूख हड़ताल में कर्मचारी हुए शामिल

## पुरानी पेंशन के लिए सर्वस्व कुर्बान कर देंगे : विनोद राय

**दिनांक 09 दिसंबर को आयोजित क्रमिक भूख हड़ताल पर यांत्रिक कारखाना तथा राज्य सरकार के सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी सम्मिलित हुए**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर। राष्ट्रीय महामंत्री एम राघवैया के आह्वान पर आज राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मंच गख्इ के गोरखपुर के सयोजक एवं महामंत्री पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ श्री विनोद राय के नेतृत्व में आज पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ एवम राज्य सरकार के सैकड़ों कर्मचारी यांत्रिक कारखाना गेट के पास भूख हड़ताल पर बैठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ यांत्रिक कारखाना के मंडल मंत्री श्री आर पी भट्ट और संचालन संयुक्त मंत्री श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री विनोद राय ने कहा आज कर्मचारियों का सबसे ज्वलंत मुद्दा पुरानी पेंशन है,लेकिन वर्तमान सरकार चुप्पी साधकर बैठी है हम पुरानी पेंशन के इस लड़ाई को आखिरी सांस तक लड़ेंगे और अपने इस संवैधानिक हक को प्राप्त कर के ही मानेंगे ।क्योंकि पुरानी पेंशन ही कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है ।महामंत्री विनोद राय ने कर्मचारियों का आह्वान किया कि वह एन एफ आई आर/एन जे सी ए के साथ अपने आंदोलन को आगे बढ़ाएं जिससे सरकार पर दबाव बनाया जा सके और पुरानी पेंशन बहाल हो सके। सभा को पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी श्री ए के सिंह, आर पी भट्ट, दीपक चौधरी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के श्री रूपेश श्रीवास्तव,तारकेश्वर शाही, मदन मुरारी शुक्ला, इत्यादि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री मनोज द्विवेदी ,आरपी भट्ट, के एम मिश्रा,एस सी अवस्थी, , कौशल कुमार सिंह, दीपक चौधरी, ए क सिंह रामकृपाल शर्मा कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद विद्यासागर, विजय पाठक, देवेश सिंह, अंशुमाल पाठक,ए बी पांडे,अजय त्रिपाठी,आरडी सिंह, धीरज सिंह, धीरज हरकेश बहादुर चंद्रशेखर चौबे लक्ष्मी श्रीवास्तव, हरिकेश बहादुर ,निशांत यादव, चंद्र शेखर चौबे परमात्मा सिंह, प्रदीप कुमार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के श्री गोविंद जी, मदन मुरारी शुक्ला , अशोक सिंह , सहित तकरीबन 200 कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया।

# जीएसटी अधिकारियों ने 1.7 करोड़ टैक्स की पकड़ी चोरी

## दास ज्वेलर्स पर लगाया 6.64 लाख का जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। नए साल में व्यापारी जीएसटी अधिकारियों की रडार पर है। बीते आठ दिनों में तीन नामचीन व्यापारियों के यहां छापे पड़ चुके हैं। इनमें ज्वैलर्स के दो कारोबारी और पान मसाला व्यवसाय से जुड़े एक व्यापारी शामिल है। बीती रात अयोध्या की जीएसटी टीम ने दास आभूषण भंडार से एक करोड़ 7 लाख का टैक्स चोरी पाया। जिस पर कुल 6.64 लाख का टीम ने जुर्माना लगाया है। निरंतर जिले में जीएसटी अधिकारियों की रेड से जहां व्यापारी वर्ग परेशान है वही इन व्यापारियों के नाम पर प्रशासन में बैठकर मलाई काटने वाले मौका परस्त संगठन के पदाधिकारी दरबे में घुसे हैं।

जीएसटी प्रवर्तन अधिकारियों की टीम ने शहर के ठठेरी बाजार में दास ज्वैलर्स पर सोमवार शाम रेड मारा था। रात 11 बजे ठीक यहां से टीम वापस लौटी है। यहां रेड के दौरान डिप्टी कमीशनर प्रशांत सिंह ने बताया कि टीम ने बिना हिसाब किताब के 1.07 करोड़ रुपए धनराशि कीमत का सोना-चांदी बरामद किया। जिस पर प्रवर्तन टीम के अधिकारियों ने 3.32 लाख तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाकर कुल 3.32 लाख रुपए जुर्माना के तौर पर वसूल किए। कुल 12 सदस्य जीएसटी टीम में शामिल थे। इनमें अयोध्या प्रवर्तन दल के ज्वाइंट कमिशनर धनंजय प्रताप सिंह, डिप्टी कमिशनर प्रशांत कुमार सिंह, सहायक कमिशनर जियालाल और अनुराग मौजूद थे। इसके पूर्व शुक्रवार को भी चैक ठठेरी बाजार मोहल्ले में बाबा आभूषण भंडार के व्यवसायी आजाद सेठ की दुकान पर अयोध्या की जीएसटी टीम ने रिकॉर्ड के बिना सोने-चांदी के सामान रखने व बेचने की जानकारी पर रेड मारा था। आभूषण भंडार पर रिकॉर्डों की छानबीन में टीम ने एक करोड़ 14 लाख रुपये का अतिरिक्त सोने-चांदी का माल पकड़ा था। रिकॉर्ड से अधिक माल मिलने पर टीम ने टैक्स समेत करीब छह लाख 82 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है। टैक्स जमा न करने पर टीम ने कार्रवाई की चेतावनी दिया था। जिस पर ज्वैलर्स ने तुरंत जुर्माने व टैक्स की राशि जमाकर दी थी। बीते 2 जनवरी को कोतवाली नगर के शाहगंज स्थित बीबिया मस्जिद के नीचे पान मसाला व सिगरेट व्यवसाई एजाज अहमद के डीएस ट्रेडर्स प्रतिष्ठान पर अयोध्या की जीएसटी टीम ने रेड मारा था। टीम यहां से जांच पड़ताल करते हुए व्यवसाई के खैराबाद स्थित आवास पर पहुंची थी। जहां रात नौ बजे तक पड़ताल चली थी। सेस व बिक्री टैक्स की निगरानी कर रही जीएसटी की अयोध्या टीम ने डीसी प्रशांत सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की थी। जांच में टीम को तीन प्रतिष्ठानों को मिलाकर लगभग 31.50 लाख का माल कम मिला था। इसके बाद भी सेल व आईटीसी का बकाया करीब 47.50 लाख रुपए पाया गया। टीम ने मौके पर ही बकाया टैक्स जमा करा लिया है।

# कॉलेज की जमीन का मिला करोड़ों में मुआवजा, प्रबंधक ने कर डाला गोलमाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। भ्रष्टाचार का अजीबो गरीब मामला प्रकाश में आया है। यहां कॉलेज की जमीन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में जाने पर सरकार ने कॉलेज के एकाउंट में मुआवजे की एक करोड़ 57 लाख 29 हजार 220 धनराशि डाल दी। आरोप है कि उस रकम से कॉलेज प्रबंधक ने जैसे-तैसे मानक विहीन कुछ कमरे बनवाकर बाक़ी की धनराशि हड़प कर ली है। जिसकी शिकायत समाज सेवी ने डीएम व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की है।

ये पूरा मामला बल्दीराय तहसील क्षेत्र के धनपतगंज ब्लॉक अंतर्गत श्री शोभाराम राष्ट्रीय इंटर कॉलेज चंदीपुर से जुड़ा है। जहां के प्रबंधक योगेंद्र प्रताप मिश्रा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। धनपतगंज के भीखरपुर गांव निवासी समाजसेवी शिव बख्श उपाध्याय पुत्र नरसिंग नारायण उपाध्याय ने संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। उनका आरोप है कि गाटा संख्या 551ख, 552 जो की विद्यालय की जमीन थी वो पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण में अधिग्रहण की गई थी। जिसमें 1,57,29,220 रूपये धनराशि बतौर मुआवजा के रूप में विद्यालय को प्रदत्त की गई थी। ये रकम विद्यालय के संस्था द्वारा संचालित खाते में आयी थी। जिसका खाता केनरा बैंक के शाखा धनपतगंज में संचालित है।

आरोप है कि प्रबंधक योगेंद्र प्रताप मिश्रा द्वारा विद्यालय का एकल खाता होने की वजह से विद्यालय में कुछ कमरों का निर्माण कार्य मानक विहीन कराते हुए विद्यालय को प्राप्त धनराशि स्वयं के उपयोग में कर लिया गया। जबकि जो भी निर्माण कार्य कराया गया उसको कार्यकारिणी की सहमति से तथा सक्षम अधिकारी के दिशा-निर्देश पर विद्यालय के हितार्थ कराया जाना चाहिए था जो नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि प्रबंधक द्वारा जो भी कार्य कराया जाता है उसमें पारदर्शिता नहीं होती है। विद्यालय के कर्मचारियों को भी एकाधिकार होने की वजह से आये दिन प्रताड़ित किया जाता रहा है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच कराई जाए और जांच टीम में हमको भी सम्मिलित किया जाए। जिससे की निष्पक्ष रूप से जांच हो सके और दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विद्यालय के हित को ध्यान में रखते हुए उचित कार्यवाही की जा सके।

## हाइवे पार नवीन मंडी के पास व्यापारी से 65 हजार की टप्पेबाजी

सुल्तानपुर। लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे पर स्थित नवीन कृषि मंडी पर आज तड़के व्यापारी से 65 हजार रुपए की टप्पेबाजी हुई। बदमाशों ने वाहन चेकिंग के नाम व्यापारी को रोककर घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने पुलिस की टोपी लगा रखा था। दरअस्ल घटना कोतवाली नगर के एआरटीओ कार्यालय के पास स्थित नवीन कृषि मंडी की है। जहां मंगलवार तड़के कूरेभार थानाक्षेत्र का व्यापारी माल लेने मंडी के पास आया था। सुबह करीब 4 बजे के आसपास जब वो मंडी के पास पहुंचा तो पुलिस का स्टीकर लगी गाड़ी से कुछ लोग उतरे और व्यापारी को रोका। बताया जा रहा है बदमाशों ने पुलिस की टोपियां लगा रखी थी। चेकिंग के नाम पर बदमाशों ने व्यापारी के पास मौजूद 65 हजार रुपए पार किए।

बदमाश व्यापारी से पैसा लेकर अमेठी रोड की तरफ फरार हो गए। घटना की जानकारी जब अन्य व्यापारियों को हुई तो मंडी परिसर में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने घटना की सूचना डायल 112 और कोतवाली पुलिस को दी। नगर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। बताया जा रहा है कि अब तक ऐसी आधा दर्जन घटनाएं बनकेपुर से लेकर मंडी के पास तक घटित हो चुकी है। वही नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## हाईकोर्ट और बोर्ड आफ रेवेन्यू का आदेश नहीं मानती पुलिस और तहसील प्रशासन

सुलतानपुर'। हाईकोर्ट और बोर्ड आफ रेवेन्यू के स्थगन आदेश को जयसिंहपुर पुलिस और तहसील प्रशासन की शह पर रौंदा जा रहा है। आलम यह है कि फरियादी अफसरों की चैखट नाप रहा है और विपक्षी बेखौफ होकर निर्माण कराने में जुटे हैं। मामला जयसिंहपुर तहसील और थाने के बीच चंद कदम दूरी का है। जहां कांधापुर गांव निवासिनी हीरावती पत्नी शेरबहादुर तिवारी और मालती पत्नी राम मिलन मौर्या नें गांव के ही सरजूदेई पत्नी जगदेव से गाटा संख्या 255, रकबा 0.4310 हेक्टेयर का रजिस्टर्ड बैनामा लिया है। जिससे नाराज होकर सरजूदेई के पट्टीदार प्रदीप कुमार सुत राम दुलार, विजय कुमार व संदीप सुतगण राम अवध निवासीगण कांधापुर नें विक्रीत भूमि की खारिज दाखिल में आपत्ति दर्ज कराई है। यह प्रकरण अभी नायब तहसीलदार के न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त भूमि पर उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्ड पीठ व बोर्ड आफ रेवेन्यू ने स्थगन आदेश भी पारित कर रखा है। बावजूद इसके विपक्षी प्रदीप, दिलीप सुतगण राम दुलार, संदीप, विजय सुतगण राम अवध स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन को हमवारकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। पीड़ित पक्ष थाना,तहसील, सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुका है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। थक हारकर पीड़िता हीरावती नें डीएम-एसपी को पत्र भेजकर उच्च न्यायालय और राजस्व परिषद के आदेश का पालन कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## रियाज हसन खान उर्फ इन्नू के निधन पर शोक

**सुल्तानपुर।** अंजुमन जीनतुल अजा अलीगढ अमहट के संरक्षक रियाज हसन उर्फ इन्नू का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुन कर शोक की लहर दौड़ गयी, उनके पैत्रिक आवास अलीगढ़ में लोगों का तांता लगा रहा। रियाज हसन एक सामाजिक इन्सान थे और अमहट व आस पास के इलाकों में मजलिसों और महफिलों में जोरदार गगन चुम्बी नारा लगाते थे उनके नारे की गूंज पूरी महफिल को जगा देती थी यही उनकी पहचान थी। उनकी इस कमी को हमेशा महसूस किया जायेगा जिसकी भरपाई नहीं हो सकती उनकी उम्र लगभग 100 साल के ऊपर थी उनको मंगलवार को दोपहर बाद अमहट पार्क के पास अलीगढ़ के कब्रिस्तानमें सिपुर्दे खाक किया गया। इसकी जानकारी हैदर अब्बास खॉ अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिऐशन सुलतानपुर ने दी है।

## अयोध्या जैसा राम मंदिर अमरोहा में बना कौतूहल का केंद्र

अमरोहा। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में श्रीरामलला के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा पर दुनिया भर के भारतवंशियों की निगाहें लगी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर प्राचीन वैभवशाली सभ्यता का गौरवबोध कराता अमरोहा जिले में श्रीराम मंदिर भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग संख्या नौ स्थित अमरोहा के औद्योगिक क्षेत्र गजरौला में अयोध्या जैसा एक श्रीराम मंदिर भी अब आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। दोनों ही भव्य मंदिरों के आर्किटेक्ट चंद्रकांत सोनपुरा हैं। औद्योगिक क्षेत्र गजरौला के इस भव्य मंदिर की स्थापना वर्ष 1989 में देश के प्रसिद्ध औद्योगिक घराने वेम आर्गेनिक के मालिक भरतिया परिवार द्वारा वर्ष 1989 में की गई थी, इस मंदिर की भव्यता अवर्णनीय है। दूसरी ओर अयोध्या का श्रीराम मंदिर 1990 में चंद्रकांत सोनपुरा द्वारा डिजाइन किया गया था। सौभाग्य की बात यह है कि रामराज्य के आदर्शो से प्रेरित साझा मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश इस मंदिर की वास्तुकला में झलकता है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े अधिकारी अशोक राय एवं निदेशक जनंसपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि गजरौला स्थित श्रीराम मंदिर में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भव्य आयोजन के आगत के स्वागत को लेकर मंदिर प्रांगण का साज श्रृंगार आदि तैयारियां जोरों पर हैं, मंदिर को फूलों से सजाया संवारा जा रहा है, अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी सोमवार 22 जनवरी को जब पूरा देश राममय होगा इसके लिए घरों में दीप प्रज्ज्वलित से पहले विधिवत पूजन अर्चन करने के बाद भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस तरह औद्योगिक क्षेत्र गजरौला भी भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हुए श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के सजीव चित्रण का साक्षी बने ऐसा प्रयास किया जाएगा।

## गैंगस्टर के रिश्तेदारों के ठिकानो पर ईडी का छापा

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में गैंगस्टर के ठिकानो पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने छापेमारी की। बुलंदशहर-हापुड़ रोड स्थित राधिका एंक्लेव के कालोनाइजर सुधीर गोयल की मनी लार्डिंग की जांच करने लखनऊ से आई ईडी की पांच टीमों ने कालोनाइजर सुधीर गोयल के आवास सहित सगे संबंधियों के पांच स्थानों पर छापेमारी की। ईडी बंद कमरों में कालोनाइजर के सहयोगियों और उनके परिजनों से पूछताछ में जुटी है और कुछ दस्ताावेज भी कब्जे में लिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सात बजे ईडी की अलग-अलग टीमों ने छापेमारी की है। कालोनाइजर को गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीट की कार्रवाई के बाद पत्नी व तीन अन्य साथियों समेत दो सप्ताह पहले जेल भेज दिया गया था। गोयल पर करोड़ों रुपये की मनी लार्डिंग का आरोप है। इसकी जांच के लिए ईडी की पांच टीम सीआरपीएफ जवानों के साथ सुबह 7 बजे नगर में पहुंची। ईडी की एक टीम सुधीर के बेटे से पूछताछ कर रही है। दूसरी टीम गीता नाम की महिला से पूछताछ में जुटी है। तीसरी टीम चौक बाजार निवासी कालोनाइजर के बहनोई स्व. प्रमोद कुमार टीटू गन हाऊस वालों के घर पर छापेमारी की। ईडी की चौथी टीम ने आवास विकास में छापेमारी की। ईडी की पांचवीं टीम ने व्यापारी नेता नीरज जिंदल निवासी रामा एंक्लेव के घर पर छापेमारी की। यहां भी टीम नीरज जिंदल और उसके परिजनों से पूछताछ में जुटी है। राधिका एंक्लेव कालोनी में छापेमारी के दौरान सीआरपीएफ के जवान तैनात किये गये थे। श्लोक कुमार ने बताया कि लखनऊ से ईडी की टीमें आई हैं। कालोनाइजर की मनी लार्डिंग की जांच को टीम छापेमारी कर रही है।

# सरकार की खाद्य व्यवस्थाओं को धता बता रहे स्थानीय अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय खाद्य पूर्ति निरीक्षक के ऑफिस पर लटकता रहता है ताला। आए दिन परेशान होते रहते हैं ग्रामीण व शिकायतकर्ता। बताते चलें जहां प्रदेश सरकार खाद्य विभाग में नए-नए नियमों और कानूनों के द्वारा क्षेत्र की गरीब जनता में खाद्यान्न पहुंचाने के लिए प्रयासरत रहती है वहीं बल्दीराय क्षेत्र में आए दिन खाद्य अधिकारियों की मनमानी व ऑफिस में न होने की वजह से क्षेत्र के कार्ड धारक व गरीब जनता कार्डो में सुधार व नया कार्ड बनवाने इत्यादि को लेकर आए दिन खाद्य पूर्ति निरीक्षक के ऑफिस के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मगर ऑफिस पर खाद्य पूर्ति निरीक्षक व बाबू उपलब्ध न होने से निराश होकर शिकायतकर्ता वापस चले जाते हैं। मंगलवार को अपनी शिकायत लेकर पहुंचे शिकायतकर्ता दिनेश शुक्ल पारा बाजार आदि लोगों ने बताया कि की दिनों से ठंड में हम लोग राशनकार्ड के सुधार व नया बनवाने के लिए आ रहे हैं मगर आये दिन आफिस बंद ही रहता है। वही सविता निवासी सेमरा का कहना है कि राशनकार्ड के चक्कर में आफिस के चक्कर लगा लगा कर थक चुकी हूं। पता नहीं मेरा राशनकार्ड बन पायेगा या नहीं ।

इस बाबत उपजिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज पूर्ति निरीक्षक बल्दीराय भाजपा संकल्प रैली में व्यस्त हैं इसलिए नहीं आ सके । परन्तु शिकायत कर्ताओं ने बताया कि कोई महीने भर से चक्कर लगा रहा है तो कोई लगातार दो दिन से चक्कर लगाने को मजबूर हैं परन्तु न ही पूर्ति निरीक्षक और न ही कोई लिपिक मौजूद मिला।

## कौशल विकास के छात्राओं को किया गया सम्मानित

सुलतानपुर। कटका क्लब शिक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विद्यालय स्तर के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । कौशल प्रशिक्षण में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा कुमारी, दूसरा स्थान शिल्पा अग्रहरी और तीसरे स्थान लक्ष्मी यादव का रहा। इस दौरान सुलतानपुर में अकारीपुर कौशल विकास के छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र अध्यक्ष ने कहा कि कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विद्यायल स्तर के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसके बाद पांचो चरण का पेपर संपन्न करने के तत्पश्चात जिले स्तर का पेपर सकुशल संपन्न कराया जाएगा ।इस मौके पर उपस्थित रेलवे के साथी दूधनाथ गुप्ता ने कहा कि ऐसे बच्चों को और प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है जो कम संसाधनों में भी बेहतर परिणाम लाकर अपनी प्रतिभा को दर्शातें हैं। आकाश सिंह ने बताया कि जो भी छात्र सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा में पास हुए हैं, उन सभी को शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं के अभिभावकों ने कटका क्लब शिक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा बच्चों को सम्मानित करने पर उनका आभार प्रकट किया। मुख्य भूमिका में संस्था के नफीस खान, महेंद्र गुप्ता, उमा शंकर चैरसिया, रोहिताश, लकी,बबलू सिंह राजीव यादव आदि लोग उपस्थित रहें।

# हरिशंकर वर्मा पुनः बने जयसिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जयसिंहपुर विधानसभा का पुनः भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर जयसिंहपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गयी है। श्री वर्मा राष्ट्रीय स्वयं संघ के सेवक हैं। भाजपा के वफादार सिपाही के साथ साथ मृदुभाषी सरल स्वभाव के होने के कारण प्रत्येक कार्यकर्ता के दिल में बसते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पार्टी ने उन्हे एक बार फिर से यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। श्री वर्मा को पुनः मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बालगोविंद तिवारी, अरुण मिश्र, प्रतीक मिश्र, राहुल वर्मा, काली सहाय, गोविंद पाण्डेय, अमित तिवारी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल राजनैतिक भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं ।

# आपदा पीड़ित परिवार की मछुआ कल्याण संस्थान ने की आर्थिक मदद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आज मछुआ कल्याण संस्थान के अध्यक्ष योगेश निषाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल आपदा पीड़ित परिवार से मिला और आर्थिक मदद की, लेकिन जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा पीड़ित परिवार को सांत्वना व आर्थिक मदद न किये जाने से मछुआ समाज में आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञातव्य हो कि बीते शुक्रवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के रतनपुर गांव के सुशील कुमार निषाद (30) की आकाशीय बिजली गिरने से आकस्मिक निधन हो गया था। आपदा पीड़ित परिवार की मछुआ कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों ने मछुआ समाज के समाजसेवियों से 18 हजार 100 रुपये संग्रहित कर पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की। इस मौके पर रमेश निषाद, हरिश्चंद्र निषाद, अंशू निषाद, संतराम निषाद, अनिल निषाद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला कंाग्रेस कमेटी कार्यालय में आज कंाग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश की योगी सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह उठाया अभिषेक सिंह राणा ने कहा की आज पूरे देश में अगर किसी प्रदेश में अपराध का ग्राफ के बढ़ा है तो वो है उतर प्रदेश अभिषेक ने कहा की प्रदेश सरकार अपराध पर अंकुश नही लगा पा रही वहीं बनारस में छात्रा के साथ हुए दुराचार मामले अभी तक किसी ठोस कार्यवाही पर कंाग्रेस जिला अध्यक्ष ने सवाल उठाए उन्होंने कहा छात्रा के साथ दुराचार करने वाले सभी भारतीय जनता पार्टी के सदस्य थे इसलिए सरकार उन्हे बचा रही है उन्होंने कहा की कंाग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जब इस बात को जगजाहिर किया था की दुराचारी बीजेपी के कार्यकर्ता है तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया,पिछले दिनों पूर्वांचल माफिया के इनकाउंटर मामले को भी जिलाअध्यक्ष ने कटघरे में खड़ा कर दिया उन्होंने कहा की विनोद उपाध्याय इतना बड़ा अपराधी नही था की उसका इनकाउंटर हो वो तो छात्र जीवन से गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ का विरोध करता था इसी लिए उसके इनाम की राशि बढ़ाई गई और उसका इनकाउंटर हो गया अभिषेक सिंह राणा ने कहा की वो इन सब मामलो को लेकर जल्द जिलाधिकारी से मुलाकात कर वार्ता करेंगे।

# निमंत्रण मिला तो जरुर जाऊंगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह में: टिकैत

एजेंसी

सहारनपुर। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह टिकैत ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता मिलने पर वह जन आस्था से जुड़े समारोह में जरुर जायेंगे।

श्री टिकैत ने यूनीवार्ता से कहा ल्ल अयोध्या में राम जन्मभूमि पर विशाल और भव्य राम मंदिर बना है, जिसका 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है। यह देश दुनिया के सभी हिंदुओं की भावनाओं से जुड़ा मामला है और यदि उन्हें इस अभूतपूर्व समारोह का निमंत्रण मिलता है तो मैं अवश्य ही वहां जाऊंगा। उन्होने कहा कि राम जन्मभूमि हिंदुओं की थी जिसे उच्चतम न्यायालय ने हिंदुओं को सौंपा और वहां एक ट्रस्ट की देखरेख में हिंदुओं के सहयोग से भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। यह सभी भारतीयों के लिए हर्ष और सौभाग्य की बात है। इस विवाद का सुप्रीम कोर्ट ने सर्वमान्य हल किया था, जिसे सभी ने स्वीकार किया था और यही वजह है कि देश में मंदिर निर्माण को लेकर सभी समुदाय सहमत और प्रसन्न हैं। इससे अच्छी कोई बात मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के लिए और कोई नहीं हो सकती है। चौधरी टिकैत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए और शीघ्र ही घोषित किया जाए। जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गन्ना पट्टी के किसानों को लाभ हो सके। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी कानून बनाया जाना चाहिए। जिससे इसके ना होने से किसानों को नुकसान हो रहा है। किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। किसान नेता ने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है। जबकि किसान हितों की उपेक्षा हो रही है इसके लिए भारतीय किसान यूनियन बड़ा वैचारिक आंदोलन चलाएगी। जिसके लिए वह किसानों को जागरूक और एकजुट करने में लगे हैं। राकेश टिकैत ने बताया कि आज चौधरी जगबीर सिंह हत्याकांड को लेकर उनके और हमारे परिवार के बीच गांव करवाड़े में हुई पंचायत में समझौता हो गया हैं जो बहुत ही अच्छी बात है। इस मामले में कोर्ट का भी फैसला आ गया था लेकिन पंचायत ने दोनों पक्षों के परिवार के लोगों को बैठाकर भी समझौता करा दिया है। गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर के किसान नेता चौधरी जगबीर सिंह की हत्या हो गई थी जिसमें उनके परिवार के लोगों ने भाकियू नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के परिवार के सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राकेश टिकैत ने कहा कि इस पंचायत में जगबीर सिंह के बेटे योगराज और योगराज के भाई संजीव प्रधान और केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के भाई भी शामिल रहे।

# अमरोहा में सो रहे पांच लोगों की मौत, दो गंभीर

एजेंसी

अमरोहा। उत्तर प्रदेश में अमरोहा के सैदनगली थाना क्षेत्र में घर में सो रहे सात लोगों में से पांच की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई जबकि दो को गंभीर हालत में अमरोहा तथा संभल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण दम घुटना बताया है मगर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के बारे में मंगलवार देर शाम पता चल सका, जब गांव वालों ने किसी तरह घर में जाकर दरवाज़ा खोला जहां बच्चों समेत सात लोग बेहोशी की हालत पड़े थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया इस दौरान पांच लोगों की मौत हो चुकी थी जबकि दो की सांसें चल रही थी ।

सूत्रों ने बताया कि थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर भूड़ में रईसुद्दीन का परिवार रहता है। सोमवार को खाना खाने के बाद साले रहमत की बेटी और बहन की बेटी समेत सारा परिवार सो गया था। अगले दिन मंगलवार की शाम तक जब कोई घर से बाहर नहीं निकला तो पड़ोसियों को शक हुआ। इसके बाद फोन किया लेकिन जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीण मकान के पीछे से दीवार फांद कमरे का गेट तोड़कर अंदर घुसे तो वहां का नज़ारा चौंकाने वाला था। बेसुध पड़े सात लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया इस दौरान पांच लोगों की मौत हो चुकी थी जबकि दो की सांस चल रही थीं। आनन-फानन में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत पुलिस बल ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की तथा शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। गंभीर हालत में दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का मानना है कि हादसा दम घुटने से हुआ।

# सीओ ऑफिस में वर्षों से जमे पुलिसकर्मी का आखिर कब होगा स्थानांतरण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस ऑफिस में कई ऐसे मठाधीश कर्मचारी बैठे हैं.जो कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात है और एसपी ऑफिस में आने वाले मामलों में अच्छा खासा दखल रखते है।चाहे जिले के सीओ ऑफिस में हो या एसपी ऑफिस में कई ऐसी जगह पर पुलिसकर्मी लंबे समय से कार्यालय में एक ही पटल पर तैनात हैं।इन पुलिस कर्मियों का ऑफिस के मामलों में अच्छा खासा दखल रहता है, वहीं अधिकतर मामलों में हाथो हाथ निपटारा भी हो जाता है।ऐसे लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कब होगा यह एक बड़ा प्रश्न है।शासन के स्पष्ट निर्देश है कि तीन साल से अधिक समय तक एक ही थाने या ऑफिस पर जमे पुलिस कर्मियों दूसरे थानों में स्थानांतरण हो जाना चाहिए,लेकिन ऐसा अभी

तक देखने को नहीं मिल रहा है।पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में लंबे समय से जमे पुलिस कर्मियों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को होने के बावजूद अभी तक उनका ट्रांसफर अन्यत्र थाने या दूसरे कार्यालय में नहीं होना एक बड़ा सवाल है।हालांकि लोकसभा चुनाव नजदीक है और ऐसे पुलिसकर्मियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा जो कि शासन के स्पष्ट निर्देश लेकिन स्थानीय पुलिसकर्मियों को दूसरे थाने या ऑफिस में ना भेजा जाना कहीं ना कहीं शंका को सवालों को जन्म देता है।

जानकारी के मुताबिक सीओ कार्यालय से लेकर सर्विलांस ऑफिस और एसपी के कार्यालय तक कई वर्षों से तैनात एक ही पटल पर पुलिसकर्मियों से भरा पड़ा है।देखना होगा कि ऐसे पुलिस कर्मियों का कब दूसरे थानों या फिर ऑफिस में तबादला होता है।सूत्रों की माने तो नगर के सीईओ ऑफिस में तैनात पेशकार बयान देने आने वाले पीड़ितों सहित अन्य मामलों में भी इनकी संलिप्तता कई बार सामने आई।लेकिन ऐसे स्थानीय पुलिसकर्मियों कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात है।और उन पर आज तक कोई भी बड़ी कार्रवाई नहीं हुई।सूत्रों के हवाले से खबर है कि विभागीय लोगों का कहना है जो वर्षों से तैनात हैं इन्हें दूसरे जगह पर तैनाती मिलनी चाहिए की जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम ला सके और पीड़ित को न्याय मिल जाए।

## सीओ ऑफिस में आने वाले मामलों में अच्छा खासा रहता है दखल

## पुलिस ऑफिस में तैनात पुलिस कर्मियों पर स्थानांतरण नीति फ़ेल

पुलिस ऑफिस में कई ऐसे कर्मचारी बैठे हैं.जो कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात है सीओ ऑफिस में हो या एसपी ऑफिस में कई ऐसी जगह पर पुलिसकर्मी लंबे समय से कार्यालय में एक ही पटल पर तैनात हैं।इन पुलिस कर्मियों का ऑफिस के मामलों में अच्छा खासा दखल रहता है,वहीं अधिकतर मामलों में हाथो हाथ निपटारा भी हो जाता है।लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कब होगा यह एक बड़ा प्रश्न है।शासन से स्पष्ट निर्देश है कि तीन साल से अधिक समय तक एक ही थाने या ऑफिस पर जमे पुलिस कर्मियों दूसरे थानों में स्थानांतरण हो जाना चाहिए लेकिन ऐसा अभी

तक देखने को नहीं मिल रहा है।पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में लंबे समय से जमे पुलिस कर्मियों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को होने के बावजूद अभी तक उनका ट्रांसफर अन्यत्र थाने या दूसरे कार्यालय में नहीं होना एक बड़ा सवाल है।हालांकि लोकसभा चुनाव नजदीक है और ऐसे पुलिसकर्मियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा जो कि शासन के स्पष्ट निर्देश लेकिन स्थानीय पुलिसकर्मियों को दूसरे थाने या ऑफिस में ना भेजा जाना कहीं ना कहीं शंका को सवालों को जन्म देता है।जानकारी के मुताबिक सीओ कार्यालय से लेकर सर्विलांस ऑफिस और एसपी के कार्यालय तक कई वर्षों से तैनात एक ही पटल पर पुलिसकर्मियों से भरा पड़ा है।देखना होगा कि ऐसे पुलिस कर्मियों का कब दूसरे थानों या फिर ऑफिस में तबादला होता है।सूत्रों की माने तो नगर के सीओ ऑफिस में तैनात पेशकार बयान देने आने वाले पीड़ितों सहित अन्य मामलों में भी इनकी संलिप्तता कई बार सामने आई।लेकिन ऐसे स्थानीय पुलिसकर्मियों कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात है।और उन पर आज तक कोई भी बड़ी कार्रवाई नहीं हुई।सूत्रों के हवाले से खबर है कि विभागीय लोगों का कहना है कि जो वर्षों से तैनात हैं इन्हें दूसरे जगह पर तैनाती मिलनी चाहिए की जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम ला सके और पीड़ित को न्याय मिल जाए।

## आज आयुक्त की अध्यक्षता में होगी बैठक



गोण्डा। आज आयुक्त सभागार में अटल आवासीय विद्यालय के संचालन हेतु गठित मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गई है।बैठक की अध्यक्षता देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र द्वारा की जाएगी।बैठक में प्रवेश परीक्षा के संचालन हेतु नोडल अधिकारी को नामित करने, आवेदन पत्रों के वितरण, परीक्षा केंद्र के निर्धारण आदि कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

## सरकारी पत्रावली गमन करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

गोण्डा। जिले में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नगर क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना कोवतवाली नगर पुलिस टीम ने सरकारी पत्रावली गायब करने का वांछित अभियुक्त चन्द्रपाल यादव पुत्र राम अनुज यादव निवासी विशुनपुर बैरिया कोवतवाली देहात को थाना कोतवाली नगर पुलिस के अथक प्रयास से बुढ़ादेवर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।मो.हसीब ने तत्कालीन अहलमद न्यायालय अपर आयुक्त देवीपाटन मण्डल वर्तमान पेशकार न्यायालय आयुक्त देवीपाटन मण्डल ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना दिया कि तत्कालीन चतुर्थ श्रेणी सम्बद्ध कर्मचारी चन्द्रपाल यादव सफाई कर्मी नगर पालिका परिषद ने पत्रावली का गमन किया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली

नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। कोतवाली नगर की पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयास से अभियुक्त चन्द्रपाल यादव को बुढ़ादेवर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह 12 जनवरी को

बहराइच । लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केन्द्र ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानन्द जयन्ती) के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2024 को श्री मानस इण्टर कालेज विशुनपुर राहू भिन्गा रोड, बहराइच मध्यान्ह 12:00 बजे से समारोह का आयोजन किया गया है।

## राजधानी लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में निषाद पार्टी मनाएगी अपना संकल्प दिवस: संजय निषाद

गोरखपुर । मंगलवार को निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद जी ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 13 जनवरी 2024 को निषाद पार्टी अपनी 11वीं संकल्प दिवस को भव्य और विशाल बनाने जा रही है। श्री निषाद जी ने बताया कि संकल्प दिवस का आयोजन लखनऊ स्थित रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में होगा और प्रदेश भर से मछुआ समाज के लोग एकजुट होंगे।

श्री निषाद जी ने बताया कि संकल्प दिवस के कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी को आमंत्रित किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी, माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी, माननीय बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौधरी जी एवं माननीय परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह जी समेत अन्य गणमान्य अथितियों को आमंत्रित किया गया है।

श्री निषाद जी ने बताया कि रैली में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मछुआ समाज के विकास और उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को भी उनके समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की केंद्र सरकार ने 67 वर्षों में पूरे देश के मछुआ समाज के लिए केवल 3000 करोड रुपए आवंटित किए थे जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने केवल 9 वर्षों में 39000 करोड रुपए मछुआ समाज के लिए आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं निषाद समाज की चिंता करते हैं और निषाद समाज सभी लंबित मुद्दों को लेकर भी गंभीर है। पूर्व की सपा बसपा एवं कांग्रेस की सरकारों ने निषाद समाज को मुद्दों से भटकने का कार्य किया है और आगामी 13 जनवरी की रैली में मछुआ समाज के सामने गुरु की सरकारों द्वारा किए गए कुकृत्य एवं मौजूदा प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा किए गए मछुआ हितेषी कार्यों को भी उनके सामने रखा जाएगा।

## बजाज कुन्दरखी चीनी मिल ने भेजा चालू पेराई सत्र का भुगतान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दरखी चीनी मिल ने वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 के तहत दिनांक 26 नवम्बर 2023 तक पेराई किये गये गन्ने का भुगतान मूल्य 10.18 करोड़ रूपये कृषकों के खाते में भेज दिया है। यह जानकारी देते हुए इकाई प्रमुख पीएन सिंह ने बताया कि चीनी मिल आने वाले दिनो में अन्य तिथियों में आपूर्ति किये गये गन्ने का भुगतान क्रमानुसार करती रहेगी।इकाई प्रमुख पीएन सिंह ने कृषकों से अपील किया है कि चीनी मिल को साफ-सुथरा व ताजा गन्ना आपूर्ति करें। इसमें किसान व मिल दोनों का हित है।अतः किसान बन्धु चीनी मिल के सफल संचालन में सहयोगी बनें।साथ ही वसन्तकालीन गन्ना बुआई के लिए किसान बन्धु अपना स्वयं का सीओ 15023 एवं सीओ 0118 गन्ना बीज रोककर रखें एवं अधिक से अधिक क्षेत्रफल में अगेति प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें।

## मांगो को लेकर मुखर हुए अभाविप के कार्यकर्ता

### भिन्न मांगो को लेकर एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित को ज्ञापन सौंपते हुए एबीपी कार्यकर्ता




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज बहराइच। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कैसरगंज के कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर तिराहा पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवाशीष के नेतृत्व में एकत्रित होकर नारे लगाते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे, जहाँ पर अपनी विभिन्न मांगो को लेकर उपजिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित को सौंपा ज्ञापन,अभाविप के प्रदेश सह मंत्री आदर्श शुक्ला ने कहा कि कैसरगंज की युवाओं के लिए खेल मैदान न होने के कारण बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सेना भर्ती की तैयारी कर रही युवा रोड किनारे दौड़ने को मजबूर हैं जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं कैसरगंज में खेल मैदान का निर्माण हो,सहसंयोजक अभय तिवारी ने कहा कि तहसील कि अवैध नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटर का जंजाल बढ़ता जा रहा है ऐसे सभी मानक विहीन नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच कर कर अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटर को तत्काल रूप से बंद किया जाए।अभाविप के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवाशीष सिंह ने कहां कि तहसील के अधिकांश मान्यता प्राप्त विद्यालयों मे प्रयोगशालाएं नहीं बनी हुई है तथा ऐसे विद्यालयों की जांच करा कर कठोर कार्रवाई करते हुए नियमित प्रयोगात्मक कक्षाओं का संचालन करवाया जाए।इस मौके पर जितेंद्र सिंह,आकाश मिश्र,निखिल जोशी,विवेक श्रीवास्तव,पियूष सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोरखपुर महोत्सव में लांच होगा गोरखपुर का महादेव फिल्म का टीजर

### गोरखपुर और इसके आसपास के प्रमुख जगहों पर इस फिल्म की हुई है शूटिंग




गोरखपुर। शिव के अंशावतार गुरु गोरक्षनाथ के प्रमुख खिचड़ी मेले से तीन दिन पहले गोरखपुर की धरती पर भोजपुरी के मेगास्टार और सांसद रवि किशन शुक्ला की अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर टीजर गोरखपुर महोत्सव में 12 जनवरी को लांच होने जा रहा है। गोरखपुर के संसद व मेगा स्टार रवि किशन अपने बयानों और भाषणों से हमेशा जाने जाते है। इनका 'हर हर महादेव' नारा प्रसिद्ध है। हर संबोधन के पहले ये हर हर महादेव का नारा लगाकर ही अपने संबोधन को आगे बढ़ाते है। रवि किशन ने कहा की यह भोजपुरी की पहली पैन इंडियन फिल्म होगी। इस फ़िल्म के बारे में बात करते हुए रवि किशन ने बताया कि इस फ़िल्म में महादेव शिव जी की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है वो अवर्णनीय है। फ़िल्म की पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही कि गई है। जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। शिव की भक्ति से पूरा गोरखपुर की धरती व आस पास के अन्य क्षेत्रों में शिव की भक्ति का लोगों में उत्साह देखा जायेगा। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फ़िल्म बनी है और जल्द ही फ़िल्म दर्शकों तक भी पहुचाई जायेगी। महोत्सव के दौरान गोरखपुर में एक भव्य समारोह में टीज़र रिलीज़ किया जाएगा।कास्ट और क्रू एमडीकेजी रवि किशन, लाल प्रमोद पाठक, मानसी सीगल, मास्टर अर्चिथ, अनिल रस्तोगी, सुशील सिंह, इंदु थंपी, कियान, नीलकंठ है जबकि कर्मी दल में राजेश मोहनन (निदेशक), सी सी शाह एंड संस(निर्माता), साईनारायण(लेखक), अरविंद सिंह(डीओपी), रंजिन राज और अगम अग्रवाल(संगीत), अजीश अशोकन(संपादक) आदि फिल्म का निर्देशित करने में सहयोग रहा।

## नगर पालिका परिषद बहराइच के कंधों पर सजा स्वच्छता का स्टार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### डीएम ने नगरवासियों को दी बधाई

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी के दिशा निर्देशन में नगरपालिका परिषद, बहराइच को खुले में शौच मुक्त करने, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान, कचरे का पृथककरण, ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रबन्धन, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक और वायु प्रदूषण में कमी लाने, गुल्लावीर स्थित पुराने कचरे के डम्प साइट का बायोरेमेडीएशन करने, घरों, सामुदायिक व सार्वजनिक शौंचालयों से निकलने वाले फीकल स्लज को चफरिया ग्राम में निर्मित फीकल स्लज ट्रीटमेन्ट प्लांट पर ले जाकर शोधित कर खाद बनानें, कूड़े के ढेरों को पार्क में तब्दील करने तथा गार्वेज फ्री सिटी सहित सभी 16 घटकों के मानों को पूरा करने पर नगर पालिका परिषद बहराइच को जी.एफ.सी.-1 स्टार तथा ओ.डी.एफ.त्तक्त का प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत संचालित किये गये स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद, बहराइच ने स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेते हुए जी.एफ.सी. में 1 स्टार के लिए आवेदन किया था तथा ओ.डी.एफ. में ओ.डी.एफ.त्तक्तके लिए आवेदन किया था। विगत 05 जनवरी, 2024 को घोषित हुए परिणाम नगर पालिका परिषद के लिए अत्यन्त सकारात्मक रहे हैं। देवीपाटन मण्डल में एक मात्र नगर पालिका परिषद, बहराइच को जी.एफ.सी.-1 स्टार तथा ओ.डी.एफ.त्तक्तका प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। जबकि इससे पूर्व भी नगर पालिका परिषद, बहराइच ओ.डी.एफ.त्तथी।यह जानकारी देते हुए अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइव प्रमिता सिंह ने बताया कि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच श्रीमती सुधा देवी के नेतृत्व में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुरेश गोविन्द मिश्रा, सहायक अभियन्ता (सिविल) देवेन्द्र धीमान, जिला कार्यकम प्रबन्धक गौतम मिश्रा, परियोजना विश्लेषक सन्दीप कुमार, स्वच्छ भारत मिशन तथा नगरपालिका परिषद, बहराइच के समस्त कर्मचारियों के प्रयास से जिले को यह मुकाम हासिल हुआ है। श्रीमती प्रमिता सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि नगर स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## मारवाड़ी युवा मंच की वार्षिक सभा उत्प्रेरणा भव्यता से संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। राष्ट्रव्यापी समाजसेवी संगठन अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय इकाई का दो दिवसीय वार्षिक सदस्य समागम उत्प्रेरणा बहराइच शाखा के आतिथ्य में स्थानीय लेजर रिजॉर्ट में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सामाजिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

प्रथम दिन प्रांतीय कार्यसमिति सदस्यों ने अध्यक्ष नेहा अग्रवाल एवं महामंत्री नवीन पाढ़लीवाल के संग आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशा मोदी, पूर्व अध्यक्ष संदीप सराफ एवं निवर्तमान अध्यक्ष अनुराग चांदवासिया का भी सानिध्य प्रतिभागियों को प्राप्त हुआ।

दूसरे दिन साधारण सभा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें सदस्यों ने सांगठनिक चर्चा की। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सांसद अक्षयवर लाल गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय विकास अग्रवाल संपादक अमित तोदी ने संगठन के वार्षिक मुखपत्र म्हारी यात्रा उत्प्रेरणा अंक का विमोचन किया। सत्र में आशीर्वचनों के बाद शाखाओं को सामाजिक कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया।

शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद कार्यक्रम की अगली कड़ी में विशिष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले मारवाड़ी समाज के सदस्यों एवं समाज के बच्चों को समाज गौरव रत्नों से सम्मानित किया गया। इसमें सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल का सानिध्य प्राप्त हुआ।

समापन सत्र में पदाधिकारियों एवं शाखाओं को विशिष्ट उपलब्धि सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष सुधा देवी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में निकुंज केडिया, गौरव करुंडिया, नीलेश अग्रवाल, अंकुर ड्रोलिया की मुख्य भूमिका रही।

कार्यक्रम का संचालन विकास अग्रवाल, मोनिका माहेश्वरी एवं पल्लवी केडिया ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन बहराइच शाखा अध्यक्ष शंकर अग्रवाल ने किया।

## छाछपारा कानूनगो के प्रधान ने बदल दी विकास की परिभाषा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। एक ग्राम प्रधान ने विकास की परिभाषा ही बदल दी। ग्राम पंचायत में संपर्क मार्गों पर मिट्टी पटाई व सीसी रोड निर्माण के नाम पर बिना काम कराए ही लाखों रूपए डकार लिया गया।

इस संबंध में ग्राम पंचायत के ही एक व्यक्ति द्वारा सशपथ जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गयी है।मामला जिले के झंझरी विकास खंड की ग्राम पंचायत छाछपारा कानूनगो का है। यहां के निवासी रामकिशोर मिश्र पुत्र स्वर्गीय परमहंस मिश्र ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से शपथपत्र के साथ शिकायत की है जिसमें आरोप लगाया है कि छाछपारा कानूनगो का ग्राम प्रधान अवधेश तिवारी है, लेकिन सारा कामकाज उसका बड़ा भाई सत्यराम तिवारी ही देखता है, जो इसी ग्राम पंचायत का रोजगार सेवक भी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि छाछपारा कानूनगो की प्रधानी अवधेश तिवारी के बजाय उसका भाई रोजगार सेवक सत्यराम चलाता है।यहां तक कि सभी कागजात/अभिलेखों पर अवधेश की जगह उसका हस्ताक्षर सत्यराम ही करता है। यदि हस्ताक्षर का मिलान कराया जाए तो स्वतः ही स्पष्ट हो जाएगा।

इतना ही नहीं, आरोप है कि ग्राम पंचायत में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत बिना काम कराए ही लाखों रूपए भुगतान करा लिया गया है, जिसमें किशुनपुरवा में रामरूप के घर से हरीश के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, शिवदत्त के खेत से नहर तक मिटटी पटाई कार्य, छाछपारा कानूनगो संपर्क मार्ग से काली स्थान होते हुए दोनों पटरियों की सफाई व मिट्टी पटाई कार्य, छेद्दन के खेत से छाछपारा पिच रोड तक मिटटी पटाई, नहर पुल से तिवारी पुरवा गांव तक मिटटी पटाई,छाछपारा कानूनगो संपर्क मार्ग से छाछपारा मुतवल्ली सड़क तक पटरी पर मिट्टी पटाई, चैनवापुर रोड से रामदेव के खेत तक मिटटी पटाई, बोहिया में पिच रोड से फागू के खेत तक मिटटी पटाई, बोहिया में ही नहर से फागू के घर से होते हुए नर्सरी तक मिटटी पटाई, छांगुर के सागौन से रामदेव के खेत तक मिटटी पटाई, छाछपारा कानूनगो पिच रोड पुल से खखरइया पिच रोड तक मिटटी पटाई,छाछपारा कानूनगो में गंगाराम के घर से संते के खेत तक मिटटी पटाई छाछपारा कानूनगो में पिच रोड तक मिटटी पटाई तथा छाछपारा कानूनगो में पिच रोड से खखरइया पिच रोड तक मिटटी पटाई का कार्य शामिल है।शिकायतकर्ता द्वारा डीएम नेहा शर्मा को शपथपत्र के साथ दिए गए शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि छाछपारा कानूनगो ग्राम पंचायत में कराए गए 80 प्रतिशत विकास कार्यों में घोर अनियमितता बरती गयी है और बड़े पैमाने पर सरकारी धन की बंदरबांट की गयी है।जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की गयी है।

## सिंध बेकर्स ने मानचित्र के विपरीत कराया निर्माण,कोर्ट ने ध्वस्तीकरण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। गुड्डू मल चौराहे पर स्थित बिना मानचित्र के बने भवन को ध्वस्ती करण का आदेश दिया गया है।जिसमें निर्माण के पार्किंग ना छोड़कर दुकान बना लिया गया था।

और सड़क की पटरियों पर सीढ़ी पाए गए। इतना ही नहीं मानचित्र के विपरीत निर्माण होने से जाम की समस्या बनने लगी।जिसके चलते नियत प्राधिकारी न्यायालय ने निर्माण को ध्वस्त करवाने के निर्देश दिए हैं।मुख्य शहर क्षेत्र में जाम की समस्या काफी विकराल होती जा रही है।1958 की धारा 10 के अंतर्गत निर्माण गिराए जाने का आदेश पारित किया गया है। वही शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए कई निर्माण अतिक्रमण की जद में आ गए थे।शहर क्षेत्र में बने निर्माण में मानचित्र के विपरीत भवन का निर्माण करवा दिया गया है।नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने शहर के गुड्डू मल चौराहे पर स्थित सिंध बेकर्स प्रतिष्ठान है जो स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कर दिए हैं।साथ ही प्रतिष्ठानों में संक्षिप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।जिसके चलते सिंध बेकर्स प्रतिष्ठान को नियत प्राधिकारी न्यायालय ने धराशाई करने का आदेश पारित कर दिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन प्रतिष्ठानों को गिरा दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि पार्किंग के नाम पर प्रतिष्ठान भवन के बेसमेंट में पार्किंग के लिए जगह दर्शाया गया था।इसके बाद भी पार्किंग स्थल में भी निर्माण करवा दिया गया जिसके चलते प्रतिष्ठानों के सामने भीड़ वाले वाहन सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने बताया कि नियत प्राधिकारी न्यायालय का आदेश मिलते ही इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जल्द ही इन प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करवा दिया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची पुरैना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विकसित भारत संकल्प यात्रा के मध्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड क्षेत्र पूरनपुर की तराई क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुरैना तालुके महाराजपुर एलसीडी वैन के माध्यम से दिखाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कार्यकारिणी सदस्य युवा भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पूरनपुर आशुतोष दीक्षित ''राजू व विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री महादेव गाइन रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सुकुमार गाइन ने की लाइव प्रसारण के उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा के निमित्त सभी 13 विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में कार्यक्रम में मौजूद पंचायत व क्षेत्र वासियों को जानकारी उपलब्ध कराई एवं सम्बंधित विभागों द्वारा जनता द्वारा बताई गई जनसमस्याओं को मौके पर ही सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया एवं मुख्य अतिथि के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की गर्भबती महिलाओं की गोद भराई व नवजात शिशुओं का



अन्नप्राशन की रश्म कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तराई क्षेत्र के प्रधान संघ अध्यक्ष शंकर राय,ग्राम प्रधान पुरैना रामप्रसाद, आशीष दीक्षित,सोनू,मुकेश शुक्ल,मण्डल महामंत्री अशीम मृधा,मण्डल उपाध्यक्ष तेजेंद्र विश्वास,ग्राम विकास अधिकारी नागेन्द्र गंगवार,राजीव भारती क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभर्त सरकार,डॉ सुरेश राहा, सुभाष सिक्खधार,नोडल अधिकारी एसके गौतम के साथ साथ सम्बंधित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यगणों व बहुत बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व क्षेत्र वासियों एवं पार्टी पदाधिकारियों देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

## मोदी और योगी सरकार ने महिलाओं को दी सुरक्षा और सम्मान : गीता मिश्रा

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा ने अपने आवास पर एक बैठक संपन्न की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान देने का काम किया है। विभिन्न सरकारी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था।जो साकार हो रहा हैं।जिसके चलते अब बेटियों को सुरक्षा और सम्मान मिल रहा है।

बेटियां पढ़ लिखकर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं।उज्जवल योजना,सुमंगला योजना,प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास,बिजली कनेक्शन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं को आगे बढ़ाने के साथ उन्हें घर का स्वामी बनाने का कार्य सरकार कर रही है।बेटियों के हौसले को पंख दिए हैं। भाजपा नेत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सबसे ज्यादा स्वास्थ्य रक्षा हमारी बहनों की हुई है।आर्थिक समस्या के चलते महिलाओं का इलाज नहीं हो पता था। अब ?500000 तक मुफ्त में इलाज हो रहा है। भाजपा सरकार में गुंडाराज समाप्त हुआ है। हमारी बहन बेटियां निर्भीक होकर स्कूल कॉलेज में जाकर पढ़ लिख कर अच्छा मुकाम पा रही हैं।

# प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी नगर पालिका कर रही शहर में वॉल पेंटिंग: डाक्टर आस्था अग्रवाल चेयरमैन

### बाल पेंटिंग का कार्य ओवर ब्रिज,ब्रह्मचारी घाट सहित विभिन्न स्थानों पर राम मंदिर के बन रहे चित्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर-जोर से चल रही है।इसी क्रम में नगर पालिका परिषद की ओर से शहर की दीवारों पर वाल पेंटिंग करवाई जा रही है।

पेंटिंग में अयोध्या के राम मंदिर और भगवान राम की विभिन्न मुद्राओं में चित्र की वॉल पेंटिंग हो रही है।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि वॉल पेंटिंग करके पूरे शहर को राम मय बनाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरे शहर को सजाने की तैयारी है। चौराहों पर सजावट भी करवाई जाएगी। इससे पूर्व शहर में प्रवेश करते समय नगमा ओवर ब्रिज के नीचे दीवारों पर भगवान राम के विभिन्न मुद्राओं के चित्र और अयोध्या के भाव राम मंदिर के चित्र बनाए जा रहे हैं।

इसके अलावा ब्रह्मचारी घाट, सत्यनारायण मंदिर, दुधिया महादेव मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर वॉल पेंटिंग करवाई जा रही है। बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों में रामदूतो की टोली घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत भव्य राम मंदिर का चित्र और साहित्य वितरित कर रहे हैं। 22 जनवरी को मंदिरों में अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के समय कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिरों और घरों में दीप जलाए जाएंगे और सजावट की जाएगी।

## दुर्घटना के कारण वाहन क्षतिग्रस्त, बाल बाल बचे ड्राइवर



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई उन्नाव सडक मार्ग पर उत्मानपुर के समीप ट्रक और पिकअप की हुई टक्कर में दोनों गाड़ियां क्षति ग्रस्त हो गई। दोनों गाड़ियों के चालकों को चोटे आई जिनका स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया द्य सोमवार देर रात काली मिट्टी की तरफ से एक जा रही दुग्ध वाहन पिकअप बांगरमऊ की ओर से आ रहे ट्रक से टकरा गई जिससे पिकअप के चारो पहिया ऊपर हो गए और डाइवर के मामूली चोट आयी है वहीं ट्रक विपरीत दिशा में जाकर झाड़ियों में पहुँच गया और उसका आगे का टायर निकल गया जिससे वह भी क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक ट्रक के अनियंत्रित होने से सामने आ रही पिकअप में जोरदार टक्कर लग गई। हादसे को देखते हुये दोनों ड्राइवर बाल बाल बचें।

## किसान हितैषी आंदोलनरत जैसे नारो के साथ ज्ञापन सौंपा



बीघापुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन टिकैत उन्नाव की बीघापुर इकाई द्वारा विकास खण्ड स्तरीय मासिक बैठक विकास खंड सुमेरपुर में हुई जिसमें किसानो की समस्यायो में मुख्य मुद्दा आवारा जानवरों का रहा। गॉव गॉव बंदरो के आतंक एवं आवारा जानवरो से किसानो की जीविकोपार्जन हेतु फसल नष्ट-भ्रष्ट बर्बाद कर रहे सांड गाय बैलो से फसल बचाओ, नसल बचाओ किसान बचाओ देश बचेगा के तहत गांव - गॉव अभियान चलाये जाने एंव आप आये , किसानो को लाये ,जय जवान जय खेतिहर मजदूर ग्रामीण क्षेत्रीय किसान जिन्दाबाद. किसान हितैषी आंदोलनरत जैसे नारो के साथ ज्ञापन सौंपा। पंचायत में उपस्थित किसानों की समस्याओं को तथा पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर की गई कार्यवाही के विषय मे इक्क पंचायत हरिओम तिवारी से जानकारी मांगी गई तथा शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी उन्नाव को सम्बोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से इक्क पंचायत सुमेरपुर को सौंपा गया । ज्ञापन देने वालों में मुन्ना सिंह जिला उपाध्यक्ष, अजय बाजपेई तहसील प्रवक्ता, फत्ते बहादुर ब्लॉक अध्यक्ष, मोहिनी त्रिवेदी महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर ,रस्मी तिवारी, उमाकांत, राकेश,वीरेंद्र बहादुर सिंह, राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता व अनेको किसान मौजूद रहे।

## दीप प्रज्वलित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

बिछिया,उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम मंगलवार विखं की ग्राम सभा मैता व सराय कटियान गांव में अयोजित किया गया ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने फीता काटकर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

ब्लाक के मैता ग्राम पंचायत के आयोजित कार्यक्रम भारत विकसित संकल्प यात्रा में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग पशुपालन विभाग, बाल पुष्टाहार, आयुष्मान, उज्जवला योजना जल जीवन मिशन व स्वयं सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाए गए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई वहीं ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता द्वारा प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को चाबी वितरित की गई शौचालय के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने कहा यह देश मोदी जी की गारंटी वाला विकसित भारत बने इसके लिए सरकार की तरफ से कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं ।

# श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की दुकानों पर अवैध कब्जे का मामला पहुंचा डीएम दरबार मचा हड़कंप

### एसडीएम ने शुरू की ट्रस्ट की जमीनों पर अवैध कब्जे की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बिलसंडा की पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की भूमि की जांच के फरमान 6 साल बाद एक बार फिर जिला राजस्व प्रशासन ने जारी किए हैं। अपर जिलाधिकारी राम सिंह गोतम के निर्देश पर बीसलपुर के उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह ने नगर पंचायत के समीप पुरानी गल्ला मंडी में पहुंचकर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू की है। जिससे पूरे नगर में हड़कंप मच गया है।आपको बता दे कि तत्कालीन डीएम शीतल वर्मा ने बिलसंडा की पुरानी गल्ला मंडी में स्थित ट्रस्ट की भूमि को लेकर 6 साल पूर्व कराई गई जांच में 68 दुकाने ट्रस्ट की पाई गई थी।

इसके पश्चात तहसील बीसलपुर की तत्कालीन एसडीएम वंदना त्रिवेदी ने नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल के साथ बैठक के दौरान दुकानदारों को नगर पंचायत कार्यालय पर बुलाकर दुकानों का स्वामित्व मांगा था। दुकानदारों पर स्वामित्व ना होने के कारण दुकानदारों ने ट्रस्ट में किराया जमा करने की सहमति जताई थी। एसडीएम बंदना द्विवेदी का स्थानांतरण हो जाने एवं राजनीतिक दखल के चलते मामले में चल रही कार्यवाही को दबा दिया गया था।इसके बाद ट्रस्ट की भूमि पर एक के बाद एक कब्जे होते चले गए खास बात यह है।

कि जिलाधिकारी खुद बांके बिहारी ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष हैं। लेकिन संबंधित अधिकारियों की मिली भगत के चलते मौजूदा स्थिति यह है। कि नगर पंचायत की पुरानी गल्ला मंडी और सराफा बाजार में ट्रस्ट की जमीनों पर किसी ने दुकान बना ली तो किसी ने बहुमंजिला मकान हालांकि एडीएम के आदेश पर एसडीएम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ऋषिकांत राजवंशी से बिंदुवार रिपोर्ट तलब की थी। लेकिन उनके स्तर से सभी बिंदुओं पर कोई जानकारी नहीं होने का लेखा-जोखा देखते हुए दी गई जांच रिपोर्ट के बाद एसडीएम को स्वयं आकर जांच करनी पड़ी बता दें कि कुछ दिन पहले नगर के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी संतोष वर्मा ने बीसलपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया की बांके बिहारी ट्रस्ट की भूमि पर बैठे कब्जा धारकों ने आज तक ट्रस्ट में किराए के नाम पर एक रुपया जमा नहीं किया है।

कुछ लोगों ने अवैध रूप से दुकानों का निर्माण भी करवा लिया है।इस मामले में अधिशासी अधिकारी द्वारा गोल-गोल तरीके से दी गई रिपोर्ट के बाद सोमवार को एसडीएम महिपाल सिंह ने स्वयं आकर मामले की जांच की उन्होंने जमीन पर बैठे।दुकानदारों से पूछताछ करने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी की जांच के दौरान हल्का लेखपाल नीरज राठौर भी मौजूद रहे। मामले की एक बार फिर जांच होने से नगर क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है।

## जिलाधिकारी द्वारा विभागो की विस्तृत समीक्षा सम्पन्न, दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद में निर्माणाधीन रू50 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस अवसर पर डीएम ने जलनिगम ग्रामीण/शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपीएससीएल, सीएनडीएस, पर्यटन, आवास विकास आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि रू0 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दें और समस्त निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, समयबद्धता तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले निर्माण कार्यों को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे यह भी कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनको हैण्डओवर कराने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ ऋषिराज, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्यप्रकाश, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम शहरी, पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि गण आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया यात्रा का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर चौरासी,उन्नाव। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र वाक्य को साकार करने के लिये केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा में उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के द्वारा कही गई।

उन्होंने लाभान्वितों से कहा कि योजना का लाभ मिलने के बाद होने वाली ख़ुशी को अन्य लोगों से भी साझा करना चाहिए। क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार तमाम योजनाओं के माध्यम से हर पात्र को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होने



लाभार्थियो से बात चीत कर योजना प्रचार प्रसार की अपील की। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, उपाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, चैयरमैन मिथिलेश जायसवाल, रामप्रकाश शर्मा आदि द्वारा सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में बताया।कार्यक्रम में बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम हुआ, वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह द्वारा आगनवाड़ी बच्चो का अन्नप्राशन कराया गया। एलईडी वाहन द्वारा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों एवं किसानो ने देखा।

खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत हेमन्त कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया, क्षेत्र के ग्राम पंचायत हफीजाबाद, टांडासातन, लावनी, दबौली ग्राम पंचायतों विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत का ग्राम प्रधान आशीष कुमार, रामखुसी, सोबरन, अजीत द्विवेदी सहित शैलेन्द्र त्रिपाठी, शुभम वर्मा, अभय सिंह, अभिनव अवस्थी द्वारा किया गया। इस मौके पर सचिव विवेक कुमार, प्रधान गोविन्द पांडेय, अवधेश दीक्षित, आदित्य दीक्षित, शिवेन्द्र सिंह, डब्बू सिंह , नीरज पांडेय, सज्जन सिंह, खुशीराम यादव, रंजीत सिंह, बीरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

## जरूरतमंदों की मदद करने के जज्बे ने अंकित को बनाया जनसेवक

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला के द्वारा पिछले कई वर्षों से गरीब, बेसहारा, लाचार लोगों को सर्दी से बचाने के लिए एक विशेष मुहिम चला रखी है उसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए आज जनपद के विभिन्न जगह पर नये पुराने पहनने योग्य कपड़ों व कंबल का वितरण किया और लगभग कई दर्जन गाँवों के लोगों को नये, पुराने गर्म कपड़े व कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित करके कपड़े एवं कम्बल जिसमें लगभग कई हजारो जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किये गए। अंकित शुक्ला ने कहा कि इससे अधिक पुण्य कार्य भला और क्या हो सकता कि ठण्ड की मार से कराह रहे लोगों को अगर गर्म कपड़े मिल जाये तो वो लोग कितने खुश होंगे और कितनी दुआएँ देंगे। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे लोग धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने समय के इतने अधिक बदलते हुए परिवेश में भी मानवता का परिचय देने का कार्य किया।

# इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी बैडमिंटन प्रतियोगिता

### लखनऊ,अलीगढ़, सहारनपुर, मेरठ ,बरेली प्रयागराज, मुरादाबाद, गोंडा, सहारनपुर आजमगढ़ झांसी सहित अन्य जिलों से पीलीभीत में पहुंचे खिलाड़ी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।ललौरीखेडा के व्लाक प्रमुख अजय सिंह गगंवार ने कहा है कि पीलीभीत के इतिहास में पहली बार बैडमिंटन की सब जूनियर प्रतियोगिता आयोजन हो रहा है। यह पीलीभीत के खेल विकास की कहानी कह रहा है। उन्होंने कहाकि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे आगे चलकर प्रदेष का नाम रोशन करेंगे।

अजय सिंह गंगवार मंगलवार को स्थानीय गांधी स्टेडियम में खेल निदेषालय और उप्र बैडमिंटन संघ के समन्वय से आयोजित राज्यस्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का उदघाटन कर रहे थे।अजय सिंह गंगवार ने प्रतियोगिता के षुभारंभ की घोशणा की।उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कानपुर, सहारनपुर,मेरठ, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, गोंडा, प्रयागराज हॉस्टल, मुरादाबाद, झांसी, विध्यांचल, गोडा,आजमगढ मंडल के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

इससे पूर्व जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार तथा जिला ओलंपिक सघ के सचिव मनोज गंगवार ने ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रू, दीपेंद्र सिंह चौहान का स्वागत किया। पहले मैच में सूर्य खोखर मेरठ ने रितिक को 30-.0 से पराजित किया। मिर्ज़ापुर के कृतार्थ षुक्ला ने षिवम को 30-09 से पराजित किया। लखनऊ के माधव षंकर षर्मा ने प्रयागराज के मनीश पटेल को 30-20 से पराजित किया। आगरा के ध्रुवांष ने गांडा के अविनाष ओझा को 30-20 से पराजित किया।कानपुर के युग श्रीवास्तव ने आरूष को 30-23 से, मुरादाबाद के निर्वाण यादव ने अयोध्या के चंद्रषेखर प्रताप सिंह 30-06 से, आगरा के पुश्पेंद्र ने झांसी के समुख को 30-24 सें, कानपुर के श्रेयांषु रालन ने मेरठ `के सोमिन को 30-08 से, आजमगढ के यमुना प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज हॉस्टल के माधव गोयल को 30-27 से, अदित्व मेश्राम ने मिर्ज़ापुर के विक्रमराज मौर्यउ को 30-06 से, अलीगढ के अमन प्रताप सिंह ने अस्मित कुमार को 30-29 से, प्रयागराज के षाष्वत अग्रवाल ने गोडा के अनवर आलम ने 30-03 से, आगरा के अंकुर प्रताप सिंह ने आजमगढ के अक्षत राय को 30-14 से, लखनऊ के प्रांजल गुप्ता ने गोडा के हसीब मसूरी को 30-03 से, मेरठ के दीपांशु कुमार ने मुरादाबाद के आरूष जैन को 30-12 से, अलीगढ के अर्नव वषिश्ठ ने मिर्ज़ापुर के उदय प्रताप मौर्य को 30-07 से पराजित कर दूसरे चरण मे प्रवेश कर लिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने आए विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया । और कहा कि खेलों से त्वरित निर्णय लेने की क्षमता खिलाड़ियों में जागृत होती है खेल जीवन में अपना अहम स्थान रखते हैं।प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह का संचालन डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।

इस मौके पर खेल प्रोत्साहन समिति के जगदीश सक्सेना, जिला बॉलीवाल संघ के सचिव राजेश शुक्ला, राष्ट्रीय खिलाड़ी रतनदीप सिंह,सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए आधिकारिक टीम में चीफ रैफ्री लखनऊ के राजेंष सक्सेना, मैच कंट्रोलर मनीष कुमार सहारनपुर तथा अंपायर में अंशुल कुमार, फैजाबाद के अनुपम शुक्ला, आजमगढ के करन श्रीवास्तव,झांसी की सिमरन गुप्ता, पीलीभीत के सुधांशू गंगवार,आजगढ के शूभम राय ने मैच कराये। प्रतियोगिता में महेश कुमार,अविनाष षर्मा, दयावती, प्रगति सिंह और दीपक विश्ट,महेश तिवारी ने सहयोग दिया।

# श्री बालाजी महाराज का तीसरा वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

### बाबा श्री नीम करोली महाराज के नेतृत्व में निकाली गई भव्य बालाजी यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। मंगलवार को श्री नीम करोली जी महाराज के नेतृत्व में ईदगाह फाटक समीप स्थित ईदगाह कॉलोनी निवासी सभासद श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन के सेवक विशाल ने सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ श्री बालाजी जी महाराज की तीसरी विशाल शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली।इस अवसर पर श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव सकीर्तन दरबार के सेवक विशाल ने बालाजी के मधुर मधुर संकीर्तनओं के साथ भक्तों को हाथ उठाकर ताली बजाने एवं झूमने नाचने पर दीवाना कर दिया बताते चलें कि मंगलवार को सुबह लगभग 12:00 बजे हनुमान जी की रथ यात्रा का शुभारंभ बालाजी धाम से किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत पकड़िया नौगवां अध्यक्ष संदीप संतोख सिंह संधू, मरौरी ब्लॉक प्रमुख एवं राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के छोटे भाई अजय सिंह गंगवार,शिवानंद महाराज,चेतन शर्मा,हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा,गौरव शर्मा, गौरव गुप्ता,आयुष सक्सेना, मोहित लोधी,बॉबी चौधरी, रत्नाकर रवि,पत्रकार मुकेश कुमार,वीरू गुप्ता, जितेंद्र, हर्ष तिवारी सहित हजारों कार्यकर्ता एवं दरबार कर्ता उपस्थित रहें।इस वर्ष का तीसरा वार्षिक उत्सव श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार का बड़े ही उत्साह पूर्वक से सजाकर चार घोड़ों की बग्गी में श्री बालाजी महाराज को बैठाकर एवं उनका श्रृंगार कर बालाजी महाराज की मूर्ति पर फूल माला का हार एवं तिलक लगाकर शुभारंभ किया गया।

इसके बाद सेवक विशाल द्वारा बाबा के भजनों पर रथ यात्रा प्रारंभ हुई यह यात्रा ईदगाह फाटक होते हुए लकड़ी मंडी के रास्ते ड्रमंड गंज चौराहे से चावला चौराहा,गैस चौराहा से सुनगढ़ी थाने के पास होते हुए नई बस्ती चौराहे, लेखराज चौराहे से होते हुए फिर लकड़ी मंडी के रास्ते से फिर अपने दरबार पहुंची।लेकिन इस बीच भक्तों ने भरपूर बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लिया एवं डीजे पर नाचते गाते हुए और सेवक विशाल के मधुर मधुर भजनों पर झूमते हुए पहुंचे।साथ ही जगह-जगह श्री नीम करोली महाराज एवं श्री बालाजी महाराज का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया वहीं सेवक विशाल का लोगों ने फूल माला नोटों का हर मुकुट एवं पुष्प की वर्षा करते हुए, तिलक लगाकर साल ओला कर भव्य स्वागत किया।इस तीसरी वार्षिक उत्सव के साथ हनुमान जी महाराज की रथ यात्रा संपन्न हुई।जबकि 10 जनवरी को वार्षिक उत्सव दरबार लगेगा तथा 11 जनवरी को कन्या पूजन के साथ भव्य भंडारा का आयोजन होगा।यह कार्यक्रम ईदगाह काशीराम कॉलोनी बिल्डिंग नंबर 2 बालाजी धाम पर संपन्न होंगे।

## सूर्य की दहलीज पे दस्तक

भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक हाल के दिनों में आसमानी सफलता की नयी इबारत लिख रहे हैं। पिछले वर्ष अगस्त में चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के एक सप्ताह के भीतर ही भारत ने सूरज विषयक नया ज्ञान जुटाने के लिये आदित्य एल-1 मिशन शुरू किया था। हर भारतीय के लिये गर्व की बात है कि पृथ्वी से लगभग पंद्रह लाख किमी दूर आदित्य अपने लक्ष्य तक सफलतापूर्वक पहुंच गया है। जो बताता है कि कैसे इसरो के वैज्ञानिक बेहद जटिल व मुश्किलों से भरे अभियानों को सहजता से तार्किक परिणति दे रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि यह भी है कि तमाम सफलताएं इतनी कम लागत में हासिल की गई हैं कि पूरी दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। इस तरह भारत विज्ञान की उन सीमाओं को विस्तार दे रहा है जो कालांतर शेष दुनिया के लिये कल्याणकारी साबित होंगी। शुरुआती संकेत बता रहे हैं कि मिशन के सभी अवयव सुचारू रूप से अपना काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आदित्य अगले पांच वर्षों तक शोध व अनुसंधान के कार्यों के जरिये मानवता के कल्याण के लिये नई जानकारी जुटाएगा। इस मिशन की सफलता ने उन संभावनाओं को भी गति दी है, जो भविष्य में अन्य ग्रहों में शोध-अनुसंधान के लिये मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। इस तरह पहले सूर्य मिशन में भारत ने अंतरिक्ष में सूर्य की निगरानी करने वाली ऑब्जर्वेटरी स्थापित कर दी है। दरअसल, लैंगरैंज प्वाइंट तक पहुंचा आदित्य एल-1 धरती के इस करीबी ग्रह में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं का अध्ययन, अंतरिक्ष के मौसम व सौर प्रवाह के धरती पर पड़ने वाले प्रभावों के विश्लेषण का मार्ग प्रशस्त करेगा। बीते साल दो सितंबर को प्रक्षेपित किए गए सूर्य मिशन का लक्षित कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचना हमारे वैज्ञानिकों की मेधा व सटीक योजना का ही परिणाम है। उल्लेखनीय है कि जिस बिंदु पर आदित्य को पहुंचाया गया है वहां सूरज व धरती का गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है, जिसके चलते अंतरिक्ष यान को कम ईंधन की जरूरत होती है। वह कम ईंधन में अधिक समय तक वैज्ञानिक शोध-अनुसंधान कर सकता है। दरअसल, आदित्य यान में मौजूद सात पेलोड्स सूर्य की बाहरी परत, ऊर्जा और अंतरिक्ष में होने वाली अन्य गतिविधियों का अध्ययन करेंगे। साथ ही उन कारकों की पड़ताल जो धरती व अंतरिक्ष के मौसम को प्रभावित करते हैं। दरअसल, सौर प्रवाह के चलते धरती पर कई तरह की वैज्ञानिक घटनाएं सामने आती हैं। जिसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक विचलन की तार्किकता भी है। अब वैज्ञानिक सूर्य के विकिरण तथा धरती पर उसके प्रभावों के बारे में भी अधिक जानकारी जुटा पाएंगे। निश्चित रूप से आदित्य मिशन की सफलता से भारतीय वैज्ञानिकों के सूर्य को लेकर ज्ञान में वृद्धि होगी। जो कालांतर मानवता के कल्याण और अंतरिक्ष से आसन्न खतरों से बचाव का मार्ग दिखाने में सहायक होगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि साढ़े चार करोड़ डॉलर बजट वाले इस आदित्य मिशन से भविष्य में देश को भरपूर लाभ मिल सकेगा।

भारतीय वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि यह भी है कि तमाम सफलताएं इतनी कम लागत में हासिल की गई हैं कि पूरी दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। इस तरह भारत विज्ञान की उन सीमाओं को विस्तार दे रहा है जो कालांतर शेष दुनिया के लिये कल्याणकारी साबित होंगी। शुरुआती संकेत बता रहे हैं कि मिशन के सभी अवयव सुचारू रूप से अपना काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आदित्य अगले पांच वर्षों तक शोध व अनुसंधान के कार्यों के जरिये मानवता के कल्याण के लिये नई जानकारी जुटाएगा।

# वैश्विक भाषा बने हिन्दी

**विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई। विश्व में पहला हिन्दी दिवस 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित किया गया था। इस महासम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तब से ही इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी का एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में संवर्द्धन करने और विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन को संस्थागत व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना का निर्णय लिया गया था। विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरीशस के मोका गांव में 11 फरवरी, 2008 से कार्यरत है। विश्व हिन्दी दिवस को मनाने की शुरुआत पहली बार साल 1953 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के सुझाव पर की गई थी। इस दिन को मनाने के पीछे का कारण हिन्दी के महत्व को बढ़ाना था। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरुकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। हिन्दी नाम फारसी शब्द हिंद से लिए गया है, जिसका अर्थ सिंधु नदी की भूमि से जुड़ा हुआ है। 11वीं शताब्दी के आसपास फारसी बोलने वाले लोगों ने सिंधु नदी के किनारे रहने वाले लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को हिन्दी नाम दिया था। हिन्दी भाषा की लिपि देवनागरी लिपि है, जिसमें 14 स्वर और 33 व्यंजन सहित 47 प्राथमिक वर्ण हैं। हिन्दी दुनिया में चैथी सबसे व्यापक रूप से अपनाई जाने वाली लेखन प्रणाली है, जिसका उपयोग 120 से अधिक भाषाओं के लिए किया जा रहा है।**

### (विश्व हिन्दी दिवस पर विशेष)

विश्व हिन्दी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है। 10 जनवरी इसी भावना को समर्पित दिन है जिसे भारतवासी विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन हमें देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिन्दी को अपनाने की याद दिलाता है। विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरुकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई। विश्व में पहला हिन्दी दिवस 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित किया गया था। इस महासम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तब से ही इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी का एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में संवर्द्धन करने और विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन को संस्थागत व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना का निर्णय लिया गया था। विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरीशस के मोका गांव में 11 फरवरी, 2008 से कार्यरत है। विश्व हिन्दी दिवस को मनाने की शुरुआत पहली बार साल 1953 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के सुझाव पर की गई थी। इस दिन को मनाने के पीछे का कारण हिन्दी के महत्व को बढ़ाना था। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरुकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। हिन्दी नाम फारसी शब्द हिंद से लिए गया है, जिसका अर्थ सिंधु नदी की भूमि से जुड़ा हुआ है। 11वीं शताब्दी के आसपास फारसी बोलने वाले लोगों ने सिंधु नदी के किनारे रहने वाले लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को हिन्दी नाम दिया था। हिन्दी भाषा की लिपि देवनागरी लिपि है, जिसमें 14 स्वर और 33 व्यंजन सहित 47 प्राथमिक वर्ण हैं। हिन्दी दुनिया में चैथी सबसे व्यापक रूप से अपनाई जाने वाली लेखन प्रणाली है, जिसका उपयोग 120 से अधिक भाषाओं के लिए किया जा रहा है। हिन्दी एक महत्वूपर्ण भाषा है। विश्व पटल पर यह सिद्ध हो चुका है कि हिन्दी भाषा अपनी लिपि और उच्चारण के अनुसार सबसे शुद्ध और वैज्ञानिक भाषा है। हर साल विश्व हिन्दी दिवस देश को एक साथ लाता है और हमें हमारी असली पहचान की याद दिलाता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हम जहां भी जाएं हमें अपनी भाषा, संस्कृति और मूल्यों को अपने साथ रखना चाहिए। हिन्दी दिवस हमारे अंदर देशभक्ति की भावना जगाता है। आजकल लोग हिन्दी के बजाय अंग्रेजी सीखना पसंद करते हैं क्योंकि यह व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है। अंग्रेजी भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। लेकिन हिन्दी दिवस अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लगातार याद दिलाता है कि हिन्दी हमारी आधिकारिक भाषा है। हिन्दी संस्कृत भाषा की वंशज है जो एक प्राचीन भारतीय भाषा है। यह अरबी, फारसी, तुर्की, पुर्तगाली और अंग्रेजी जैसी भाषाओं से प्रभावित है और यह उस भाषा परिवार का हिस्सा है जिसे इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार के रूप में जाना जाता है। संविधान के अनुच्छेद 343 के खंड (1) के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी संघ की राजभाषा है। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा। हिन्दी भाषा एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका




निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल समझ लेता है। इसलिए इसे आमजन की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं। आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृद्ध किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृद्धि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृद्ध मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृद्ध हो। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। हिन्दी दिवस का उद्देश्य भारतीय भाषा के बारे में जागरुकता पैदा करना और इसे विश्व भर में वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना है। इसे भारतीय भाषा के प्रयोग के बारे में जागरूकता फैलाने और हिन्दी भाषा के उपयोग एवं प्रचार से संबद्ध मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिये भी प्रयुक्त किया जाता है। हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# दुनिया की भाषा बन रही है हिन्दी

**एडवोकेट डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

यह सच है कि हिन्दी आज सबसे अधिक बोली जाने वाली संसार की तीसरी भाषा के रूप में प्रतिष्ठित है। हिन्दी भाषा, भारत के साथ-साथ मॉरीशस, युगांडा, गुयाना, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, न्यूजीलैंड,पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, सूरीनाम, त्रिनिदाद, साउथ अफ्रीका में भी अपनाई जा रही है। अमेरिका, यूरोपीय , एशियाई व खाड़ी के देशों में भी हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ी है। रूस के तो कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी साहित्य एवं हिन्दी भाषा को लेकर शोध कार्य हुआ है। हिन्दी साहित्य में जितना अनुवाद रूस ने कराया, उतना किसी अन्य भाषा के साहित्य का नहीं कराया गया। यह हिन्दी के प्रति रूस बढ़ते रुझान का प्रतीक है। भारत में हिन्दी दीर्घकाल से जनऽजन के पारस्परिक सम्पर्क, संवाद व लेखन की भाषा रही है। यह केवल उत्तरी भारत की नहीं, बल्कि दक्षिण भारत के आचार्यों वल्लभाचार्य, रामानुज, रामानंद ,शंकराचार्य आदि ने भी हिन्दी भाषा के माध्यम से अपने मतों का प्रचार किया था। अहिन्दी भाषी राज्यों के भक्तऽसंत कवियों जैसे-असम के शंकरदेव, महाराष्ट्र के ज्ञानेश्वर व नामदेव, गुजरात के नरसी मेहता, बंगाल के चैतन्य आदि ने इसी भाषा को अपने धर्म और साहित्य का माध्यम बनाया था। इंटरनेट पर हिन्दी भाषा सामग्री लिखने व पढ़ने वालों की संख्या में हर साल 94 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी हो रही हैं । अंग्रेजी भाषा में हर साल 17 प्रतिशत की घटत हिन्दी के बढ़ने का एक बड़ा कारण है। इस साल के अंत तक दुनिया मे 25 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी को अपनाने लगेंगे। संसार के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। हिन्दी भाषा का अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान निरन्तर बढ़ रहा है। फिजी में हिन्दी को राजभाषा का अधिकारिक दर्ज़ा मिला प्राप्त है। जो अवधी, भोजपुरी और क्षेत्रीय बोलियों से मिलकर बनी है। अमेरिका के तीस से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी पर काम हो रहा है। जापान में हिन्दी के प्रति रुचि और इसे करियर व व्यवसाय से जोड़कर हिन्दी के पाठ्यक्रम शुरू किए गए है, जो एक शुभ संकेत है। विधि व विज्ञान की उच्च पढ़ाई अब हिन्दी में होना एक बड़ी सफलता है। कभी अंग्रेजों को भी हिन्दी का आश्रय लेना पड़ा था। अंग्रेजों को जनता व सरकार के बीच संवाद में जब फारसी या अंग्रेजी के माध्यम से परेशानी हुई तो अंग्रेजों ने फोर्ट विलियम कॉलेज में हिन्दी विभाग खोलकर अधिकारियों को हिन्दी सिखाने की व्यवस्था की थी। यहां से हिन्दी पढ़े हुए अधिकारियों ने भिन्नऽभिन्न क्षेत्रों में उसका प्रत्यक्ष लाभ देकर मुक्त कंठ से हिन्दी को सराहा था। सी.टी. मेटकाफ ने 1806 ई. में अपने गुरु जॉन गिलक्राइस्ट को लिखा था, 'भारत के जिस भाग में भी मुझे काम करना पड़ा है, कलकत्ता से लेकर लाहौर तक, कुमाऊं के पहाड़ों से लेकर नर्मदा नदी तक मैंने हिन्दी भाषा का आम व्यवहार देखा है, जिसकी शिक्षा आपने मुझे दी है। मैं कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक या जावा से सिंधु तक इस विश्वास से यात्रा करने की हिम्मत कर सकता हूं कि मुझे हर जगह ऐसे लोग मिल जाएंगे जो हिन्दी बोल लेते है।' टॉमस रोबक ने 1807 ई. में कहा था, 'जैसे इंग्लैण्ड जाने वाले को लैटिन सेक्सन या फ्रेंच के बदले अंग्रेजी सीखनी चाहिए, वैसे ही भारत आने वाले को अरबीऽफ़ारसी या संस्कृत के बदले हिन्दी सीखनी चाहिए। विलियम केरी ने सन1816 ई. में माना था कि 'हिन्दी किसी एक प्रदेश की भाषा नहीं, बल्कि देश में सर्वत्र बोली जाने वाली भाषा है। 'एच. टी. कोलब्रुक का मानना रहा कि 'जिस भाषा का व्यवहार भारत के प्रत्येक प्रान्त के लोग करते हैं, जो पढ़ेऽलिखे तथा अनपढ़ दोनों की साधारण बोलचाल की भाषा है, जिसको प्रत्येक गांव में थोड़े बहुत लोग अवश्य ही समझ लेते हैं, उसी का यथार्थ नाम हिन्दी है।' जार्ज ग्रियर्सन ने हिन्दी को 'आम बोलचाल की महाभाषा' मानते थे। हिन्दी की व्यावहारिक उपयोगिता, देशव्यापी प्रसार एवं प्रयोगगत लचीलेपन के कारण अंग्रेजों ने हिन्दी को अपनाया। उस समय हिन्दी और उर्दू को एक ही भाषा माना जाता था। अंग्रेजों ने हिन्दी को प्रयोग में लाकर हिन्दी की महती संभावनाओं की ओर राष्ट्रीय नेताओं एवं साहित्यकारों का ध्यान खींचा था। राजा राममोहन राय ने सन 1828 में कहा था, इस समग्र देश की एकता के लिए हिन्दी अनिवार्य है। ब्रह्मसमाजी केशव चंद्र सेन ने सन1875 ई. में एक लेख लिखा था, भारतीय एकता कैसे हो, 'जिसमें उन्होंने लिखा- उपाय है सारे, भारत में एक ही भाषा का व्यवहार। अभी जितनी भाषाएं भारत में प्रचलित हैं, उनमें हिन्दी भाषा लगभग सभी जगह प्रचलित है। यह हिन्दी अगर भारतवर्ष की एकमात्र भाषा बन जाए तो यह काम सहज ही और शीघ्र ही सम्पन्न हो सकता है। एक अन्य ब्रह्मसमाजी नवीन चंद्र राय ने पंजाब में हिन्दी के विकास के लिए स्तुत्य योगदान दिया।

## सेहत मंत्र

# फिट रखने के साथ तरोताजा भी रखती है फ्रॉग जंप एक्सरसाइज

अपने आपको हमेशा फिट रखने के लिए अक्सर लोग कई तरह की एक्सरसाइज करते रहते हैं जिससे की वह हमेशा अपने आपको स्वस्थ देख सके। हम सब जानते हैं कि एक्सरसाइज करना हमारे लिए काफी बेहतर है जो हमे स्वस्थ रखने के साथ-साथ ताजा भी रखता है। लेकिन कई लोग एक्सरसाइज तो करते हैं लेकिन उन्हें ये नहीं पता होता कि कौन-सी एक्सरसाइज उनके लिए बेहतर है। एक्सरसाइज करना एक बहुत बड़ा विषय है, हमारे स्वास्थ्य के लिए कौन-सी एक्सरसाइज ठीक है ये जानना बहुत जरूरी है। आपको अपने वर्कआउट रूटीन में उन एक्सरसाइज को शामिल करना बहुत जरूरी है जो आपके लिए और आपके शरीर के लिए फायदेमंद हो। कई बार छोटी सी एक्सरसाइज ही हमारे लिए वरदान की तरह होती है। ऐसी ही एक एक्सरसाइज है जिसे आपको अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करना चाहिए। फ्रॉग जम्प एक ऐसी एक्सरसाइज है जो आसान होने के साथ-साथ आपको पूरी तरह से एक्टिव भी रखने में मदद करेगी। फ्रॉग जम्प कोई बहुत मुश्किल या बहुत बड़ी एक्सरसाइज नहीं है, ये काफी आसान एक्सरसाइज है जो आप मस्ती करते हुए कर सकते हैं। इसमें आपको ज्यादा कुछ नहीं करना बस आपको एक मेंढक की तरह कूदना है जो आपके लिए एक एक्सरसाइज का रूप है। ये आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। फ्रॉग जम्पिंग एक्सरसाइज में बस आपको एक मेंढ़क की तरह कूदना है। इससे शरीर का पूरा भार आपके शरीर के नीचे हिस्से पर पड़ता है। इस एक्सरसाइज के लिए आपको किसी भी तरह की मशीन की जरूरत नहीं पड़ती। जरूरी नहीं कि इस एक्सरसाइज को आप जिम में ही करें, इस एक्सरसाइज को आप अपने घर पर भी कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है- बिना किसी आशा या उम्मीद के दूसरों की सेवा कर अपना ऋण चुकाएं

अच्छे विचार ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन और बल किसी को भी गलत राह पर ले जा सकता है किन्तु अच्छे विचार सदैव ही अच्छे काम के लिए प्रेरित करते हैं। आइए ! गीता प्रसंग में चलें- पिछले अंक में भगवान श्री कृष्ण ने अपने परम मित्र अर्जुन को संसार के शोक सागर से उबारने के लिए इंद्रियों को वश में करते हुए बुद्धिमानी पूर्वक निष्काम कर्म करने का उपदेश दिया था। भगवान की बात सुनकर अर्जुन दुविधा में पड़ गए। अपनी दुविधा दूर करने के लिए उन्होंने भगवान से यह प्रश्न पूछा-


अर्जुन उवाच
ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव?

अर्जुन ने कहा- सभी जन की याचना पूरी करने वाले हे जनार्दन! यदि आप निष्काम-कर्म की अपेक्षा ज्ञान को श्रेष्ठ मानते हैं तो फिर मुझे इस भयंकर कर्म (युद्ध) में क्यों लगाना चाहते हैं?

व्यामिश्रेणेव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे।
तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोहमाप्नुयाम।।

आपके अनेक अर्थ वाले शब्दों से मैं दुविधा में पड़ गया हूँ। मेरी बुद्धि काम नहीं कर पा रही है, अतः इनमें से मेरे लिये जो एकमात्र कल्याणप्रद हो उसे कृपा करके निश्चय-पूर्वक मुझे बतायें, जिससे मैं उस श्रेय को प्राप्त कर सकूँ।

## पर्यटन



# बीजापुर में है भारत का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गुंबद, जहां से देख सकते हैं पूरा शहर

गोल गुंबद भारत की सबसे बड़ी खुली छतरी है, जिसकी छांव में बीजापुर शहर गर्मी के मौसम में भी सुकून की सांस लेता है। गोल गुंबद भारत का सबसे बड़ा और विश्र्व का दूसरा सबसे बड़ा गुंबद है। इस विशाल गुंबद का व्यास 44 मीटर और ऊंचाई 51 मीटर है। इसके निर्माण में तीस वर्ष लगे थे। आश्‍चर्य की बात यह है कि इतने विशाल गुंबद के सहारे के लिए एक भी खंभा नहीं है। दरअसल, यह एक मकबरे का गुंबद है, जिसके मुख्य हॉल के भीतर चारों ओर सीढ़ियों से घिरा हुआ एक चौकोर चबूतरा बना हुआ है। इस चबूतरे के मध्य में कब्र का पत्थर है, जिसके नीचे बीजापुर के सुल्तान मुहम्मद आदिल शाह की कब्र है। मकबरे के गुंबद की आंतरिक परिधि पर एक गोलाकार गलियारा बना हुआ है। इस गुंबद को अंग्रेजों ने 'व्हिसपरिंग गैलरी' नाम दिया था, क्योंकि इस गलियारे के एक तरफ फुसफुसा कर बोला गया शब्द भी दूसरी तरफ तक स्पष्ट सुनाई देता है। यही नहीं, इस गैलरी में एक आवाज सात बार गूंजती है। उस जमाने में गायक इस गैलरी में बैठ कर गाते थे, ताकि उनकी आवाज और संगीत प्रत्येक कोने तक सुना जा सके। इसे फारसी वास्तुकार दाबुल के याकूत ने 1626 ईस्वी में बनाया था। पूरे बीजापुर शहर का नजारा गोल गुंबद के ऊपर जाकर लिया जा सकता है। इमारत के चारों कोनों से जुड़ी चार मीनारें हैं। दरवाजों पर सागौन की लकड़ी से किया हुआ महीन नक्काशीदार काम है। इस इमारत की सबसे बड़ी बॉलकनी को 'च्हमसा' कहा जाता है। गहरे भूरे बेसाल्ट पत्थर से बना मकबरा दक्षिण भारतीय-मुगल वास्तुकला का अद्भुत नमूना है, जो द्रविड़ वास्तुशैली से घुल-मिल गया है। यह अष्टकोणीय इमारत नफ़ीस नक्काशी फूल-बूटे, आलों-मेहराबों से सजी हुई है। इमारत की दीवारों पर पत्तेनुमा और ज्यामितीय आकार उकेरे गए हैं। व्हिसपरिंग गैलरी में भीतर की दीवारों पर डायमंड कट पैटर्न का काम दिखाई देता है। गुंबद की बाहरी दीवार पर हर ओर पत्थर की बड़ी पंखुड़ियां इस तरह से बनाई गई हैं, जिसे देखकर लगता है जैसे शिल्पी ने कमल का फूल खिला दिया है। पत्थर पर किया ऐसा काम यकीन दिलाता है कि पत्थर में भी फूल खिला करते हैं।

# सदर विधायक ने जिला मुख्यालय से लोधेश्वर महादेवा तक की पद यात्रा

## बम–बम भोले के जयकारों के साथ सड़को पर निकले कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। मंगलवार को सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने अपने हजारों साथियों के साथ बड़ेल स्थित अपने कार्यालय से रामनगर स्थित देवाधिदेव लोधेश्वर महादेव मंदिर तक हजारों समर्थकों शुभचिंतकों के साथ जनपद क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली तरक्की और विकास के लिए पदयात्रा शुरू की पदयात्रा को जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके पूर्व पदयात्रा में शामिल पदयात्रियों को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि यह यात्रा सभी की सुख समृद्धि और खुशहाली के साथ-साथ जनपद के हर क्षेत्र का विकास हो इसी मनोकामना के साथ देवाधिदेव लोधेश्वर महादेव के दरबार में जाकर लोधेश्वर महादेव से विनती और प्रार्थना करते हुए सभी के विकास के लिए भोलेनाथ भगवान से निवेदन करते हुए सभी की सुख समृद्धि स्मृति के लिए प्रार्थना करूंगा। यात्रा के शुभारंभ में जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव प्रधान नीलू वर्मा महिला सभा की जिला अध्यक्ष पूनम यादव आज लोगों ने सदर विधायक को फूल माला पहनकर बम बम भोले का जय लगाते हुए पदयात्रा के संपन्न एवं मनोकामना की पूर्ति की शुभकामनाएं देते हुए यात्रा में सहभागी बने यात्रा मार्ग पर जगह सदर विधायक और पदयात्रा में साथ चल रहे यात्रियों को माला फूल पहना कर लोगों ने जोरदार स्वागत जिसमें सर्वप्रथम पैसा नाका विनोद मौर्य मनोज मौर्य, पल्हरी चौराहा, रामनगर तिराहे परमेश्वर कोल्ड स्टोर पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा सब्जी मंडी पर सभासद ताज बाबा बाबू राइन सुल्तानपुर में संजय वर्मा शाहपुर चौराहे पर नेवला करसंडा पर मसौली बाजार में जैतपुर विधायक के भाई धीरज रावत ने मौली चौराहे पर राहुल यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने अपने प्रतिष्ठान पर भयारा मोड पर पूर्व प्रधान लालू यादव कल्याणी पुल पर जिला सचिव जैसी राम यादव रानी बाजार में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया रामनगर मे पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के कार्यालय पर राष्ट्रीय सचिव के छोटे भाई भूपेंद्र सिंह बबलू राजन प्रमुख आदि लोगों ने सदर विधायक धर्मराज सिंह और सुरेश यादव को माला पहनकर एवं पद यात्रियों पर पुष्प वर्षा करके पदयात्रा यात्रा का स्वागत किया।

पदयात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सरताज चौधरी, हुमायूं नईम खान, प्रधान रामचंद्र यादव बाबूजी, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, जसवंत सिंह यादव, दीपक गुप्ता, नगर अध्यक्ष संतोष जायसवाल, बाबुल मिश्रा, गौतम रावत, जय किशन यादव, विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव, सभासद बृजेश यादव, अरुण यादव, पूर्व प्रमुख रमेश यादव, समीम चौधरी, नीलू प्रधान, पूनम यादव, रूमी राय, सुमन रावत, विधानसभा अध्यक्ष अवधेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश गौतम शकील भाई प्रधान सहित सैकड़ो महिलाएं पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ देवाधिदेव महादेव लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली तरक्की और विकास के लिए देवाधिदेव महादेव से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करते हुये विशेष लोक अदालत को सफल बनाया जाए : राजेश पति त्रिपाठी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की मंशानुरूप एवं दिनेश चन्द जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में दिनांक-29, 30 तथा 31 जनवरी 2024 को विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु दिनांक-09.01.2024 को राजेश पति त्रिपाठी/अध्यक्ष विशेष लोक अदालत की अध्यक्षता में सायं 04:30 बजे बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में विद्युत अधिनियम की विशेष लोक अदालत की समिति के सदस्य उमेश चन्द्र पाण्डेय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीतीश कुमार राय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की उपस्थिति हुये।

राजेश पति त्रिपाठी/अध्यक्ष विशेष लोक अदालत के द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रीलिटिगेशन स्तर एवं न्यायालय पर लम्बित विद्युत अधिनियम, 2003 से सम्बन्धित वादों अधिक से अधिक संख्या में को चिन्हित करते हुये उनका शत-प्रतिशत तामीला कराना सुनिश्चित करें जिससे उक्त विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करते हुये विशेष लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें।

नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बताया गया कि उक्त विशेष लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन स्तर पर एवं न्यायालय पर लम्बित विद्युत अधिनियम, 2003 से सम्बन्धित वादों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर किया जायेगा। सचिव महोदया के द्वारा बताया गया कि विशेष लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद न्यायालय एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों बैनर एवं पम्पलेट्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है।

# देश के विकास पर आधारित है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोंच: अरुण शुक्ला

## ग्राम कोलहदा में आयोजित हुई संकल्प यात्रा , बीईओ ने किया भाजपा नेता अरुण शुक्ला का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



त्रिवेदीगंज बाराबंकी। भारत को विकसित करने का जो संकल्प प्रधानमंत्री जी ने लिया था वो अब पूरा हो रहा है देश उन्नति कर रहा है हर नागरिक तक जनकल्याणकारी योजनाए पहुँच रही है उक्तबात भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आमजन को सबोधित करते हुए कही । उन्होंने भाजपा सरकार की विकास नीति से आमजन को रूबरू कराया। गौरतलब है कि

विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम-सभा कोलहदा पहुँची जिसमे आज के मुख्य दिवसाधिकारी श्री जैनेन्द्र गुप्ता (खण्ड शिक्षा अधिकारी ) ने मुख्य अतिथि

भाजपा नेता श्री अरुण शुक्ला जी पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया इस कार्यक्रम शक्ति केंद्र संयोजक कोलहदा श्री यज्ञ नारायण बाजपेयी जी ,मंडल के उपाध्यक्ष श्री श्याम बहादुर सिंह , ग्राम प्रधान कोलहदा श्री रंजीत गुप्ता, प्रधान सोनिकपुर श्री महेंद्र शाह सिंह , प्रधान सादुल्लापुर श्री दुर्गा बक्श सिंह , सदस्य क्षेत्र पंचायत श्री दिनेश सिंह , पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण गोपाल वाजपेई , बूथ अध्यक्ष श्री मुकेश पाल , तेज बहादुर सिंह विधुत विभाग से श्री रामबालक वर्मा सहित अन्य तमाम विभागीय अधिकारी कर्मचारी गण एवं अन्य गण मान्य व्यक्तियों सहित सैकड़ों की संख्या में जनता जनार्दन उपस्थित रही म उक्त कार्यक्रम का कुशल एवं सफल संचालन सेक्टर संयोजक खैरा कनकू अनुज लवकुश पांडेय ने किया ।

# हरि अवतारन को नही अंता चौबीस मुख्य गौड़ बहु बंता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत ज्योरी स्थित दुर्गा मंदिर पर मंगलवार से शुरु हुई साप्ताहिक श्री रामकथा के प्रथम दिवस कथाव्यास कुलदीप''मृदुलांश'' ने भगवान शिव और माता भगवती के बीच हुए संबाद का वर्णन करते हुए कहा कि जब जब भूतल पर अत्याचार और अधर्मीजनों का प्रभाव बढ़ता है तब तब वो परमात्मा जो निराकार रूप में है सगुण रूप धर कर भूमंडल के भार का हरण करता है।

भवानी ने भगवान के अवतार के कारणों के विषय मे पूंछा जो भगवती का प्रथम प्रश्न है

प्रथम सो कारण कहौ पुरारी।

निर्गुण ब्रम्ह सगुण बपु धारी।।

कथा व्यास जी ने कहा कि भगवान के अवतार के चौबीस मुख्य और बहुत से कारण है।

या तो परमात्मा ने किसी को बरदान दिया या तो किसी के द्वारा दिये गए श्राप को सत्य करने के लिए उन्होंने अवतार लिया।

हरि अवतारन को नही अंता।

चौबीस मुख्य गौड़ बहु बंता।।

नारद जी ने भगवान विष्णु को श्राप दिया,बृन्दा ने भगवान बिष्णु को श्राप दिया,राजा मनु और सतरूपा को भगवान ने बरदान दिया आदि अनेक कारणों द्वारा परमात्मा को अवतार लेना पड़ा।इस दौरान भारी संख्या मे महिला एव पुरुष भक्तगण उपस्थित रहे।

# हैदरगढ़ के युवक का अमेठी जिले की नहर मे मिला शव

हैदरगढ़ बाराबंकी। कस्बा हैदरगढ़ के ठाकुरद्वारा वार्ड से लगभग एक सप्ताह पूर्व गायब युवक की लाश बरामद हुई है। अमेठी जिले के शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के सातन पुरवा गांव के निकट सिंहपुर रजवहा में उतराता मिला युवक शव पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेने के बाद पारिवारिक जनों को सूचना देकर पहचान कराई गई बाद में पंचनामा भरकरशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।बता दे कि 6 दिन पहले बुधवार की सुबह ठाकुर द्वारा वार्ड निवासी 22 वर्षीय शिवम कश्यप अपने घर से इन्हौना नहर पर शौच के लिए गया था।

वापस न आने पर परिवारजन वार्ड के सभासद महेश अग्रवाल व अन्य पड़ोसियों के साथ गुरुवार को इन्हौना ब्रांच नहर के पानी में जाकर शिवम की तलाश की थी। शुक्रवार को सिंहपुर ब्रांच का पानी सिंचाई विभाग हैदरगढ़ के अधिकारियों से कम कराकर पूरे दिन गायब शिवम की खोजबीन की गई। लेकिन शिवम का कुछ सुराग नहीं लग सका था।

# पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहे व्यक्ति की पेड़ से गिरकर हुई मौत

बाराबंकी। घर के चूल्हे के लिए सूखे पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहे व्यक्ति की पेड़ से अचानक गिरकर मौत हो गयी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया है।मिली जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थानाक्षेत्र के लालापुर गांव निवासी 53 वर्षीय बसंतलाल पुत्र स्व.कन्हैया लाल बीते सोमवार दोपहर घर मे चूल्हा जलवाने के लिए सूखी लकड़ियां काटने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। अचानक अनियंत्रित होकर बसंतलाल पेड़ से नीचे गिर गया और गिरने के कुछ देर बाद ही बसंतलाल की मौत हो गयी घंटो तक घर वापस न आने पर परिजनो को अनहोनी की आशंका हुई मृतक जिस तरफ गया था उधर की ओर जाकर तलाश के लिए परिजन गए तो वहा पर बसंतलाल की मौत हो चुकी थी और पेड़ की कुछ टहनियां कुछ दूरी पर पड़ी थी इस बीच जानकारी पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

# खेत मे छुट्टा जानवरो को भगाने गये युवक को लगा करंट,मौत

बाराबंकी। खेत मे घुसे छुट्टा जानवरो को भगाने के लिए गया एक 35 वर्षीय युवक खेत के बाहर लगे विद्युत पोल के स्टे के तार मे उतरे करंट की चपेट मे आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरियाबाद थानाक्षेत्र का कुछ हिस्सा घाघरा नदी की दूसरी तरफ गोण्डा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र से लगा हुआ है उसी सीमा मे दरियाबाद थानाक्षेत्र का गोपीपुरवा गांव भी आता है यहां के चंद्रबक्श सिंह का 35 वर्षीय पुत्र अंकुर सिंह सोमवार की दोपहर अपने खेत मे लगे विद्युत पोल के स्टे मे उतरे करंट की चपेट मे आ गया जिससे अंकुर की मौत हो गयी।जानकारी पर दरियाबाद पुलिस नाव से नदी के उस ओर पड़ने वाले गोपीपुरवा गांव पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी आये मृतक के एक परिजन ने बताया की स्टे के बगल मे घास उगी थी और एक पौधे के बीच मे लगा स्टे वायर उसी से निकला हुआ था जो अचानक अंकुर के पैर मे छू गया जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गयी।

# समय पर टीकाकरण ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव: प्रो. संगीता शुक्ला

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर में कोशिकाएं नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सकता है।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र और स्वामी कल्याण देव चिकित्सालय के तत्वावधान में मंगलवार को सर्वाइकल वैक्सीन कैंप आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि कैंसर का नाम हमेशा शरीर के उस हिस्से के नाम पर रखा जाता है, जहां यह शुरू होता है, भले ही यह बाद में शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाए। जब कैंसर गर्भाशय ग्रीवा में शुरू होता है तो इसे सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है। सही समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सकता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन ने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा वाले किसी भी व्यक्ति को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का खतरा होता है। यह अक्सर 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में होता है। कुछ प्रकार के ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) के साथ लंबे समय तक चलने वाला संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है। एचपीवी एक आम वायरस है। स्क्रीनिंग परीक्षण और एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में मदद कर सकते हैं। जब सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता चल जाता है, तो इसका इलाज अत्यधिक संभव होता है और यह लंबे समय तक जीवित रहने और जीवन की अच्छी गुणवत्ता से जुड़ा होता है।

# अक्षत वितरण करने वालों पर की पुष्प वर्षा

मुरादाबाद। मुरादाबाद के रामगंगा विहार कॉलोनी स्थित केसरी कुंज बस्ती में मंगलवार को भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत बांटे गए। इस दौरान लोगों के द्वारा मंदिर स्वरूप आकृति की आरती उतारी गई। अक्षत वितरण कार्यक्रम जाट महासभा चौक से प्रारंभ हुआ। इस दौरान सभी लोगों से 22 जनवरी को भगवान श्री राम जी के श्री विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन लोगों से दीपावली मनाने, घरों को रंग बिरंगी लाइट की झालरों व फूलों से सजाने और घर-घर दीपक जलाने का आह्वान किया। लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर अक्षत वितरण करने वाले कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया तथा 22 जनवरी को दीपावली मनाने का वचन दिया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक वतन कुमार ने कहा कि 22 जनवरी को घरों में दीपावली मनानी है और दीपों से घर को सजाना है।

# आगामी अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत सीओ ने की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

टिकैतनगर बाराबंकी। आगामी 22 जनवरी अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत रखते हुए कोतवाली में आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशा अनुसार सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र व कोतवाल संजीत सोनकर ने निर्देश दिए की ई-रिक्शा किसी भी दिशा में राजमार्ग पर चलने वाले टैक्सी बस व अपनी निजी वाहन फोर व्हीलर चालकों को यात्रियों से सिष्टता से पेश आने वाले वाहनों को नो पार्किंग जोन में ना खड़ा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए होटल ढाबा मालिकों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा कार्यक्रम कर्मचारियों का सत्यापन करने के पश्चात सभी ढाबो पर रेस्टोरेंट के कर्मियों को आगंतुकों के शिस्टा पूर्वक व्यवहार करने के लिए निर्देसीत किया गया जिले में उपस्थित थाना क्षेत्र के सभरांत व्यक्तियों चौकीदारों से संवाद कर किसी संदिग्ध व्यक्तियों वस्तुओं संबंध में जानकारी होने में स्थानीय पुलिस को सूचना तुरंत दे इस मौके पर कई ग्राम के प्रधान व मंदिरों के पुजारी व व्यापारी सुनील गुप्ता कृपाशंकर शुक्ला सभासद राजेश शर्मा उर्फ फक्कड़ अजय चौधरी रवि गुप्ता व उप निरीक्षक कृष्णकांत सिंह पुलिस स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।

# 15 साल पहले परिवार से बिछड़ी मां को पुलिस ने बेटे से मिलाया

## सी प्लान ऐप से ढूंढ निकाला पता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। 15 साल पहले अपने परिवार से बिछड़ी महिला मंगलवार को अपने बेटे के पास पहुंची तो उर्वशी और उसके बेटे के आंखों से आंसू बह निकले। दरअसल यह महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। पुलिस ने इसका पता-सी प्लान ऐप से लगाया।

7 जनवरी को यह महिला भटकती हुई थाना जैद्पुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पाटमऊ में आ गयी। किसी ने इसकी सूचना यूपी 112 के माध्यम से पीआरवी 1726 को दी। सूचना पाकर पीआरवी 1726 व वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश कुमार सिंह थाना जैद्पुर तुरंत मौके पर पहुंचे। महिला ठंड से कांप रही थी, इसलिए थाना जैद्पुर के वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश सिंह ने उसे गर्म कपड़े उपलब्ध कराए।

महिला से काफी प्रयास के बाद उसके परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की गई तथा ज्ञात हुआ कि महिला ग्राम पिपहरा थाना निहौली जनपद एटा की रहने वाली है। थाना जैद्पुर पुलिस द्वारा सी प्लान ऐप के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम प्रधान से बात करके महिला के परिजनों से सम्पर्क किया गया।

ज्ञात हुआ कि यह महिला करीब 15 वर्ष पूर्व अपने परिजनों से बिछड़ गई थीं। सूचना पाकर मंगलवार को परिजन बाराबंकी पहुंचे। महिला को उनके पुत्र के सुपुर्द किया गया। मां बेटे लंबे अरसे बाद मिले तो यह बेहद भावुक दृश्य था। बाराबंकी पुलिस द्वारा किए गए मानवीय कार्य की आम जनमानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# सहायक अभियंता के आश्वासन पर भूख हड़ताल समाप्त

## जलजीवन मिशन में बड़ी लापरवाही जांच में पुष्टि घोटाले की आशंका




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। श्री राम सेवा समिति की भूख हड़ताल तीसरे दिन समाप्त हुई। प्राप्त जानकारी मुताबिक श्री राम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएनएस त्यागी ग्राम पंचायत बबरी गांव विकासखंड बनीकोडर जिला बाराबंकी में जल जीवन मिशन के ठेकेदार के द्वारा मानक विहीन कार्य कराए जाने की विरोध में 3 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे थे। जिसे मंगलवार को जल निगम विभाग के सहायक अभियंता एवं कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य संबंधित कर्मचारी एवं श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारी के साथ वार्ता की गई वार्ता से संतुष्ट होकर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल समाप्त हो गई। श्री त्यागी ने बताया कि अगर किए गए वादे से संबंधित लोग मुकरते हैं तो तत्काल अनशन प्रारंभ कर दिया जाएगा इस मौके पर श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारी फूलचंद्र आचार्य आशीष शुक्ला राहुल मिश्रा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

### बगैर लीकेज चेकिंग के बना रहे थे आरसीसी बिफरे सहायक अभियंता

बबुरी गांव में हजारों मीटर लंबी वाटर सप्लाई लाइन बननी है जिसमें ठेकेदार की मनमानी व लापरवाही व मानक विहीन कार्य से क्षुब्ध श्री त्यागी के भूख हड़ताल पर पहुंचे जल निगम के सहायक अभियंता जफर अहमद ने

कार्यदाई संस्था मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर से जानकारी चाही तो वह बगले झांकते नजर आए तो शिकायत अनुसार आरसीसी को पुनः बनाने में लापरवाही को जाचने खातिर कंपनी के जिम्मेदार लोगों के सामने ही पुनः निर्मित आरसीसी खुदवाया तो कार्य मानक विहीन मिला व बिना लीकेज चेकिंग के ही आरसीसी बना रहे मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रति नाराजगी जताते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य नियमित तरीके से ही हो। इस मौके पर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर एसके सिंह, टीपीआई टीम से अर्पित यादव राज सोनी ब्लाक इंचार्ज अशोक गौड़ की लापरवाही साफ नजर आने पर कार्यदाई संस्था मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के यूपी हेड से बात कर टाई-अप तौर से कार्य करवा रही इम्पीरियर इम्फ्रा एजेंसी को कार्य से हटाने की बात कहते हुए सभी को जमकर लताड़ लगाई।

### ठेकेदारों मे ठेकेदार की है लंबी सीढ़ी घोटाले की भेंट न चढ़ जाय परियोजना

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजना हर घर जल मिशन कार्यक्रम जलजीवन मिशन के तहत गांव गांव करवाया जा रहा है तहसील रामसनेहीघाट के बनीकोडर में 52 पंचायतो में मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा पानी की टंकी समेत सप्लाई चेन बनाने के लिए कार्यदाई संस्था के तौर पर नियुक्त हैं किंतु कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को यह तक नहीं पता हैं कि कहा कौन काम कर रहा है मैनैजर साहब की माने तो इंपीरियर इंफ्रा एजेंसी ने संस्था से कार्य करवाने का ठेका लिया है, पूरे कार्य की निगरानी व क्वालिटी चेकिंग के लिए थर्ड पार्टी के तौर पर पीटीआई की जिम्मेदारी है किंतु लाखों रूपए के पैकेज डकारने में मस्त पीटीआई कभी काम चेक करने आते ही नहीं है। जबकि गांव वालों की माने तो गांव में जलजीवन मिशन के कार्य में लगा हर दसवां आदमी खुद को ठेकेदार बताता है पता ही नहीं चलता कि असली ठेकेदार जिम्मेदार कौन है। लोगो को आशंका है कि कही इतनी महत्वपूर्ण परियोजना घोटाले की भेंट न चढ़ जाएं।





# बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024
# सिंधु, प्रणय करेंगे भारतीय टीम का नेतृत्व

एजेंसी



नई दिल्ली। डबल ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एचएस प्रणय बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। यह टूर्नामेंट 13-19 फरवरी तक मलेशिया के शाह आलम में आयोजित किया जाएगा।

2024 पेरिस ओलंपिक की दौड़ में मूल्यवान योग्यता अंक हासिल करने के लिए भारतीय शटलरों के लिए प्रतिष्ठित टीम इवेंट महत्वपूर्ण होगा। 16 वर्षीय वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब, बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप पदक विजेता तन्वी शर्मा और अश्मिता चालिहा महिला एकल वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन को बैकअप प्रदान करेंगी। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ल्लओलंपिक खेल कुछ महीने दूर हैं, पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन को देखते हुए यह हमारे शटलरों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक है। हमने टीम इंडिया के लिए कॉल-अप के साथ-साथ वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियनों को भी पुरस्कृत किया है। ये बहुत मजबूत भारतीय पक्ष है, जो हर स्तर तक जाने में सक्षम हैं और मुझे यकीन है कि वे प्रतिष्ठित टीम इवेंट में इतिहास रचेंगे। त्रिसा जॉली-गायत्री गोपीचंद, जिन्होंने पिछले साल दुबई में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2023 में भारतीय टीम को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाने में मदद की थी, महिला युगल में प्रतिस्पर्धा करेंगी। शेष दो जोड़ियों में उभरती जोड़ी और योनेक्स-सनराइज गुवाहाटी मास्टर्स 2023 चैंपियन अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो के साथ-साथ मौजूदा वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया देवी कोन्जेंगबाम-श्रुति मिश्रा शामिल हैं। दूसरी ओर, प्रणय, जिन्होंने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप पदक और मलेशिया मास्टर्स 2023 में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब भी जीता, पुरुष टीम का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन, पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत और हाल ही में वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियन बने चिराग सेन, प्रणय का साथ देंगे। 2023 में छह खिताब जीतने के बाद, जिसमें एशियाई खेल, एशियाई चैंपियनशिप, इंडोनेशिया ओपन 2023, शामिल है, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी पुरुष युगल की जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व विश्व नंबर 1 जोड़ी को प्रभावशाली वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियन जोड़ी सूरज गोला-पृथ्वी रॉय और ध्रुव कपिला-अर्जुन एम.आर. का समर्थन मिलेगा। भारतीय पुरुष टीम ने इससे पहले टीम स्पर्धा के 2016 और 2018 संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

# अल्टीमेट खो खो में गुजरात जायंट्स ने तेलुगु योद्धाओं को हराया

एजेंसी




कटक। गुजरात जाइंट्स ने तेलुगु योद्धाओं पर 42-22 से जीत के साथ अल्टीमेट खो खो सत्र 2 तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। सोमवार रात यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में गुजरात जायंट्स के रक्षकों ने कुल आठ ड्रीम रन पॉइंट अर्जित किए। अर्णव पाटनकर और वी सुब्रमणि ने दस-दस अंकों के साथ गुजरात जायंट्स के लिए आक्रामक प्रदर्शन किया। गुजरात जायंट्स ने बेहतरीन डिफेंसिव प्रदर्शन के साथ मैच की शुरुआत की. विनायक पोकार्डे , अक्षय भांगरे और राम मोहन के पहले बैच ने सफल समीक्षाओं की एक श्रृंखला की सहायता से, तेलुगु योद्धा हमलावरों के चारों ओर घेरा बनाया। जब उनका काम पूरा हो गया, तो उन्होंने पांच ड्रीम रन पॉइंट अर्जित कर लिए थे। टर्न 1 के आखिर में तेलुगु योद्धाओं के पास केवल 8-5 की मामूली बढ़त थी। हालाँकि तेलुगु योद्धाओं ने टर्न 2 में अपने अच्छे रक्षात्मक प्रदर्शन के साथ वापसी की। लिपुन मुखी, प्रसाद पाटिल और अरंक गुंकी के उनके पहले बैच ने चार ड्रीम रन पॉइंट हासिल किए। पारी समाप्त होने पर स्कोर गुजरात जायंट्स के पक्ष में 19-12 था।

मैच में वापसी करने के लिए तेलुगु योद्धाओं को टर्न 3 में बड़े प्रदर्शन की जरूरत थी लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। गुजरात जाइंट्स के पहले और दूसरे रक्षात्मक बैच ने संयुक्त रूप से तीन ड्रीम रन पॉइंट हासिल किए, रवि वासवे भी अजेय रहने में कामयाब रहे। स्कोर 22-22 पर लॉक हो गया। टर्न 4 में गुजरात जायंट्स आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए मैच जीत लिया। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी के लिए दिग्गज फुटबॉलर फ्रांज बेकनबाउर का 78 वर्ष की आयु में निधन

**बर्लिन।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉलर फ्रांज बेकनबाउर, जिन्होंने खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में विश्व कप जीता, का निधन हो गया है। वह 78 वर्ष के थे। बेकनबाउर के निधन की घोषणा सबसे पहले उनके परिवार की ओर से जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए को दिए गए एक बयान के माध्यम से की गई और फिर जर्मन फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की। परिवार ने अपने बयान में कहा, ''बहुत दुख के साथ हमें यह घोषणा करनी पड़ रही है कि मेरे पति, फ्रांज बेकनबाउर का, रविवार को निधन हो गया। हम चाहते हैं कि हमें शांति से शोक मनाने की अनुमति दी जाए और किसी भी सवाल से बचा जाए। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। बायर्न म्यूनिख के पूर्व महान खिलाड़ी, जिन्हें प्यार से ''कैसर'' – या ''सम्राट'' के नाम से जाना जाता है – हाल के वर्षों में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। बेकनबाउर जर्मन फुटबॉल की केंद्रीय शख्सियतों में से एक थे। एक खिलाड़ी के रूप में, उन्होंने फुटबॉल में डिफेंडर की भूमिका निभाई और 1966 के फाइनल में इंग्लैंड से हारने के बाद 1974 में पश्चिम जर्मनी को विश्व कप खिताब दिलाया। वह कोच थे जब 1990 में पश्चिम जर्मनी ने फिर से टूर्नामेंट जीता था। 2018 और 2022 विश्व कप वोटों में कथित भ्रष्टाचार की अभियोजक माइकल गार्सिया की जांच में सहयोग करने में विफल रहने के लिए बेकनबाउर को 2014 में फीफा की नैतिक समिति द्वारा फुटबॉल से संबंधित सभी गतिविधियों से कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया था। ब्राज़ील में 2014 विश्व कप के दौरान जब वह सहयोग करने के लिए सहमत हुए तो निलंबन हटा लिया गया था।

### फीफा ने जर्मन फुटबॉलर फ्रांज बेकनबाउर के निधन पर जताया शोक

**जिनेवा।** फीफा ने सोमवार को जर्मन दिग्गज फुटबॉलर फ्रांज बेकनबाउर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। फीफा ने कहा कि बेकनबाउर, जिनका रविवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया, को इतिहास के महानतम फुटबॉलरों में से एक माना जाता है। 'डेर कैसर', जिन्हें उदारवादी भूमिका का नेतृत्व करने का श्रेय दिया जाता है, ने पश्चिम जर्मनी को यूईएफए यूरो 1972 और 1974 फीफा विश्व कप का खिताब दिलाया। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, ''जर्मन और विश्व फुटबॉल के एक दिग्गज, फ्रांज बेकनबाउर की उपलब्धियां और जीतें इतिहास में दर्ज हैं और फिर भी, उनकी सारी लोकप्रियता के बावजूद, 'डेर कैसर' हमेशा विनम्र और जमीन से जुड़े रहे। उन्होंने कहा, ''उन्हें दुनिया भर के फुटबॉल समर्थकों द्वारा हमेशा याद किया जाएगा, खासकर जर्मन राष्ट्रीय टीम और एफसी बायर्न म्यूनिख के प्रशंसकों द्वारा, जिनके साथ उन्हें इतनी सफलता मिली। इन्फेंटिनो ने बेकनबाउर को ''वास्तव में एक महान व्यक्ति, फुटबॉल का मित्र, एक चैंपियन और एक सच्चा किंवदंती'' बताया, और कहा ''प्रिय फ्रांज को कभी नहीं भुलाया जाएगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, उनके दोस्तों और जर्मन फुटबॉल एसोसिएशन के साथ हैं, जिनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 300 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए पैरी को बधाई दी

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने स्टार हरफनमौला खिलाड़ी एलिस पैरी को 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए बधाई दी है और उन्हें युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बताया है। तैंतीस साल की पैरी ने रविवार को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। पैरी ने इस मैच में नाबाद 34 रन बनाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 1–1 से बराबर की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने एक बयान में कहा, ''एलिस पैरी को 300वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने के लिए बधाई। उन्होंने कहा, ''एलिस खेल में अब तक के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक है और खेल खेलने के इच्छुक युवाओं के लिए सबसे प्रेरणादायक आदर्श हैं। जुलाई 2007 में 16 साल की उम्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली पैरी छह टी20 विश्व कप खिताब, दो एकदिवसीय विश्व कप खिताब और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुकी हैं। हॉकले ने कहा, ''वह ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं जो ऑस्ट्रेलियाई खेल इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक है। उन्होंने कहा, ''यह एलिस का पेशेवरपन और एलीट स्तर पर निरंतर प्रदर्शन का प्रमाण है कि उन्हें हाल में आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 क्रिकेटर के लिए नामित किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों प्रारूपों में पैरी ने सर्वाधिक 323 विकेट चटकाए हैं जबकि वह देश के लिए 6,585 रन बनाकर मेग लेनिंग के बाद दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक हजार रन और सौ विकेट की उपलब्धि हासिल करने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी थीं।

### डब्ल्यूटीसी ने टेस्ट क्रिकेट का नुकसान ही किया: बुचर

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज मार्क बुचर को लगता है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) ने सबसे लंबे प्रारूप को फायदे की बजाय नुकसान ज्यादा पहुंचाया है। दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला के लिए एक कमजोर टीम की घोषणा की है क्योंकि उसके शीर्ष क्रिकेटरों ने 'एसए20' (घरेलू फ्रेंचाइजी टी20 लीग) के दूसरे सत्र में खेलने के लिए अनुबंध किया है और इन दोनों प्रतियोगिताओं की तारीखें टकरा रही हैं। बुचर ने विजडन क्रिकेट के साप्ताहिक पॉडकास्ट पर कहा, ''उन चीजों में से एक जिसने इसे और भी अपरिहार्य बना दिया है, उसे उन्होंने टेस्ट मैच क्रिकेट बचाने के प्रयास के तहत शुरू किया है और वह है विश्व टेस्ट चैंपियनशिप। उन्होंने कहा, ''मुद्दा यह है कि आपकी द्विपक्षीय श्रृंखला को प्रशंसकों और उसमें खेल रहे दो देशों के खिलाड़ियों की कल्पना पर हावी होना होगा और फिर व्यापक क्रिकेट देखने वाले लोगों की। और इसका एकमात्र तरीका यह है कि वे प्रतिस्पर्धी हों। और यह हमेशा से ऐसा ही था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सहित शीर्ष क्रिकेट बोर्डों की कड़ी आलोचना की जब क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टीम में सात ऐसे खिलाड़ियों को जगह दी जिन्होंने अब तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। बुचर ने कहा, ''टेस्ट मैच श्रृंखलाएं होती थी और प्रत्येक मैच अपने आप में महत्वपूर्ण था। विचार यह है कि आप पूरी चीज को तीन साल तक विस्तारित करते हैं। मुझे लगता है कि इसे प्रासंगिक बनाए रखने के लिए जो एकमात्र प्रयास किया गया है, उसने इसे और बदतर बना दिया है।

# फरवरी में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट खेलेगा अफगानिस्तान




एजेंसी

नई दिल्ली। अफगानिस्तान फरवरी 2024 में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलेगा। दो सीमित ओवरों के प्रारूपों पर अधिकांश ध्यान केंद्रित करने के कारण, अफगानिस्तान ने पिछले तीन वर्षों में ज्यादातर समय केवल एक ही टेस्ट मैच खेला है। अब, हालांकि, उन्हें कैलेंडर में जगह मिल गई है और उन्होंने 2 फरवरी से 18 मार्च के बीच होने वाली दो अलग-अलग सभी प्रारूप श्रृंखलाओं की घोषणा की है। व्यस्त अवधि की शुरुआत कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ उनके पहले टेस्ट मैच से होगी, जिसके बाद तीन वनडे और तीन टी20 मैच होंगे। श्रीलंका के अपने दौरे की समाप्ति के सात दिन बाद, अफगानिस्तान 28 फरवरी से 3 मार्च के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के लिए संयुक्त अरब अमीरात में आयरलैंड की मेजबानी करेगा। इस श्रृंखला में सीमित ओवरों का चरण भी शामिल है क्योंकि अफगानिस्तान अगले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रहा है, जो जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। अफगानिस्तान के श्रीलंका दौरे में हमेशा एक टेस्ट मैच और तीन टी20 मैच शामिल होने वाले थे। एसीबी प्रमुख मीरवाइस अशरफ ने एक बयान में कहा, ''इन तीन एकदिवसीय मैचों को शामिल करना एक पूर्ण और व्यापक दौरे को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल अफगानिस्तान क्रिकेट को अच्छा अनुभव प्रदान करेगा बल्कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को भी बढ़ावा देगा। श्रीलंका के साथ श्रीलंका में खेलना यह हमेशा मुश्किल होता है लेकिन यह एक चुनौती है जिसे अफगान अटलान आसानी से स्वीकार कर सकते हैं।

**अफगानिस्तान के श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम**

फरवरी 2–6, 2024 वन–ऑफ़ टेस्ट, कोलंबो
9 फरवरी, 2024, पहला वनडे, कोलंबो
11 फरवरी, 2024, दूसरा वनडे, कोलंबो
14 फरवरी, 2024, तीसरा वनडे, कोलंबो
17 फरवरी, 2024, पहला टी20 मैच, दांबुला
19 फरवरी, 2024, दूसरा टी20 मैच, दांबुला
21 फरवरी, 2024, तीसरा टी20 मैच, दांबुला
यूएई में अफगानिस्तान बनाम आयरलैंड––
फरवरी 28–मार्च 3, 2024 वन–ऑफ़ टेस्ट, अबू धाबी
7 मार्च, 2024, पहला वनडे, शारजाह
9 मार्च, 2024, दूसरा वनडे, शारजाह
12 मार्च 2024, तीसरा वनडे, शारजाह
15 मार्च, 2024, पहला टी20 मैच, शारजाह
17 मार्च, 2024 दूसरा टी20 मैच, शारजाह
18 मार्च 2024, तीसरा टी–20 शारजाह

### एडिलेड इंटरनेशनल: पहले ही दौर में हारे थानासी कोकिनाकिस

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी थानासी कोकिनाकिस पहले ही दौर में एडिलेड इंटरनेशनल से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में 2022 पुरुष एकल चैंपियन कोकिनाकिस को सोमवार रात एडिलेड इंटरनेशनल मेमोरियल ड्राइव टेनिस क्लब के सेंटर कोर्ट पर सर्बियाई विश्व नंबर 52 दुसान लाजोविक ने 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। यह मैच दो घंटे और 11 मिनट तक चला। शुरूआती सेट में दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने सर्विस पर दबदबा बनाए रखा, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, वह गलतियाँ करते गए और लाजोविक ने मैच अपने नाम कर लिया। लाजोविक ने मैच के बाद कोर्ट पर कहा, ''मुझे पता है कि थानासी यहां दर्शकों के पसंदीदा हैं। दर्शकों को दोनों पक्षों का समर्थन करने के लिए धन्यवाद। इस हार का मतलब है कि कोकिनाकिस अक्टूबर के बाद से बिना किसी जीत के रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रवेश करेंगे।

# एसीबी ने मुजीब, फारूकी और नवीन के प्रति रूख किया नरम, केंद्रीय अनुबंध देने का किया फैसला

एजेंसी



काबुल। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी और नवीन उल हक पर लगाए गए प्रतिबंधों को संशोधित किया है, जिससे तीनों खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त करने और फ्रेंचाइजी लीग में भी भाग लेने की अनुमति मिल गई है, बशर्ते कि वे राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें। मुजीब ने फजलहक फारूकी और नवीन-उल-हक के साथ 2024 के लिए केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। बदले में एसीबी ने राष्ट्रीय अनुबंधों की घोषणा में देरी की और उन्हें दो साल के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने का फैसला किया। मुजीब बिग बैश लीग में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टी20ई श्रृंखला से चूक गए, जबकि फारूकी और नवीन बोर्ड के साथ बातचीत के बाद अफगानिस्तान में वापस आ गए। बीबीएल में मुजीब का कार्यकाल छोटा कर दिया गया क्योंकि एसीबी ने उनकी एनओसी रद्द कर दी थी। लेकिन 22 वर्षीय खिलाड़ी अंततः अफगानिस्तान टीम में वापस आ गए क्योंकि उन्हें भारत के खिलाफ टी20ई श्रृंखला के लिए टीम में नामित किया गया था। एसीबी ने कहा कि खिलाड़ियों ने बोर्ड से ''बिना शर्त संपर्क'' किया और देश के लिए फिर से खेलने की अपनी इच्छा व्यक्त की। इसके बाद, एक निर्दिष्ट समिति ने ''व्यापक जांच'' की और लिखित अंतिम चेतावनी और उनकी मासिक कमाई /या मैच फीस से वेतन में कटौती, राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए सीमित एनओसी और आयोजनों में उनके प्रदर्शन और अनुशासन की सख्ती से निगरानी करते हुए केंद्रीय अनुबंध देने सहित सिफारिशें कीं। एसीबी अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने कहा, ''खिलाड़ियों ने निस्संदेह टीम की सफलता में योगदान दिया है और अपने सर्वोत्तम मूल्यों के साथ देश का प्रतिनिधित्व किया है। हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में इसी तरह की असुविधाओं से बचें क्योंकि हम उम्मीद करते हैं कि वे सर्वोत्तम तरीके से देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# हॉकी इंडिया ने डच कोच हरमन क्रूज़ को उच्च प्रदर्शन निदेशक नियुक्त किया

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को नए हाई परफॉर्मेंस निदेशक के रूप में हरमन क्रूज़ की नियुक्ति की घोषणा की। वह सितंबर 2024 तक यह पद संभालेंगे और कोच एजुकेशन पाथवे सहित अन्य कार्यों के तहत हॉकी इंडिया के राष्ट्रीय जूनियर और सीनियर कार्यक्रमों की देखरेख करेंगे। नीदरलैंड के रहने वाले क्रूज़ के पास दो दशकों से अधिक का कोचिंग अनुभव है, और उन्हें इसके पहले उनके संबंधित एफआईएच जूनियर विश्व कप की तैयारियों की देखरेख के लिए भारतीय पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों के कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एक कोच के रूप में, क्रूज़ डच क्लब डेन बॉश लेडीज़ के मुख्य कोच हैं और उन्होंने लगातार आठ बार टीम को यूरोपीय कप खिताब दिलाया। वह 2006 से 2008 तक नीदरलैंड की इनडोर महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच भी थे और 2008 से 2010 तक नीदरलैंड टीम के मुख्य कोच भी थे। अपने सबसे हालिया कार्यकाल में, वह 2016 से अगस्त 2023 तक बेलारूस की इनडोर और आउटडोर टीमों के मुख्य कोच थे। क्रूज़ एक प्रमाणित एफआईएच कोच-शिक्षक हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ल्लहॉकी इंडिया को वरिष्ठ कोच हरमन क्रूज़ को हॉकी इंडिया के उच्च प्रदर्शन निदेशक के रूप में नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है। वह जूनियर और सीनियर कार्यक्रमों सहित हॉकी इंडिया द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की देखरेख करेंगे। मैं हरमन को इस नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उच्च प्रदर्शन निदेशक के रूप में नियुक्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, क्रूज़ ने कहा, मैं हॉकी इंडिया के साथ इस नए कार्यकाल का इंतजार कर रहा हूं। भारतीय टीमें इतिहास रचने की कगार पर हैं और मैं इस वर्ष के लिए टीमों और हॉकी इंडिया को उनके लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए उत्सुक हूं।

# कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




एजेंसी

नई दिल्ली। अंतराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का मूल्य 77 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.46 फीसदी की बढ़त के साथ 76.47 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.26 डॉलर यानी 0.37 फीसदी की उछाल के साथ 71.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# गुजरात ने 2026-27 तक 500 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है: मुख्यमंत्री पटेल

एजेंसी

गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 10 प्रतिशत योगदान देने और 2026-27 तक 500 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण से पहले एक साक्षात्कार में पटेल ने कहा कि वर्तमान में देश की कुल आबादी का केवल पांच प्रतिशत हिस्सा गुजरात में बसता है जबकि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका 8.3 प्रतिशत योगदान है। भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में राज्य की हिस्सेदारी पिछले वर्ष 33 प्रतिशत थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन यहां बुधवार को करेंगे। पटेल ने कहा कि शिखर सम्मेलन में गुजरात की भविष्य की परियोजनाओं और निवेश (ड्रीम सिटी, गिफ्ट सिटी, धोलेरा एसआईआर, अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल) को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, हरित हाइड्रोजन, एयरोस्पेस तथा रक्षा, प्लग-एंड-प्ले पार्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्मार्ट ग्रीनफील्ड शहर आदि जैसे नए व उभरते क्षेत्र शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कपड़ा, रसायन तथा पेट्रोरसायन, रत्न व आभूषण और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने के अलावा गुजरात मोटर वाहन क्षेत्र के केंद्र के रूप में भी उभरा है। राज्य ने खुद को देश की आर्थिक शक्ति के रूप में पेश किया है। उन्होंने कहा, '' पांच प्रतिशत आबादी के साथ गुजरात राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में राज्य की हिस्सेदारी पिछले वर्ष 33 प्रतिशत थी। भारत को 5000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में गुजरात का क्या योगदान होगा, इस प्रश्न के जवाब में पटेल ने कहा, मजबूत वैश्विक संबंध तथा विविधीकृत जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) हमारी अर्थव्यवस्था को असाधारण रूप से मजबूत बनाती है। हमारी सरकार ने भारत की जीडीपी में 10 प्रतिशत योगदान देने और 2026-27 तक 500 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, '' हम रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों पर गौर कर रहे हैं, जो न केवल वर्तमान आर्थिक परिदृश्य को परिभाषित करते हैं बल्कि वैश्विक भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य की वृद्धि ने ''गुजरात का मतलब वृद्धि'' की अवधारणा को मजबूत किया है।

## कैडेट दिल लगाकर काम करें और युवाओं के लिए आदर्श बनें: जनरल पांडे

एजेंसी

नयी दिल्ली। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों से मंगलवार को कहा कि वह जो कुछ भी करें उसमें अपना दिल और दिमाग लगायें तथा युवाओं के लिए आदर्श बनें।

जनरल पांडे ने आज यहां छावनी में गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया और कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कई पूर्व एनसीसी कैडेट सरकार और सशस्त्र बलों में उच्च पदों पर हैं। उन्होंने कैडेटों को सशस्त्र बलों के अतिरिक्त विभिन्न व्यवसायों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कैडेटों से यह भी आग्रह किया कि वे जो कुछ भी करें उसमें अपना दिल और दिमाग लगाएं और देश के युवाओं के लिए आदर्श बनें। उन्होंने रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण और पुनीत सागर अभियान आदि जैसी सामाजिक सेवा योजनाओं सहित राष्ट्रीय निर्माण गतिविधियों में एनसीसी के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला।

थल सेना प्रमुख ने एनसीसी के तीनों विंग यानी सेना, नौसेना, वायु सेना से आए कैडेटों द्वारा दिए गए प्रभावशाली 'गार्ड ऑफ ऑनर' की समीक्षा की। इसके पश्चात सिंधिया स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने शानदार बैंड का प्रदर्शन किया। बाद में सेना प्रमुख ने एनसीसी कैडेटों द्वारा सामाजिक जागरूकता विषयों और सांस्कृतिक गतिविधियों को दर्शाने वाले 'ध्वज क्षेत्र' का दौरा किया। कैडेटों ने उन्हें अपने संबंधित राज्य निदेशालय विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद सेना प्रमुख ने 'हॉल ऑफ फ़ेम' का दौरा किया और प्रतिभाशाली एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत एक शानदार 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' भी देखा। उन्होंने कैडेटों को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेटों को उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की।

# नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करने की परंपरा होनी चाहिए समाप्त : बिरला

एजेंसी

भोपाल। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करने की जो एक नई परंपरा चल गई है, उसे समाप्त करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने सदन में कानून बनाने के दौरान संबंधित विषय पर विस्तार से चर्चा होने की जरूरत भी बतायी।

श्री बिरला यहां मध्यप्रदेश विधानसभा के नव-निर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी अपना संबोधन दिया। श्री बिरला ने विधायकों को विधानसभा जैसे मंच का सदुपयोग करने के कई तरीके समझाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इन दिनों नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करने की नई परंपरा चल गई है, इसे समाप्त करना है। सदन को किसी भी प्रकार से सिर्फ स्थगित करवाना, ये लोकतंत्र की अच्छी परंपरा नहीं है। प्रतिपक्ष सरकार का विरोध कर सकता है, लेकिन सदन में व्यवधान होगा, तो उसका सकारात्मक उत्पादकता पर प्रभाव पड़ेगा। अपनी विधानसभा को मॉडल बनाएं, हर मुद्दे पर चर्चा हो तो सदन की महिमा और गरिमा दोनों बढ़ेगी। सदन न चले, ये अच्छी परंपरा नहीं है। उन्होंने नए विधायकों को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि जितना अधिक वे सदन में उपस्थित रहेंगे, उतने ही



सफल होंगे। उन्होंने कहा कि विधायकों को अगर समूचे प्रदेश का नेता बनना है तो सदन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रह कर सभी मुद्दों को सुनना होगा। श्री बिरला ने कहा कि वे अक्सर अनुभव करते हैं कि कोई भी जनप्रतिनिधि सिर्फ अपने क्षेत्र तक सीमित रह जाते हैं, पूरे देश प्रदेश की चर्चा में रुचि नहीं लेते। ये चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अनुभव और ज्ञान जब मिले, तब प्राप्त कर लेना चाहिए। विधायक अनुभव लेते रहें और उसका लाभ विधानसभा क्षेत्र को मिलता रहे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल में प्रश्न पूछने वाला जितना संक्षिप्त पूछेगा, उतना मंत्री को जवाब देने में मुश्किल होगी। इसी तरह विस्तार से पूछने पर मंत्री को आसानी रहती है। प्रश्नकाल में विधायक पूरी तैयारी से प्रश्न पूछें तो मंत्री भी पूरी तैयारी करके आएंगे। विधानसभा के जितने ज्यादा सत्र होंगे, उतनी ही सरकार में पारदर्शिता आएगी। उसका अनुभव लाभ मंत्रियों को भी मिलेगा। जितनी चर्चा होगा, उतना ही मंत्री भी उस विभाग को समझेगा। सदनों में कानून बनाने के दौरान संबंधित विधेयकों पर लंबी चर्चा पर जोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि हर विधानसभा में रिसर्च इकाई बननी चाहिए। कानूनों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए। कानून सरल भाषा में होने चाहिए। कानून का लंबा प्रभाव पड़ता है। जरूरत इस बात की भी है कि जब एक्ट पास हो, तो कम समय में उसके नियम बन जाएं, ताकि ज्यादा प्रभाव हो। उन्होंने कहा कि उन्होंने संसद में अनुभव किया है कि कानून बनने के बाद दो-दो साल तक नियम नहीं बने, इसलिए साथ में नियम बन जाने चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा में गरिमा और शालीनता गिरना भी एक बड़ी चिंता है। इसके पहले विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने श्री बिरला का स्वागत करते हुए कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## मोदी ने किया वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन

एजेंसी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का मंगलवार को उद्घाटन किया।

श्री मोदी ने मंगलवार को यहां वैश्विक नेताओं और शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक की और दुनिया के सबसे बड़े 'ग्लोबल ट्रेड शो' के लिये यहां एग्जीबिशन सेंटर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के अंतर्गत गांधीनगर में प्रदर्शनी और स्टॉल सहित दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला अब तक का सबसे बड़ा 'ग्लोबल ट्रेड शो' है।

दुनिया के इस सबसे बड़े ग्लोबल ट्रेड शो के लिये एग्जीबिशन सेंटर में 'मेक इन गुजरात' और 'आत्मनिर्भर भारत' सहित विभिन्न थीमों पर आधारित 13 प्रदर्शनी हॉल बने हैं। इस ग्लोबल ट्रेड शो में 100 देश, जबकि पार्टनर कंट्री के रूप में 33




देश हिस्सा ले रहे हैं। दुनिया के 20 देशों के अनुसंधान क्षेत्र के लगभग 1000 से अधिक प्रदर्शक इस ग्लोबल ट्रेड शो में सहभागी बने हैं। इतना ही नहीं ट्रेड शो में कुल क्षेत्र की 100 फीसदी बुकिंग भी पूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी में आज शाम ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में व्यापार जगत के प्रमुख लोगों के साथ चर्चा करेंगे। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का दसवां संस्करण 10 से 12 जनवरी तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इसका विषय 'गेटवे टू द फ्यूचर' (भविष्य का द्वार) है। शिखर सम्मेलन का यह दसवां संस्करण 'सफलता के शिखर सम्मेलन के रूप में वाइब्रेंट गुजरात के 20 वर्षों' का उत्साह मना रहा है। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात मंच का उपयोग करेगा।

शिखर सम्मेलन उद्योग 4.0, प्रौद्योगिकी और नवाचार, सतत विनिर्माण, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक गतिशीलता और नवीकरणीय ऊर्ज़ा और स्थिरता की ओर परिवर्तन-जैसे विश्वस्तरीय प्रासंगिक विषयों पर सेमिनार और सम्मेलन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेगा। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में कंपनियां विश्वस्तरीय अत्याधुनिक तकनीक से बने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। ट्रेड शो के कुछ फोकस सेक्टर-ई-मोबिलिटी, स्टार्ट-अप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), ब्लू इकोनॉमी, ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ से 10 जनवरी तक गुजरात के दौरे पर रहेंगे। वर्ष 2003 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की परिकल्पना की गयी थी। आज वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, समावेशी वृद्धि और सतत विकास के लिये व्यापक सहयोग, ज्ञान साझाकरण और रणनीतिक साझेदारी के लिये सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंचों में से एक के रूप में विकसित हुआ है।

## भारत में 2036 तक 9.3 करोड़ घरों की होगी जरूरत : रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में आबादी बढ़ने के साथ ही घरों की मांग में भी तेजी आयेगी और वर्ष 2036 तक आवास की मांग 9.3 करोड़ घरों तक पहुंचने का अनुमान है।

क्रेडाई ने लियासेस फोरास के सहयोग से वाराणसी में न्यू इंडिया समिट में जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। इसमें कहा गया है कि मुख्य रूप से मांग में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनसंख्या, स्वस्थ मैक्रो-आर्थिक संकेतक और अनुकूल जनसांख्यिकी सहित प्रमुख मापदंडों में आवास आधारित वृद्धि, कई टियर 2 और 3 शहरों के साथ मांग और आपूर्ति दोनों में वृद्धि देखी जा सकती है। उभरते क्षेत्रों में बढ़ती व्यावसायीकरण गतिविधियों के साथ-साथ स्मार्ट शहरों की स्थापना के लिए सरकारी कार्यक्रमों के साथ, यह व्यापक रूप से उम्मीद की जाती है कि रियल एस्टेट विकास की अगली लहर टियर 2 और 3 क्षेत्रों से आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल 2023 में भारी मात्रा में पंजीकरण हुए और घर खरीदने वालों की रुचि बढ़ी, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 19,050 से अधिक आरईआरए पंजीकरण भी हुए - जिसमें 45 प्रतिशत परियोजनाएं आवासीय खंड में थीं। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, ्लतेजी से बढ़ती भारतीय आबादी और अर्थव्यवस्था के परिणामस्वरूप घरों की मांग और आपूर्ति में तेजी आई है, साथ ही घर खरीदारों की क्रय शक्ति में भी सुधार हुआ है और वे बड़े घर खरीदने के लिए प्रेरित हुए हैं। देश अगले 10-15 वर्षों में कई गुना विकसित होने के लिए तैयार है और इसलिए, इस रिपोर्ट के माध्यम से हम टियर 2 और 3क्र क्षेत्रों के उद्भव और क्षेत्र और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के साथ एक नई मिसाल कायम करने की ओर देख रहे हैं। ऐसे शहरों में आवास में तेजी आएगी क्योंकि महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम और बढ़ती वाणिज्यिक व्यावसायीकरण गतिविधियां सभी क्षेत्रों में परियोजनाओं की एक मजबूत पाइपलाइन बनाने के लिए सामने आएंगी। क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ कहा 2023 सभी रियल एस्टेट हितधारकों के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष था और हमें उम्मीद है कि यह मांग 2024 और उसके बाद भी बनी रहेगी। रिपोर्ट उद्योग और अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव पर कुछ महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा करती है जो अधिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं, साथ ही यह भी प्रकाश डालती है कि रियल एस्टेट गतिविधियों में वृद्धि के बीच टियर 2 और 3 शहरों ने कैसा प्रदर्शन किया है। व्यापक रूप से भारत के 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है, और चूंकि यह दृष्टिकोण बहुत कम समय में वास्तविकता में बदलता दिख रहा है, हमारा मानना है कि रियल एस्टेट विकास।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ किसी विदेशी की टिप्पणी स्वीकार्य नहीं: पवार

मुंबई/ नयी दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार ने मालदीव के मत्रियों और सांसदों की सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ किसी विदेशी की टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। श्री पवार ने मंगलवार को मुंबई में इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक से पहले पत्रकारों से कहा किसी भी अन्य देश का कोई भी व्यक्ति, नेता अधिकारी या कोई अन्य यदि हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलेगा तो वह हमें किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा श्री मोदी हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं और किसी मुल्क का कोई व्यक्ति या किसी भी पद पर बैठा कोई नेता, सांसद या अन्य हमारे प्रधानमंत्री के लिए गलत टिप्पणी करता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। हमें अपने प्रधानमंत्री का सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री के खिलाफ देश के बाहर से हम कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे।

## 22 जनवरी की बजाए रामनवमी को हो रामलला मन्दिर का लोकार्पण : राजीव रंजन

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को राममन्दिर लोकार्पण की तिथि बढाने की सलाह देते हुए आज कहा है कि 500 वर्षों के बाद राममन्दिर का निर्माण ख़ुशी की बात है लेकिन केंद्र सरकार और भाजपा के इसमें भी राजनीति किया जाना क्षोभ का विषय है।

श्री रंजन ने कहा कि धार्मिक विषयों के कई जानकारों का मानना है कि आगामी 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त कुछ ही समय का है, जो राममन्दिर के लोकार्पण जैसे महान कार्य के लिए उचित नहीं है। धर्मगुरुओं के मुताबिक रामनवमी का दिन इसके लिए सर्वाधिक शुभ है। उन्होंने सवालिया लिहाज में कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि धर्मगुरुओं के खिलाफ जाकर इतनी हडबडी में राममन्दिर का शुभारंभ करने की वजह क्या है।

जदयू महासचिव ने रामनवमी का महत्व बताते हुए कहा कि मान्यता है कि रामलला का अवतरण रामनवमी के दिन ही हुआ था। इसी दिन चैत्र में होने वाली दुर्गापूजा की महानवमी भी पड़ती है। सनातन धर्म को मानने वाले इस दिन को काफी शुभ मानते हैं। हर घर पूजा होती है और नई ध्वजा का आरोहण होता है। ऐसे भी जानकारी के मुताबिक नये राममन्दिर में प्रभु श्री राम बालरूप में प्रतिष्ठापित किये जा रहे हैं तो इसके लिए उनके अवतरण दिवस से बढ़िया दिन और कौन हो सकता है।

श्री रंजन ने कहा कि रामनवमी को राममन्दिर के लोकार्पण से एक बड़ा लाभ यह होगा कि सरकार को बिहार के पुनौराधाम में माता जानकी के नये मन्दिर के निर्माण कार्यों को शुरू करवाने का अवसर भी मिल जाएगा। कम से कम राममन्दिर के शुभारंभ से पहले जानकी मन्दिर की पहली ईंट तो रखी ही जा सकती है। इससे न केवल माता सीता और प्रभु श्रीराम को प्रसन्नता मिलेगी बल्कि इससे करोड़ों श्रद्धालुओं को भी ख़ुशी मिलेगी। इसलिए, केंद्र सरकार को हमारी सलाह है कि राजनीति से परे हटते हुए इस विषय में गंभीरता से सोचे और सही निर्णय ले।

## भारत को विकसित करने में प्रत्येक नागरिक का योगदान चाहते हैं प्रधानमंत्री : गोयल

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को एक महाशक्ति के रूप में विकसित करने में प्रत्येक नागरिक के योगदान को महत्व देते हैं और उसे रेखांकित करते हैं।

श्री गोयल ने आज यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य पूरा हो, इसके लिए प्रत्येक राज्य को विकसित होना होगा।

उन्होंने तमिल संत कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री मोदी इस संत कवि के दर्शन के अनुसार चल रहे हैं और गरीबों और वंचितों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्ष में गरीबों, किसानों,



युवाओं और महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने की नीतियों पर काम कर रही है। श्री गोयल ने कहा कि काशी तमिल संगमम, सौराष्ट्र तमिल संगम विभिन्न राज्यों के लोगों को एक-दूसरे की समृद्ध संस्कृति और विरासत को समझने में मदद करने के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों में शामिल हैं। श्री गोयल ने कहा कि तमिलनाडु में विकसित भारत संकल्प यात्रा को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 3.5 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे, जन धन योजना के माध्यम से 1.5 करोड़ लोगों को बैंकिंग प्रणाली के तहत लाया गया है, एक करोड़ से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। इसी हर राज्य में घर जल के तहत पानी का कनेक्शन मिला, आयुष्मान भारत योजना के तहत 51 लाख लोगों का नामांकन हुआ है, जबकि उज्वला योजना से 40 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना, मुद्रा योजना, पीएम ग्राम सड़क योजना, जन औषधि केंद्र सहित 17 योजनाएं प्रधानमंत्री द्वारा दी गई गारंटी के साथ आ रही हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग केंद्र सरकार के कल्याण उपाय का हिस्सा बनने के पात्र हैं, उन्हें ये लाभ उनके दरवाजे पर मिलेंगे।

## पेज एक का शेष

### श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा...

आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों को नव्य, दिव्य,भव्य अयोध्या की महिमा से परिचय कराने प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड तैनात करें। इसमें स्थानीयता को वरीयता दें।

### 'रंगला पंजाब' बनाने...

बेचती थी। श्री मान ने कहा कि पछवाड़ा कोयला खदान से निकलने वाले कोयले का प्रयोग सरकारी पावर प्लांटों के लिए ही किया जा सकता है, जिस कारण इस पावर प्लांट की खरीद से इस कोयले का प्रयोग राज्य के हरेक सैक्टर के लिए बिजली पैदा करने के लिए किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अस्पतालों और स्कूलों में मुकम्मल तौर पर बदलाव देखने को मिल रहा है और आम आदमी की भलाई के लिए नए मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह फ़ैसले उन लोगों द्वारा ही लिए जा रहे हैं जो ज़मीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं से अवगत हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि रिवायती राजनीतिक पार्टियों ने राज्य को बर्बाद कर दिया है और अब वह निर्लज होकर नैतिकता की बातें कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के स्वरूप पंजाब में बड़ी औद्योगिक क्रांति देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों के दौरान टाटा स्टील और अन्य बड़ी कंपनियों ने राज्य में निवेश करने के लिए तैयारियाँ की हैं।उन्होंने कहा कि पंजाब को अग्रणी राज्य और 'रंगला पंजाब' बनाने की ओर उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के ठोस यत्नों के स्वरूप देश में निवेश के लिए पंजाब सबसे पसन्दीदा स्थान बनकर उभरा है। उनकी सरकार के दौरान पंजाब में अब तक 55,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ है, जिससे नौजवानों के लिए रोजग़ार के 2.95 लाख अवसर पैदा होंगे। राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक निवेश होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों का सरकारी नौकरियों का सफ़र जारी रहेगा और 18 जनवरी को 590 और नौजवानों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य नौजवानों को सामाजिक और आर्थिक तरक्की में बराबर हिस्सेदार बनाना है। राज्य की झाँकी के बारे में राज्याध्यक्ष द्वारा टिप्पणी पर तंज़ कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनील जाखड़ जैसे गुमराह करने वाले नेता राज्य की तरक्की के रास्ते का रोड़ा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने हमारे राज्य की दो पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया है, जिस कारण यह नेता बीते साल एक नवंबर को बहस में नहीं पहुँचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की झाँकी को रद्द कर शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरू, शहीद सुखदेव, लाला लाजपत राय, शहीद उधम सिंह, शहीद करतार सिंह सराभा, माई भागो, गदरी बाबों जैसे महान शहीदों का निरादर किया है।

### ईडी ने राबड़ी देवी...

कथित घोटाला तब हुआ जब श्री लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-1 कैबिनेट में रेल मंत्री थे। श्री यादव पर 2004-2009 के बीच भारतीय रेल के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रुप-डी पदों पर उम्मीदवारों या उनके रिश्तेदारों से उपहार के रूप में या सस्ती दरों पर जमीन के भूखंडों के बदले नौकरी देने का आरोप है। इस मामले की जांच दो साल पहले शुरू हुई थी लेकिन मामला पिछले साल दर्ज किया गया।

### महिला सीईओ...

मामला गड़बड़ है। सूचना ने गोवा में होटल से जब चेक-आउट किया, तो उसने स्टाफ से कहा कि वह बेंगलुरु जाना चाहती है, उसके लिए टैक्सी बुक कर दी जाए। इस पर स्टाफ ने सलाह दी कि टैक्सी का किराया बहुत ज़्यादा हो जाएगा। वह फ्लाइट से जा सकती है। हालांकि सूचना अड़ी रही कि वह कैब से ही जाएगी। इस पर एक कैब बुक कर दी गई। जब आरोपी महिला की दी जानकारी ग़लत निकली और पुलिस का शक पक्का हो गया, तो उसने कैब ड्राइवर से संपर्क किया। गोवा के कैलंगुट थाने के इंस्पेक्टर परेश नाइक ने हमारे सहयोगी टीओआई को बताया कि होटल स्टाफ ने आरोपी के लिए एक स्थानीय टैक्सी की व्यवस्था की थी। इंस्पेक्टर नाइक ने टैक्सी ड्राइवर को फोन कर कोंकणी में बात की, ताकि सूचना को किसी तरह का संदेह न होने पाए। इंस्पेक्टर ने ड्राइवर से कहा कि वह महिला को किसी तरह का संदेह हुए बिना पास के पुलिस थाने में चला जाए। तब तक टैक्सी चित्रदुर्ग ज़िले में प्रवेश कर चुकी थी। ड्राइवर ने टैक्सी ऐमंगला पुलिस थाने में ले जाकर खड़ी कर दी। वहां जब पुलिस ने सूचना के बैग की तलाशी ली, तो संदेह सही साबित हुआ। बैग में बच्चे का शव था। सूचना बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी की सीईओ है। उम्र है 39 साल। एक महिला सीईओ ने अपने चार साल के बच्चे की हत्या कर दी, लेकिन क्यों? इस सवाल का जवाब अभी तक नहीं मिल सका है। अंदाज़ा यही लगाया जा रहा है कि मामला पारिवारिक विवाद का है। पति से झगड़े की वजह से महिला ने यह क़दम उठाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूचना की शादी साल 2010 में वेंकट रमन से हुई थी। 2019 में बेटे का जन्म हुआ, लेकिन इसके बाद पति-पत्नी में विवाद शुरू हो गया। आखिर में दोनों ने तलाक ले लिया। कोर्ट का आदेश था कि पति हर रविवार को अपने बच्चे से मिल सकता है, लेकिन सूचना को यह बात पसंद नहीं थी। वेंकट इस समय जकार्ता में हैं। पुलिस ने उनको घटना की जानकारी दे दी है। सूचना सेठ के बारे में जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि वह काफी तेज़-तर्रार है। उसने 'द माइंडफुल एआई लैब' की स्थापना की थी। यह कंपनी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में काम करती है। 2021 के लिए एआई एथिक्स में टॉप 100 ब्रिलियंट महिलाओं में सूचना सेठ का भी नाम था। वह बर्कमैन क्लेन सेंटर में बतौर असिस्टेंट दो साल काम कर चुकी है। माइंडफुल एआई लैब की स्थापना से पहले बेंगलुरु में बूमरैंग कॉमर्स में सीनियर डेटा साइंटिस्ट थी।

### द्रौपदी मुर्मू ने शमी...

उन्होंने पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में सात मैच में 24 विकेट चटकाए थे और भारत को फाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी ने सोमवार रात को खेल मंत्रालय द्वारा इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं के लिए आयोजित समारोह के दौरान कहा, ''मेरा लक्ष्य जहां तक संभव हो खुद को फिट रखना है क्योंकि अगले दो टूर्नामेंट और श्रृंखलाएं बड़ी हैं। मैं फिटनेस पर ध्यान दूंगा। हाल में शतरंज ग्रैंडमास्टर बनीं आर वैशाली को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह स्टार ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन हैं। कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली वैशाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी हैं। युवा स्टार पिस्टल निशानेबाज 19 वर्षीय ईशा सिंह भी जकार्ता में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में हिस्सा लेने के कारण समारोह के लिए नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए अन्य दिग्गज खिलाड़ियों में पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और पिछले साल सीनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान अंतिम पंघाल, पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन और पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल थे। हांगझोउ एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल के फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ स्थिति के कारण दोनों हाथ नहीं हैं और वह दोनों हाथों के बिना तीरंदाजी करने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं। इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में शतरंज कोच आरबी रमेश भी शामिल हैं जिन्होंने प्रज्ञानानंदा को तैयार किया है। खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है।

### रामनगरी में टूटेगा...

वह फिलहाल सऊरी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था, जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा। वर्ष 2023 में दीपावली के वक्त सरयू घाटों पर दीपोत्सव में अवध विश्वविद्यालय के 25000 वॉलेंटियरों ने मिलकर 22.23 लाख दीपक जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई थी।

# डीआरडीओ ने सशस्त्र बलों के लिए बनाई 7.62x51 मिमी. की असॉल्ट राइफल 'उग्रम'

■ चार किलोग्राम से कम वजन वाली असॉल्ट राइफल आधा किमी. तक कर सकती है फायर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए 7.62ब51 मिमी. कैलिबर की स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' लॉन्च कर दी है, जिसकी प्रभावी रेंज 500 मीटर और इसका वजन चार किलोग्राम से कम है। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। इन असॉल्ट राइफल को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस इकाइयों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। डीआरडीओ की पुणे स्थित लैब आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एआरडीई) ने हैदराबाद की द्विपा आर्मर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 7.62 ब 51 मिमी. कैलिबर की एक अत्याधुनिक असॉल्ट राइफल विकसित की है। राइफल की प्रभावी रेंज 500 मीटर और इसका वजन चार किलोग्राम से कम है। राइफल का पहला ऑपरेशनल प्रोटोटाइप नाम 'उग्रम' दिया गया है, जिसका अर्थ है क्रूर। इस असॉल्ट राइफल का अनावरण सोमवार को पुणे में डीआरडीओ के आर्मामेंट और कॉम्बैट इंजीनियरिंग सिस्टम के महानिदेशक डॉ. शैलेन्द्र वी गाडे के हाथों किया गया। इस परियोजना पर काम करने वाले एआरडीई के वैज्ञानिकों ने बताया कि राइफल को भारतीय सेना के जनरल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (जीएसक्यूआर) के आधार पर डिजाइन किया गया है। राइफल में 20 राउंड मैगजीन होती हैं और यह सिंगल और फुल ऑटो दोनों मोड में फायर करती है। इससे पहले दिसंबर में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए 7.62 ब 51 मिमी. कैलिबर की 70 हजार यूएस-निर्मित सिग सॉयर असॉल्ट राइफल की खरीद को मंजूरी दी थी। इससे पहले 2020 की शुरुआत में 800 करोड़ रुपये से अधिक कीमत पर 72 हजार अमेरिकी सिग सॉयर असॉल्ट राइफलें खरीदी गईं थी। एआरडीई के निदेशक अंकथी राजू ने बताया कि यह दो साल पहले शुरू किया गया एक मिशन मोड प्रोजेक्ट था। राइफल की डिजाइन तैयार करने के बाद इसके विकास और निर्माण के लिए एक निजी उद्योग भागीदार की तलाश शुरू की।

# देवेंद्र शास्त्री राष्ट्रवादी राजनीति के प्रमुख थे : महेंद्र भट्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड की राजनीति को दशा दिशा देने वाले विशेषकर राष्ट्रवादी राजनीति को आगे बढ़ाने का काम जिन विशिष्टजनों ने किया है, उनमें देवेंद्र शास्त्री का नाम सबसे पहले लिया जा सकता है।

देवेंद्र शास्त्री ने भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक को आगे बढ़ाने का काम किया है। उनकी 14वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजन हुआ।कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक मुकेश कोली ने किया। इसमें डॉ. शास्त्री के दो पुत्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री दायित्वधारी विनोद उनियाल के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने शास्त्री को राष्ट्रवादी राजनीति का पुरोधा बताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखंड में राष्ट्रवादी राजनीति को जन्म दिया है। इससे पहले यह क्षेत्र वामपंथियों तथा कांग्रेसियों का गढ़ माना जाता था, लेकिन देवेंद्र शास्त्री ने इन दोनों राजनीतिक दलों को हाशिये पर धकेल दिया। उन्होंने कहा कि देवेंद्र शास्त्री जैसे महापुरुष ही क्रांति के वाहक बनते हैं। भाजपा नेता प्रकाश सुमन ध्यानी ने उनके शेखूपुरा पाकिस्तान के प्रचारक जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद शास्त्री जी देहरादून आए और उन्होंने जनसंघ की स्थापना की। भाऊवाला में 7 किलोमीटर लंबी नहर श्रमदान के माध्यम से बनवाई, जिसका लोकार्पण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया। डॉ. देवेंद्र भसीन ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़कर उन्होंने राजनीति को सुधारने का जो बीड़ा उठाया उसका प्रमाण यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ भारतीय जनसंघ और शिशु मंदिर, विद्या मंदिर की स्थापना है। अधिवक्ता भरत सिंह नेगी ने देवेंद्र शास्त्री के टिहरी राजा के विरुद्ध चुनाव लड़ने और ईमानदारी से कार्य करने की स्थितियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनसे हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। सुभाष बड़थ्वाल ने काव्यमयी पंक्तियों के माध्यम से कहा कि ऐसे नेता बिरले होते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## अंकिता भंडारी हत्याकांड : कांग्रेस ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**देहरादून।** अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिन्न बोतल में जाने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस ने एक बार फिर वीआईपी की पहचान का मुद्दा उठाया है। मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन करने के साथ कांग्रेसजनों ने जेसीबी चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जसविन्दर सिंह गोगी ने कहा कि प्रदेश सरकार मामले में दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। रिसॉर्ट पर जेसीबी चलाने का आदेश देने वाली विधायक रेणु बिष्ट और एसडीएम प्रमोद कुमार पर कार्रवाई की मांग की गई है। कांग्रेस का कहना है कि मुख्य आरोपित भाजपा नेता या उसके परिजन हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत ने कहा कि भाजपा लोगों की धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल कर चुनाव जीतती है और अगले पांच साल निरंकुश राज करती है। फिर से जब चुनाव आते हैं तो धार्मिक मुद्दे छेड़ कर लोगों में घृणा और द्वेष पैदा कर के राजनीतिक रोटियां सेकती है। इस आड़ में अंकिता को न्याय, भू कानून जैसे अहम मुद्दे गौण हो जाते हैं। अब लोग भाजपा का असली चरित्र समझ चुके हैं और भाजपा की ये काठ की हांडी बार बार चढ़ने वाली नही है।कांग्रेस इस मुद्दे को उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल ,महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ये श्रीमती उर्मिला थापा ,मंजू त्रिपाठी,जगदीश धीमान ,अनूप कपूर,अभिषेक तिवारी ,सलमान ,वीरेंद्र पवार ,भूपेंद्र नेगी , अनिल शर्मा ,वकार अहमद ,मोहम्मद दानिश ,मुस्लिम अंसारी ,मोहम्मद इस्लाम ,मोहम्मद वसीम, गोपाल दास ,चुन्नीलाल ,मुंशी राम ,नवीन कुमार आदि शामिल थे।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारम्भ

**ऋषिकेश।** हरिचंद गुप्ता आदर्श इंटर कॉलेज ऋषिकेश की छात्राओं का राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश में शुभारंभ किया गया। मंगलवार को शिविर में मुख्य अतिथि मनीष शर्मा और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एम.एल. कपरूवाण बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश एवं मनोज कुमार गुप्ता नगर समन्वय ऋषिकेश आईडीपीएल इंटर कॉलेज विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।इस दौरान छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के नगर समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता ने एन.एस.एस.की थीम नशा मुक्ति उत्तराखंड, मतदाता जागरूकता ,जन धन योजना के लाभ हेतु प्रत्येक नागरिक का बैंक खाता होना अनिवार्य हो छात्राओं को बताया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और विद्यालय की प्रधानाचार्य जी ने कार्यक्रम के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता उर्मिला रांगड एवं इंदू काला उपस्थित रहे बौद्धिक क्षेत्र में डॉक्टर सीमा सक्सेना ने छात्राओं को तनाव एवं प्रबंधन का स्वास्थ्य पर प्रभाव के विषय में चर्चा की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम रानी शर्मा ने योग व प्राणायाम पर व्याख्यान दिया। डॉक्टर बलोदी जी ने छात्राओं को आयुर्वेद के विषय में बताया। सभी छात्राओं ने लक्ष्य गीत गाया।कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी ममता गुप्ता, अध्यापिका विनीता एवं मंजू गिरी उपस्थित रहे।

## तमंचे और कारतूस के साथ एक धर दबोचा

**हरिद्वार।** अपराधों पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। जनपद के झबरेड़ा थाना पुलिस ने क्षेत्र के खजूरी तिराहे पर सघन ेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने खजूरी तिराहे से एक आरोपित को शक होने पर रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपित 2023 में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपित का नाम अनुज पुत्र स्व. बबलू निवासी ग्राम बहेड़की सैदाबाद झबरेड़ा हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

## सुरेश शास्त्री को किया जिला बदर

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) के आदेश पर सुरेश शास्त्री उर्फ बिट्टू पुत्र मनोज निवासी रामघाट बड़ी सब्जी मंडी कोतवाली हरिद्वार को 30 दिवस के लिए जिला बदर के आदेश दिए। आदेश के अनुपालन में गुण्डा एक्ट के आरोपित सुरेश शास्त्री को जिला हरिद्वार की सीमा से बाहर कर जिला देहरादून में रवाना किया। आरोपित को हिदायत दी गयी है कि उक्त समयावधि के अन्दर जिला हरिद्वार में प्रवेश नहीं करेगा।

## चीला रेंज में हुए हादसे में मृत अधिकारी, कर्मचारियों को हुआ अंतिम संस्कार

**हरिद्वार।** बीती शाम को पौड़ी जिला स्थित राजाजी पार्क की चीला रेंज में ऋषिकेश के समीप हुए हादसे में वन विभाग के मृत चार में से तीन अधिकारियों और कर्मचारियों के शव आज हरिद्वार लाए गए जबकि एक मुस्लिम कर्मी के शव को उसके परिजन कोटद्वार ले गए हैं। इन मृतकों में 42 वर्षीय शैलेश घिल्डियाल (रेंजर चीला रेंज), 43 वर्षीय प्रमोद ध्यानी (डिप्टी रेंजर चीला रेंज) और 35 वर्षीय कुलराज सिंह (अक्षा ग्रुप दिल्ली) के शवों को मंगलवार को हरिद्वार के खड़खड़ी श्मशान घाट लाया गया,जहां पर पूरे विधि विधान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई जबकि 25 वर्षीय सैफ अली सैफ अली खान पुत्र खलील निवासी चीला कॉलोनी (वन कर्मचारी) के शव को उसके परिजन अपने साथ कोटद्वार ले गए हैं। इस मौके पर वन व पुलिस प्रशासन के अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वन विभाग अपने चार कर्मचारियों की मौत से पूरा महकमा सदमे में है। उधर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुखद हादसा है। जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

## दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने पड़ोस में रहने वाली नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के लक्ष्मण सिंह बिष्ट ने बताया कि 8 जनवरी को पीड़िता की मां ने कोतवाली ऋषिकेश में दी गई एक लिखित तहरीर में कहा था कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ उनके पड़ोस में रहने वाले दिनेश ने अश्लील व गंदी हरकत की। मामले की गंभीरता की दृष्टिगत ऋषिकेश पुलिस ने मंगलवार को घटना से संबंधित अभियुक्त को वीरपुर खुर्द विस्थापित ऋषिकेश से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम दिनेश सिंह बिष्ट पुत्र स्वर्गीय रतन सिंह बिष्ट निवासी गली नंबर 01 वीरपुर खुर्द विस्थापित ऋषिकेश स्थाई पता ग्राम भंसारी पोस्ट व थाना गुप्तकाशी रुद्रप्रयाग बताया गया है।

# कृषि मंत्री ने इन्टरनेशनल कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में जनवरी माह में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीडा) भारत सरकार की ओर से आयोजित होने वाले ''इन्टरनेशनल कॉन्क्लेव कम बॉयर सेलर मीट'' कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक की।

इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को कार्यक्रम से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को 12 जनवरी को देहरादून में एपीडा की ओर से आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव की रूपरेखा और सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग और आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उत्तराखंड के विभिन्न स्थानीय उत्पाद को निर्यात और प्रोत्साहित करने और उत्पादकों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार से संपर्क बढ़ाने के उद्देश्य देहरादून में अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय खरीदार कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। यह कॉन्क्लेव सहभागियों के बीच व्यापार और नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। कॉन्क्लेव में टेक्निकल सेशन, विक्रेता और क्रेता के संवाद तथा कृषि, उद्यान,जैविक बोर्ड,कैप तथा अन्य विभागों के स्टाल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में कृषक, एफपीओ काश्तकार, कृषि वैज्ञानिक भी उपस्थित रहेंगे। सत्र में मोटे अनाजों और इसके मूल्य वर्धित उत्पादों प्रसंस्करण पैकेजिंग और निर्यात क्षमता के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान चर्चा की जाएगी। मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में कई ऐसे एफपीओ हैं जो अच्छा कार्य कर रहे हैं। उनको विशेषकर आमंत्रित किया जाए। एपीडा भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाले कार्यशाला के माध्यम से निश्चित तौर पर प्रदेश के कृषकों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सचिव कृषि विनोद कुमार सुमन, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान, निदेशक के.सी.पाठक, विनय कुमार, एपीडा डॉ. सी.पी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकारी नौकरी सिर्फ परिवार चलाने का साधन नहीं बल्कि देश सेवा का भी अवसर: सक्सेना

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि सरकारी नौकरी सिर्फ परिवार चलाने का साधन नहीं बल्कि देश सेवा का भी अवसर है। श्री सक्सेना ने मंगलवार को यहाँ दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के लिए चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए आयोजित समारोह में कहा कि पिछले एक साल में यह चौथा अवसर है, जब दिल्ली के विभिन्न विभागों में लोगों को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्थायी नौकरी मिलना भी एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष लाखों युवा सरकारी नौकरी पाने के लिए खूब मेहनत करते हैं लेकिन उनमें से कुछ लोग ही ऐसे भाग्यशाली होते हैं, जिनका नौकरी के लिए चयन होता है। उपराज्यपाल ने कहा कि कोई पद छोटा और बड़ा नहीं होता जो व्यक्ति जिस पद पर बैठा है, वही उसको चला रहा है इसलिए हर पद पर बैठे व्यक्ति की अपनी भूमिका है।

# प्लांट में रखे गैस सिलेंडर से क्लोरीन गैस का रिसाव,स्थानीय को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

■ क्लोरीन गैस के सिलेंडरों से रिसाव की जांच की जा रही है : एसएसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राजधानी के उपनगर प्रेमनगर क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक प्लांट में रखे गैस सिलेंडरों से क्लोरीन गैस रिसाव से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड के कर्मियों की टीम ने सूचना मिलते ही तत्काल बचाव अभियान चलाया। प्लांट के आसपास रहने वाले लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एसएसपी देहरादून स्वयं मौके पर जाकर राहत और बचाव कार्यों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार भोर में थाना प्रेम नगर को सूचना मिली कि झाझरा क्षेत्र में स्थित एक प्लॉट में रखे गैस सिलेंडरों से क्लोरीन गैस का रिसाव हो रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रेमनगर से पुलिस बल और पुलिस स्टेशन देहरादून से फायर कर्मियों की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। घटना के संबंध में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को सूचित करते हुए मौके पर बुलाया गया। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह स्वयं मौके पर पहुंचते हुए का बचाव कार्यों का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। रेस्क्यू टीमों की ओर से मौके पर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ करते हुए आस-पास के क्षेत्र में स्थित घरों से लोगों को रेस्क्यू करते हुए सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। मौके से गैस सिलैंडरों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उक्त खाली प्लॉट में गैस सिलेंडरों को किन कारणों से रखा गया था, इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है।

# हरिद्वार में हरियाणा के युवक से की थी लूट, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित चमगादड़ टापू पर हरियाणा के यात्रियों के साथ लूट के एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। बीती 28 दिसम्बर 23 को संदीप कुमार पुत्र नकलीराम निवासी गली नं. 4 राजनगर, थाना मांडल टाउन जिला पानीपत हरियाणा ने चमगादड़ टापू में हुई लूट के सम्बन्ध में 30 दिसम्बर को मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए टीम का गठन किया। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए, किन्तु कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपित को चमगादड़ टापू कबाड़ी की दुकान के पास से गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, 01 कारतूस व कोतवाली लक्सर में दर्ज मुकदमे के चोरी माल में से हिस्से में आये दो हजार रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि आरोपित ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चमगादड़ टापू में एक कार चालक को लूटा था और लक्सर में पेट्रोल पम्प से चोरी की थी।

## अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन कल हरिद्वार में

हरिद्वार। हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा एवं संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने के लिए 10 जनवरी को दोपहर 2 बजे विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर तीर्थ नगरी हरिद्वार के ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज के ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल ने दी। वैश्विक हिन्दी परिवार, हिमालय विश्वविद्यालय, एसएमजेन पीजी कॉलेज और हिमालय विरासत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में एक दर्जन से अधिक देशों के प्रख्यात हिंदी लेखकों के साथ देश के अनेकों लेखन एवं हिंदी प्रेमीजन इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक की पहल और अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा और संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने के लिए संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात ऋषिकुल से हरकी पौड़ी तक संकल्प यात्रा निकाली जाएगी।

# चीला रेंज के हादसे में लापता वार्डन अधिकारी की खोज में एसडीआरएफ चला रही सर्च अभियान

■ शक्ति नहर का पानी किया गया बंद, उत्तराखंड के वन कर्मियों ने किया शोक व्यक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। पौड़ी जिले के राजाजी नेशनल पार्क अंतर्गत ऋषिकेश योग नगरी से कुछ दूरी पर चीला रेंज में सोमवार की शाम को वन विभाग की जीप हादसे में लापता लोगों की तलाश को पुलिस और एसडीआरएफ की टीम आज फिर से शक्ति नहर में रेस्क्यू अभियान चला रही हैं। प्रदेश के वन कर्मियों ने शोक व्यक्त किया है। सोमवार की शाम राजाजी नेशनल पार्क अंतर्गत चीला रेंज से ऋषिकेश योग नगरी की ओर आते समय योग नगरी से कुछ दूरी पर चीला शक्ति नहर के किनारे वन विभाग के कर्मचारियों की जीप का टायर फट जाने के बाद उनकी गाड़ी पेड़ से टकरा गयी थी, जिसमें चार कर्मियों की मौत हो गयी थी और पांच लोग घायल हो गए थे जबकि एक महिला वार्डन लापता हैं, लेकिन अभी तक लापता जीव प्रतिपालक का कोई सुराग नहीं लग सका है। कोहरा और अधिक ठंड होने के कारण नहर में लापता जीव प्रतिपालक की खोजबीन करना मुश्किल हो रहा था। हालांकि नहर में पानी भी कम करा दिया गया है। मंगलवार की सुबह से एसडीआरएफ टीम दोबारा घटनास्थल पर पहुंचकर लापता लोगों की खोजबीन के लिए संभावित स्थानों पर गहन सर्च ऑपरेशन चला रही है। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि एम्स में कुल नौ लोगों को पहुंचाया गया था, जिनमें से अस्पताल पहुंचने से पहले ही 4 लोगों की मौत हो गयी थी। घायलों में अमित सेमवाल और अश्विन बीजू की हालत नाजुक बनी हुई है। परिवार जन एम्स पहुंचकर अपने परिजनों का हाल-चाल जान रहे हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वन मंत्री सुबोध उनियाल ने पूरी घटना के बारे में जानकारी ली। नहर में लापता जीव प्रतिपालक की खोजबीन जल्द किए जाने और एम्स में भर्ती सभी घायलों को अच्छे से अच्छा उपचार दिए जाने के लिए कहा गया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय     कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063